kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-94 ❒ सोमवार, 04 मई 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



यह पहल महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है और इसे हर घर तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का आह्वान किया।

सूर्य प्रताप शाही

गृहमंत्री अमित शाह, निर्मला सीतारमण एवं जेपी नड्डा से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने की मुलाकात 11

फर्जी निवेश ऐप से रिटायर्ड अफसर से 45 लाख की ठगी, बैंक अधिकारी समेत तीन गिरफ्तार 12

मुख्यमंत्री ने नव चयनित कनिष्ठ विश्लेषकों (औषधि) व दंत स्वास्थ्य विज्ञानियों को लखनऊ में नियुक्ति-पत्र वितरित किये

# 9 लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



❒ चयन की प्रक्रिया में भेदभाव और भ्रष्टाचार करके उप्र को बना दिया गया था बीमारू : मुख्यमंत्री योगी

❒ आयोग के चेयरमैन की डिग्री फर्जी थी, लेकिन वह सलेक्शन कर रहा था : योगी

❒ मुख्यमंत्री योगी के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर अभ्यर्थियों के खिले चेहरे, पारदर्शिता के लिए सरकार की सराहना की

❒ खाद्य सुरक्षा एवं औषधि में 357 और 252 दंत स्वास्थ्य विज्ञानियों को मिले नियुक्ति पत्र

लखनऊ। किसी नौजवान के सपने का चकनाचूर होना यह केवल उस युवा के साथ धोखा नहीं है बल्कि आने वाली पीढ़ी के भविष्य के साथ भी धोखा होता है और विकास को बाधित करता है। उत्तर प्रदेश जैसा राज्य वैसे ही बीमार नहीं हुआ इसको चयन की प्रक्रिया में भेदभाव करके बेईमानी और भ्रष्टाचार ने इस राज्य को बीमारू और अराजक प्रदेश बना दिया था। महीनों तक कर्फ्यू वाले प्रदेश के रूप में उत्तर प्रदेश में कोई भी व्यक्ति अपने आप को सुरक्षित नहीं महसूस करता था और चयन की प्रक्रिया में इतने भेदभाव होते थे कि न्यायालय को रोकना पड़ता है और हालात ऐसे थे कि अभी हमारे उपमुख्यमंत्री कह रहे थे की परीक्षा कोई और देता था और नियुक्ति पत्र कोई और प्राप्त करता था।

यह बातें रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी के लोकभवन सभागार में आयोजित नव चयनित कनिष्ठ विश्लेषकों (औषधि) व दंत स्वास्थ्य विज्ञानियों को नियुक्ति-पत्र वितरण कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने इस अवसर पर उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के लिए नव चयनित 357 कनिष्ठ विश्लेषकों (औषधि) तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के नव चयनित 252 दंत स्वास्थ्य विज्ञानियों को नियुक्ति पत्र दिये।

गोरखपुर सांसद के कार्यकाल की एक घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि एक बार कहीं जा रहा था 4-5 बजे का समय था, आगे हाईवे जाम था मैंने पूछा क्यों जाम है तो मुझे पुलिस के अधिकारी आए और बताया कि एक नौजवान ने सुसाइड कर लिया है। वह गांव जहां सुसाइड हुआ था वह मेरे संसदीय क्षेत्र का हिस्सा था तो मैं अपनी गाड़ी से उतरा मैंने कहा मैं जाकर लोगों से मिलता हूं। अधिकारियों ने मुझसे कहा कि लोगों में बड़ा आक्रोश है, आप मत जाइए, मैंने कहा भाई आक्रोश आज है तो मुझे आने वाले समय में वोट मांगने तो जाना ही है तब भी तो ये आक्रोश होगा। मैंने कहा मैं जाऊंगा, मुझे लोगों ने देखा वह शांत हुए। मैं बहुत भौचक्का देख करके मैं उस परिवार से मिला जिस परिवार के नौजवान ने आत्महत्या की थी। मैंने पूछा यह घटना कैसे घटित हुई। परिजनों ने कहा उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती में मेरिट में इसका नाम आया था, लेकिन इसको नियुक्ति पत्र नहीं दी गई और उसी से डिप्रेशन में आकर सुसाइड कर ली। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा चयन आयोग की भर्ती की प्रक्रिया के ● शेष पेज 11 पर

## 1.5 लाख से अधिक पदों पर होगी भर्ती

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक साल के अंदर राज्य के विभिन्न सरकारी विभागों में डेढ़ लाख से अधिक पदों पर भर्ती का ऐलान करते हुए रविवार को कहा कि अपने अब तक के नौ साल के कार्यकाल में नौ लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी दे चुकी उनकी सरकार ने सकुशल और पारदर्शी तरीके से देश में सर्वाधिक नियुक्तियां करने का रिकॉर्ड कायम किया है। मुख्यमंत्री ने नव चयनित कनिष्ठ विश्लेषकों (औषधि) एवं दंत स्वास्थ्य विज्ञानियों के 609 पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण के कार्यक्रम में कहा कि सरकार की स्पष्ट नीति और साफ नीयत की वजह से ही प्रदेश में पिछले नौ वर्षों के अंदर नौ लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी दी गयी है। उन्होंने ● शेष पेज 11 पर

# अखिलेश ने यूपी बोर्ड के मेधावी छात्र-छात्राओं को लेपटॉप भेंट कर किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



❒ गाइड और टीचर अच्छा हो, तो स्टूडेंट अपने आप सही रास्ते पर चलता और आग बढ़ता रहता है

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटॉप देकर सम्मानित किया। उन्होंने यूपी बोर्ड में 10वीं और 12वीं में अपने-अपने जिले में टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को उनके अग्रिम उज्जवल भविष्य की बधाई दी। अखिलेश यादव ने यहां पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि जब गाइड और टीचर अच्छा हो, तो स्टूडेंट अपने आप सही रास्ते पर रहेगा। आज जो बच्चे यहां आएं हैं, मैं उनको बधाई देना चाहता हूं कि उनकी मेहनत से, उनके परिश्रम से न केवल उनका सम्मान हो रहा है बल्कि उनके माता-पिता और परिवार का भी सम्मान बढ़ रहा है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि चीजें बदल रही है। किसी जमाने में केवल सड़कें होती थी और केवल लोग सड़क की मांग करते थे। लेकिन अब एक्सप्रेस वे बनने लगे हैं। बड़ी-बड़ी सड़कें बन रही हैं। इंटरनेट भी इन्फॉर्मेशन का हाईवे बन गया है और एआई के ● शेष पेज 11 पर

## केंद्र ने अंतरराष्ट्रीय सूर्य दिवस पर 'रन फॉर सन' मैराथन की आयोजित

❒ , अप्रैल में 2.7 लाख रूफटॉप सौर संयंत्र स्थापना का उत्सव

नई दिल्ली। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय सूर्य दिवस के अवसर पर रविवार को 'रन फॉर सन' मैराथन का आयोजन किया। इस दौरान अप्रैल में 2.7 लाख रूफटॉप सौर संयंत्र स्थापित करने की उपलब्धि का भी उत्सव मनाया गया। मंत्रालय के अनुसार, यहां मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित इस मैराथन में 2 किलोमीटर और 5 किलोमीटर की दौड़ का आयोजन किया गया, जिसमें सभी आयु वर्ग के लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर मंत्रालय के सचिव संतोष कुमार सारंगी ने कहा कि 'रन फॉर सन' केवल एक मैराथन नहीं, बल्कि सतत और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सामूहिक प्रयास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा के विस्तार के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा का लाभ प्रत्येक घर तक पहुंचाने पर सरकार का विशेष जोर है। मंत्रालय ने बताया कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत हासिल की गई है। इस योजना के अंतर्गत अब तक 30 लाख से अधिक रूफटॉप सौर संयंत्र लगाए जा चुके हैं, जिससे देशभर में 45 लाख से अधिक परिवार लाभान्वित हुए हैं। कार्यक्रम के दौरान ● शेष पेज 11 पर

## गुजरात भाजपा अध्यक्ष के कथित बयान पर राहुल-प्रियंका ने जताई आपत्ति

नई दिल्ली। गुजरात भाजपा अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा के बनासकांठा में एक सभा के दौरान कांग्रेस सांसद गेनीबेन ठाकोर पर दिए कथित बयान पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस ने इस टिप्पणी की निंदा करते हुए इसे महिलाओं के प्रति अपमानजनक बताया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने अपने फ़ेसबुक पोस्ट में कहा कि यह टिप्पणी न केवल शर्मनाक है बल्कि पार्टी की महिला-विरोधी सोच को भी दर्शाती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सम्मान की बात करने के बावजूद इस तरह की घटनाओं पर प्रधानमंत्री की चुप्पी चिंताजनक है। वहीं, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी इस कथित टिप्पणी की निंदा करते हुए इसे शर्मनाक और अपमानजनक ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### पश्चिमी बंगाल चुनाव नतीजे से पहले भाजपा कार्यकर्ता काशी में कर रहे पूजा पाठ- हवन

वाराणसी। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के परिणाम आने से पहले रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत की कामना को लेकर विशेष पूजा-अर्चना और हवन-पूजन का शुरू हो गया है। एग्जिट पोल के नतीजों को अपने पक्ष में देखकर भाजपा कार्यकर्ता पहले से ही उत्साहित हैं। कार्यकर्ताओं ने पार्टी की जीत के लिए काशी में कचहरी सर्किट हाउस के सामने शिवमंदिर परिसर में हवन पूजन किया। भारतीय जनता युवा मोर्चा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष इंद्रभूषण सिंह कुशवाहा के अगुवाई में हवन पूजन के बाद कार्यकर्ताओं ने कहा कि दीदी (ममता बनर्जी) के विदाई के बाद ही बंगाल की उन्नति होगी।

### पहलगाम हमले के बाद से बगलिहार बांध के सभी गेट बंद क्षेत्र में जल प्रबंधन पर असर

रामबन। रामबन जिले में चिनाब नदी पर बने बगलिहार बांध के सभी गेट सिंधु जल संधि के निलंबन के एक साल बाद भी बंद हैं। पहलगाम हमले के बाद से फाटकों के लगातार बंद रहने से क्षेत्र में जल प्रबंधन और जलविद्युत संचालन पर असर पड़ रहा है। बगलिहार जलविद्युत परियोजना चिनाब नदी पर एक प्रमुख बुनियादी ढांचा हमले के मद्देनजर निर्णय लिए जाने के बाद से कड़ी निगरानी में है।

जम्मू और कश्मीर के रामबन जिले में स्थित बगलिहार बांध चिनाब नदी पर जलविद्युत उत्पादन और जल विनियमन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके गेट बंद करने को संधि निलंबन से जुड़े व्यापक उपायों के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। शत्रुता की समाप्ति पर एक समझौते पर पहुंचने के बावजूद सिंधु जल संधि पर भारत सरकार की स्थिति अपरिवर्तित बनी हुई है। सिंधु प्रणाली में मुख्य सिंधु नदी, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलज शामिल हैं। बेसिन मुख्य रूप से भारत और पाकिस्तान द्वारा साझा किया जाता है, चीन और अफगानिस्तान के लिए एक छोटा सा हिस्सा है। 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच हस्ताक्षरित सिंधु जल संधि के तहत तीन नदियों अर्थात रावी, सतलज और ब्यास (पूर्वी नदियां) का औसत लगभग 33 मिलियन एकड़ फीट (एमएएफ) पानी भारत को विशेष उपयोग के लिए आवंटित किया गया था।

## दिल्ली का विवेक विहार लाक्षागृह में जलकर मरे 9 लोगों की हुई पहचान

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



❒ इनमें एक परिवार के पांच सदस्य शामिल

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के विवेक विहार फ़ेज-1 स्थित एक रिहायशी चारमंजिला इमारत में रविवार तड़के लगी आग में जान गंवाने वाले नौ लोगों की पहचान कर ली गई है। इस लाक्षागृह में एक ही परिवार के पांच सदस्य जिंदा जले हैं।

पुलिस के अनुसार, दूसरी मंजिल पर पीछे वाले फ्लैट से एक परिवार के पांच लोगों के शव मिले। मृतकों की पहचान अरविंद जैन (60), उनकी पत्नी अनीता जैन (58), बेटे निशांत जैन (35), बहू आंचल जैन (33) और डेढ़ वर्षीय पोता मास्टर आकाश जैन के रूप में हुई है। पहली मंजिल से शिखा जैन (45) का शव बरामद किया गया। तीसरी मंजिल से एक अन्य परिवार के तीन सदस्यों के शव मिले, जिनकी पहचान नितिन जैन (50), उनकी पत्नी शैली जैन (48) और बेटे सम्यक जैन (25) के रूप में हुई है। हादसे में झुलसे नवीन जैन (48)को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत ● शेष पेज 11 पर

### मुख्यमंत्री ने विवेक विहार अग्निकांड में 9 लोगों की मौत पर दुख जताया

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विवेक विहार अग्निकांड में 9 लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि इमरात में आग लगने से हुए हादसे में 9 लोगों की मौत से मन व्यथित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हादसे में घायल हुए लोगों का नजदीकी अस्पताल में उपचार चल रहा है, उनके ● शेष पेज 11 पर

## बहू को ताने देना छोड़ें, पोते-पोतियों को संस्कार दें: हर्ष संघवी

सूरत। सूरत शहर के सरसाना कन्वेंशन सेंटर में आयोजित भव्य 'वडील वंदना' कार्यक्रम में गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने बुजुर्गों को परिवार और नई पीढ़ी के संस्कारों को लेकर महत्वपूर्ण संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन किरण हॉस्पिटल द्वारा किया गया, जिसमें राज्य के स्वास्थ्य मंत्री प्रफुल्ल पानसेरिया भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर हजारों बुजुर्गों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि बुजुर्गों का अनुभव बहुत बड़ा होता है। उन्होंने बुजुर्गों से अपील की कि वे बहू को ताने देने के बजाय अपने पोते-पोतियों को समय और संस्कार दें। यदि बच्चे मोबाइल में व्यस्त हों तो उनकी उंगली पकड़कर उन्हें बाहर खेलने या मंदिर ले जाएं। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को मोबाइल के दुष्प्रभाव से बचाकर संस्कार देना बुजुर्गों की अहम जिम्मेदारी है। उपमुख्यमंत्री ने मोबाइल और टीवी को आज का बड़ा सामाजिक दुष्प्रभाव बताते हुए कहा कि अधिकांश घरों में यह समस्या मौजूद है। उन्होंने कहा कि इस समस्या को दूर करने में बुजुर्गों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है ।

# हॉर्मुज में भारत की बड़ी कामयाबी: अमेरिकी चक्रव्यूह तोड़ निकला सर्व शक्ति टैंकर

एजेंसी

### ईरान की मदद से पूरा किया खतरनाक सफर




नई दिल्ली। ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव और समुद्री नाकेबंदी के बीच भारत के लिए एक बड़ी राहत की खबर आई है। भारत से जुड़ा एलपीजी टैंकर Sarva Shakti सफलतापूर्वक होर्मुज को पार कर चुका है।यह जहाज करीब 45,000 टन एलपीजी (रसोई गैस) लेकर भारत की ओर बढ़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार यह टैंकर ईरान के Larak Island और Qeshm Island के पास से गुजरते हुए ओमान की खाड़ी में पहुंचा। इस जहाज पर 18 भारतीय चालक दल के सदस्य मौजूद हैं और यह विशाखापत्तनम के एक बड़े टर्मिनल की ओर जा रहा है।

खास बात यह है कि इसने ईरान द्वारा तय किए गए सुरक्षित मार्ग का पालन करते हुए यह मुश्किल सफर पूरा किया। यह यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिका की नाकेबंदी के बाद यह भारत से जुड़ा पहला टैंकर है जो इस संवेदनशील जलमार्ग से सफलतापूर्वक गुजर पाया है। इससे पहले यहां जहाजों की आवाजाही लगभग ठप हो गई थी। रिपोर्ट के अनुसार, इस कार्गो का खरीदार है, हालांकि कंपनी ने इस पर आधिकारिक बयान नहीं दिया है। भारत इस समय ऊर्जा संकट से जूझ रहा है। मिडिल ईस्ट से सप्लाई बाधित होने के कारण एलपीजी की कमी, लंबी कतारें और सीमित आपूर्ति की समस्या सामने आई है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और दूसरा सबसे बड़ा एलपीजी उपभोक्ता है, इसलिए यह पारगमन बेहद अहम माना जा रहा है। इससे पहले अप्रैल में हालात तब बिगड़ गए थे जब ईरान ने जहाजों पर फायरिंग की, जिससे कई टैंकरों को वापस लौटना पड़ा। हालांकि 'देश गरिमा' नाम का एक भारतीय जहाज ट्रांसपोंडर बंद करके निकलने में सफल रहा था। अब भारत ने ईरान के साथ बातचीत कर कई टैंकरों के सुरक्षित पारगमन की व्यवस्था की है। साथ ही देश में एलपीजी उत्पादन भी बढ़ाया गया है। पेट्रोलियम मंत्री के अनुसार, उत्पादन 60% बढ़ाकर 54,000 टन कर दिया गया है। हालांकि हॉर्मुज में अभी भी जहाजों की आवाजाही सामान्य नहीं हुई है और इलेक्ट्रॉनिक हस्तक्षेप के कारण कई जहाजों की लोकेशन ट्रैक करना मुश्किल हो रहा है।कुल मिलाकर, 'सर्व शक्ति' की यह यात्रा भारत के लिए न सिर्फ एक राहत है, बल्कि यह दिखाती है कि गंभीर वैश्विक संकट के बीच भी भारत अपनी ऊर्जा आपूर्ति को बनाए रखने के लिए सक्रिय कदम उठा रहा है।

# विधानसभा चुनाव : आज राज्य के 62 केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में होगी मतगणना, सभी तैयारियां पूरी

एजेंसी



चेन्नई। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव की सोमवार को होने वाली मतगणणा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतगणना के लिए राज्यभर में 62 केंद्र बनाए गए हैं। राज्य के सभी मतदान केंद्रों पर तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई। चुनाव परिणाम जानने के लिए न केवल तमिलनाडु बल्कि पूरा देश उत्सुकता से इंतजार कर रहा है।

तमिलनाडु की मुख्य निर्वाचन अधिकारी अर्चना पटनायक ने रविवार को एक बयान जारी कर बताया कि तमिलनाडु विधानसभा के लिए 23 अप्रैल को हुए चुनाव की मतगणना 4 मई को होगी। राज्य के 75,064 मतदान बूथों के वोटों और प्राप्त डाक मतपत्रों की गिनती के लिए बनाए गए 62 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में दर्ज वोटों की गिनती के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। डाक मतपत्र और इलेक्ट्रॉनिक रूप से भेजे गए डाक मतपत्रों (क्द्ध्र्ठप) की गिनती और ईवीएम के वोटों की गिनती के लिए कुल 3,324 टेबल लगाई गई हैं। डाक मतपत्रों की गिनती के लिए प्रत्येक 500 मतपत्रों पर एक मतगणना टेबल लगाई गई है। इसके लिए 1,135 अतिरिक्त सहायक निर्वाचन अधिकारियों को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि मतगणना का कार्य निर्वाचन अधिकारियों और सहायक निर्वाचन अधिकारियों की सहायता से किया जाएगा। मतगणना के लिए कुल 10,545 कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। साथ ही प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए 4,624 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मतगणना प्रक्रिया की निगरानी करने और चुनाव आयोग के निर्देशों का कड़ाई ● शेष पेज 11 पर

### बंगाल में चुनाव रिजल्ट से पहले टीएमसी को लगा बड़ा झटका 52 कार्यकर्ता हुए गिरफ्तार, एनआईए ने दिए जांच के आदेश

पश्चिम बंगाल। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद अब लोग मतगणना का इंतजार कर रहे है, इसी बीच मतगणना से पहले मालदा जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है। जिससे ट्ठख्र्ए को बडा झटका लगा। मोथाबाड़ी इलाके में न्यायिक अधिकारियों के कथित तौर पर उन्हें बंधक बनाए जाने के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (गत्र्ड्ढ) ने ट्ठख्र्ए के नेताओं को पूछताछ के लिए 3 मई 2026 को कालियाचक थाने में बुलाया है। सूत्रों के अनुसार, सुजापुर विधानसभा सीट से ट्ठख्र्ए उम्मीदवार सबीना यास्मिन के चुनाव एजेंट अब्दुल रहमान को भी नोटिस भेजा गया है।

क्या है पूरा मामला?- यह मामला पिछले महीने का है, जब मतदाता सूची के ट्ठत्र्ट के तहत सत्यापन का काम कर रहे न्यायिक अधिकारी को मोथाबाड़ी में कुछ लोगों द्वारा उन्हे घेर लिया और लगभग 9 घंटे तक बंधक बनाए रखा और उनके साथ दसलूकी भी की। जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए थे, उन्हीं में से कुछ लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया। राज्य पुलिस की सीआईडी ने इस घटना के मास्टरमाइंड मोफक्करुल इस्लाम को गिरफ्तार किया था जिसके बाद घटना की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर चुनाव आयोग ने जांच की जिम्मेदारी गत्र्ड्ढ को दी है।

52 लोगों को गिरफ्तारी- अब तक इस घटना से संबंधित 52 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। कुछ आरोपी NIA की हिरासत में हैं, जबकि कुछ न्यायिक हिरासत में हैं। जांच में जुटे अधिकारियों के अनुसार घटना से सबंधित सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि इसी सिलसिले में TMC नेताओं से पूछताछ की जा रही है।

## मप्र के बरगी क्रूज हादसे में आखिरी शव भी मिला, मृतकों की संख्या बढ़कर 13 हुई

एजेंसी



जबलपुर। मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में नर्मदा नदी पर बने बरगी बांध में हुए क्रूज हादसे के बाद से चल रहे राहत एवं बचाव कार्य के बीच रविवार को एक और लापता व्यक्ति का शव भी बरामद कर लिया गया। इसके बाद हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। बरगी सिटी सीएसपी अंजुल अयंक मिश्रा ने बताया कि जबलपुर के बरगी क्रूज हादसे में रविवार सुबह 9.40 बजे कामराज आर. का शव निकाला गया। इससे पहले सुबह करीब 6 बजे उनके 8 साल के भतीजे मयूरन की शव मिला था। वह त्रिची (तमिलनाडु) से आया था। हादसे में अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है। हादसे के पहले दिन 30 अप्रैल को 4 शव, दूसरे दिन 5, तीसरे दिन 2 और रविवार को चौथे दिन दो शव मिले। मृतकों में चार बच्चे और आठ महिलाएं शामिल हैं। सीएसपी अंजुल अयंक मिश्रा ने बताया कि एहतियात के तौर पर आज दिनभर सर्चिंग अभियान चलाया जाएगा। गौरतलब है कि बाते गुरुवार (30 अप्रैल) को शाम तेज आंधी-तूफान के चलते मप्र टूरिज्म का पर्यटकों से भरा क्रूज बरगी डैम में डूब गया था। क्रूज में करीब 47 पर्यटक सवार थे। जानकारी मिलते ही पुलिस और जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की मदद से शुरुआत दो दिनों में तक चले राहत एवं बचाव अभियान के दौरान 29 लोगों को बचा लिया गया था। कुछेक पर्यटक तैरकर भी किनारे आ गए थे। इस दौरान नौ लोगों के शव बरामद हुए थे। इसके बाद शनिवार (2 मई) शाम 6 बजे दो बच्चों के शव मिले थे। भारी बारिश और आंधी तूफान की वजह से शनिवार को राहत एवं बचाव कार्य रोक दिया गया था। एनडीआरएफ-एसडीआरएफ के साथ सेना के जवानों ने रविवार सुबह पुनः सर्चिंग शुरू की। इस दौरान ● शेष पेज 11 पर

# विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की पहल:जनसुनवाई से जनसेवा तक

❒ 166वें 'आपका विधायक आपके द्वार' शिविर में स्वास्थ्य, शिक्षा और युवाओं पर विशेष फोकस

❒ विश्वास का आधार बनता जनसेवा अभियान, हर समस्या के समाधान के लिए प्रतिबद्ध प्रयास - डॉ राजेश्वर सिंह

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। जनसेवा को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से सरोजनीनगर के मजरा गंगाखेड़ा खेड़ा, ग्राम पंचायत बरकताबाद (मंडल खुशालगंज) में साप्ताहिक 'आपका विधायक आपके द्वार' शिविर का सफल आयोजन किया गया।

विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित यह शिविर जनसमस्याओं के समाधान, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, युवा सशक्तिकरण और सामाजिक सहयोग का प्रभावी माध्यम बना।शिविर के दौरान स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, सुझावों और आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना गया। इस पहल का उद्देश्य केवल शिकायतें एकत्र करना नहीं, बल्कि हर समस्या का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है।

शिविर में विभिन्न विकास कार्यों–रोड एवं नाली निर्माण (3), आवास योजना (4), राहत आपदा (3), स्कूल सौंदर्यीकरण, मंदिर जीर्णोद्धार, विधवा पेंशन, साइकिल वितरण, विद्यालय उच्चीकरण एवं नाला निर्माण–से संबंधित कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए, जिन्हें शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया।स्वास्थ्य सेवाओं के अंतर्गत आयोजित नेत्र जांच शिविर में 66 वरिष्ठ नागरिकों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 40 लोगों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। इस पहल ने ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच को और अधिक सुदृढ़ किया है।शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं–साक्षी रावत (10वीं, 71.3%), अंशू (12वीं, 51.2%), देवांश तिवारी (12वीं, 73.3%) एवं रिशी कुमार (10वीं, 62.7%)–को साइकिल, घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे युवाओं में प्रतिस्पर्धा और आगे बढ़ने की प्रेरणा को बल मिला।युवा सशक्तिकरण की दिशा में 116वें गर्ल्स यूथ क्लब एवं 180वें बॉयज यूथ क्लब का गठन किया गया।

इन क्लबों के माध्यम से युवाओं को संगठित कर उनमें नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और टीम भावना विकसित करने का प्रयास किया गया।इस अवसर पर सेक्टर संयोजक नीरज, प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र रावत, महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रियंका सिंह, पूर्व प्रधान दिनेश सिंह, उमाशंकर तिवारी, सुरेश रावत, मधु सिंह, गुड़िया सिंह, राम रानी, सुधा देवी, गीता देवी, केतकी, विमला देवी, ज्ञानमती, रामदुलारी, देवांश तिवारी, तृप्ति तिवारी, रूबी तथा मोहम्मद सलीम सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# युवा संसद में गूंजी मीरजापुर की आवाज, विधानसभा में चमके जिले के युवा



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश के मीरजापुर जिले के युवाओं ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए युवा संसद में मीरजापुर की आवाज बुलंद की। जी.डी. बिनानी पीजी कॉलेज में आयोजित जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 में चयनित पांच प्रतिभागियों में से तीन युवाओं ने लखनऊ विधानसभा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में शानदार प्रदर्शन किया।आन्या कशेरा, संगीता यादव और आदित्य तिवारी ने 1 से 3 मई तक चलने वाले कार्यक्रम में भाग लेते हुए 2 मई को विधानसभा में संघीय बजट 2026 और 'विकसित भारत 2047' के विषय पर अपने विचार प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए। युवाओं ने बजट को नवाचार, स्टार्टअप और युवा सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण बताया।इन प्रतिभागियों ने न सिर्फ अपनी बात मजबूती से रखी, बल्कि मीरजापुर का नाम भी रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय में खुशी का माहौल है।प्राचार्य प्रो. अशोक कुमार सिंह सहित अन्य शिक्षकों और अधिकारियों ने रविवार को तीनों युवाओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## घर में मिले पति-पत्नी के शव, जांच में जुटी पुलिस

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में कौंधियारा थाना क्षेत्र के गढ़वा कला गांव में रविवार को उनके ही घर में पति-पत्नी के शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने दोनों शवों की जांच पड़ताल के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव ने बताया कि कौंधियारा थाना क्षेत्र के गढ़वा कला(ठंड विलार) गांव निवासी अनिल तिवारी (37) पुत्र तीर्थराज तिवारी और उसकी पत्नी पूर्णिमा तिवारी (34) का शव रविवार को घर के अन्दर मिले हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।पुलिस कहना है कि परिवार के लोगों ने बताया कि रविवार को जब दोनों घर नहीं निकले तो रोशनदान से देखा गया तो अनिल तिवारी का शव फंदे से लटका पाया गया। जबकि उसकी पत्नी पूर्णिमा तिवारी बिस्तर पर दिखाई दी। यह देखते ही रोशन दान तोड़कर अंदर गए और तो दोनों मृत मिले। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। पुलिस ने दोनों का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डीसीपी यमुनानगर ने बताया कि दोनों की मौत का स्पष्ट कारण जानने के लिए पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिवार के लोगों ने बताया कि अनिल तिवारी के दो बेटियां और एक बेटा है।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में आप का प्रदेशभर में प्रदर्शन, गोरखपुर में सौंपा ज्ञापन

**गोरखपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर व्यवस्था के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने प्रदेशभर में जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिला विद्युत उपकेन्द्रों पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।गोरखपुर में जिलाध्यक्ष विजय कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में स्मार्ट मीटर को ल्डिजिटल लूटङ्क बताते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर व्यवस्था से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी हो रही है—रिचार्ज के बाद भी घंटों बिजली नहीं मिलती और बिलों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हो रही है।उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये की इस योजना में पारदर्शिता की कमी है और बड़े घोटाले की आशंका है। साथ ही, किसानों पर लगाए जा 4क्वस्मार्ट मीटर से भी बिजली बिल बढ़ने और नेटवर्क समस्या के कारण सिंचाई प्रभावित हो रही है।आप ने मांग की कि स्मार्ट मीटर योजना पर तत्काल रोक लगाई जाए, निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई हो और प्रभावित उपभोक्ताओं को मुआवजा दिया जाए। पार्टी ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।प्रदर्शन में आशीष कुशवाहा, अमिताभ जायसवाल, मोहम्मद कलीम, डॉ. वाहिद रहमान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सीवर लाइन निर्माण के दौरान मिट्टी धसने से मजदूर की दबकर मौत

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित करेली थाना क्षेत्र के गुरू सदैवा घाट सदियापुर में निर्मीणाधीन सीवर लाइन की खुदाई के दौरान मिट्टी धसकने से एक मजदूर की दबकर मौत हो गई। जबकि उसका साथी बच गया। हादसे के बाद जेसीबी चालक और ठेकेदार मौके से फरार हो गए।सूचना पर पुलिस एवं एनडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और लगभग पांच घंटे बाद शव को बाहर निकाल लिया गया है। यह जानकारी रविवार को सहायक पुलिस आयुक्त अतरसुइया निकिता श्रीवास्तव ने दी।उन्होंने बताया कि मृत मजदूर की पहचान प्रयागराज जिले के बहरिया थाना क्षेत्र के धमौर गांव निवासी गया प्रसाद उर्फ बुद्धू पाल (45) पुत्र रामकृपाल पाल के रूप में हुई है। हादसे की खबर मिलते ही परिवार एवं गांव के प्रधान सहित कई लोग पहुंचे हैं। उनकी मांग है कि ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए और परिवार की आर्थिक सहायता दी जाए। पुलिस ने परिवार से तहरीर लेकर विधिक कार्रवाई शुरु कर दी है।

## बेसिक शिक्षा कल्याण समिति की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।**



बेसिक शिक्षा कल्याण समिति उत्तर प्रदेश एवं जिला कार्यकारिणी की बैठक शांति देवी हायर सेकेंडरी स्कूल फिनिक्स मॉल के पास रविवार को संपन्न हुई। मीटिंग की अध्यक्षता सर्वेश पाठक ने की। इसी के साथ-साथ उन्होंने चेताया की अग्रिम मीटिंग में रणनीति के साथ यदि शत प्रतिशत उपस्थित नहीं हुए तो प्रत्येक पदाधिकारी से पेनाल्टी शुल्क अवश्य वसूला जाएगा।प्रमुख महासचिव राजीव यादव ने विद्यालय के संचालन में आ रही समस्याओं को संचालक गणों के माध्यम से सुना । इसके प्रति उत्तर में उन्होंने बताया समस्त विद्यालय संचालक अपने विद्यालयों को रूल और रेगुलेशन के साथ संचालित करें। इसके विपरीत यदि कोई समस्या-बाधा उत्पन्न होती है तो पूरी समिति हमारी उन संचालकों के साथ रहेगी और हम सभी को संगठित होकर के विद्यालय हितों में काम करते रहना चाहिए। समिति के अनुशासन बनाए रखना अति आवश्यक है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में कार में लगी आग अज्ञात व्यक्ति पर आरोप, मुकदमा दर्ज

**सरोजिनी नगर, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** इलाके में बीती 27 अप्रैल की मध्य रात्रि घर के बाहर खड़ी कार में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई जिससे कार में काफी नुकसान हुआ। जानकारी होते ही कार में लगी आग को बुझाया गया और कार स्वामी को सूचना दी गई।मनोज कुमार पुत्र हुबलाल निवासी खुशहालगंज थाना पारा ने बताया कि मेरी गाड़ी ठ्ध32ङ्का1124 स्विफ्ट डिजायर विशाल यादव पुत्र सत्यपाल यादव निवासी शांति नगर थाना सरोजनी नगर लखनऊ चलाते थे और गाड़ी को अपने घर के पास ही खड़ी करते थे। दिनांक 27.04.2026 को रात्रि के समय लगभग 1:00 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कार में आग लगा दी गई जिसकी जानकारी होने पर विशाल के घर वालों ने आग बुझाई। अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगाकर मेरी गाड़ी में काफी नुकसान किया गया है। सरोजिनी नगर पुलिस द्वारा मनोज कुमार की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करने के साथ जांच पड़ताल की जा रही है।

## 21,000 हस्ताक्षरों की जनजागरण यात्रा का स्वागत

**हाथरस, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** मथुरा-वृंदावन क्षेत्र से 21,000 हस्ताक्षरों के साथ शुरू हुई जनजागरण यात्रा रविवार को सादाबाद पहुंची। गौसेवकों ने इसका जोरदार स्वागत किया। यात्रा का मुख्य उद्देश्य पवित्र ब्रज क्षेत्र को मांस एवं मदिरा से मुक्त कराना है, ताकि यहां की धार्मिक और सांस्कृतिक गरिमा को बनाए रखा जा सके।यात्रा समाज में जागरूकता फैलाने के साथ-साथ लोगों को ब्रज की पावन परंपराओं और मूल्यों के प्रति संवेदनशील बनाने का कार्य कर रही है। विभिन्न स्थानों पर स्थानीय नागरिकों द्वारा इस अभियान को भरपूर समर्थन मिल रहा है। कस्बे में गौ सेवक जतिन सारस्वत ने इस यात्रा का स्वागत एवं सम्मान करते हुए अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ब्रजभूमि की पवित्रता बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है और इस प्रकार के जनआंदोलन समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य करते हैं। यह यात्रा आगे भी विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को जोड़ने और इस अभियान को और अधिक सशक्त बनाने का कार्य करेगी। इस यात्रा में जग्गा ठाकुर, बबन्डर बाबा, अमित शर्मा, योगी राजपूत, अग्निवे चौधरी, योगवीर चौधरी, जतिन सारस्वत शामिल रहे।

# सोरांव सीएचसी अधीक्षक का तबादला, चार्ज देने से इनकार

❒ आरोपों की जांच को कमेटी बनी, कर्मचारी संघ करेगा घेराव

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज। प्रयागराज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सोरांव के अधीक्षक डॉ. अनुपम द्विवेदी का तबादला 20 अप्रैल 2026 को होलागढ़ के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुकुंदपुर किया गया था।

हालांकि, उन्होंने अभी तक सोरांव सीएचसी का चार्ज नहीं छोड़ा है। उनकी जगह डॉ. अविनाश शर्मा को नियुक्त किया गया है, लेकिन उन्हें चार्ज नहीं सौंपा जा रहा। इस मामले को लेकर मातृ शिशु कल्याण महिला कर्मचारी संघ, उत्तर प्रदेश, जनपद शाखा प्रयागराज ने सीएमओ को पत्र सौंपकर विरोध जताया है।संघ की अध्यक्ष मीरा देवी और मंत्री विद्या सिंह ने चेतावनी दी है कि यदि डॉ. अनुपम द्विवेदी को सोरांव से कार्यमुक्त कर डॉ. अविनाश शर्मा को चार्ज नहीं सौंपा जाता, तो 5 मई 2026 को अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। महिला कर्मचारियों ने डॉ. अनुपम द्विवेदी पर शोषण और उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं।आरोपों पर डॉ. अनुपम द्विवेदी ने बताया कि लगाए गए आरोपों की जांच के लिए एक कमेटी गठित की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें तबादले का कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ है और आरोप लगाने वाली महिलाएं सरकारी कार्य में लापरवाही करती हैं। उनके अनुसार, यह दबाव बनाने और उन्हें हटाने का प्रयास है।वहीं, सीएमओ प्रयागराज अरुण कुमार तिवारी ने बताया कि आरोपों की जांच के लिए एक कमेटी बनाई गई है, जो स्वयं मौके पर जाकर बयान दर्ज करेगी। उन्होंने पुष्टि की कि डॉ. अनुपम द्विवेदी का तबादला किया गया है, लेकिन नए नियुक्त अधीक्षक स्वास्थ्य खराब होने के कारण अभी चार्ज नहीं ले पा रहे हैं।

# मायावती कार्यकाल में बने काशीराम आवास बेहाल

❒ खिड़की-दरवाजे गायब, पानी-बिजली की सुविधा नहीं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



कोरांव, प्रयागराज। काशीराम शहरी आवास योजना के तहत कोरांव बैदवार ग्राम सभा में 600 परिवारों के लिए आवास बनाए गए थे। ये आवास पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के बसपा कार्यकाल में गरीबों के रहने के लिए निर्मित किए गए थे।

वर्तमान में, इन आवासों में लगभग 50 से 60 परिवार ही रह रहे हैं।इन आवासों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। पानी की आपूर्ति के लिए एक टंकी का निर्माण किया गया था, लेकिन आज तक इससे पानी की सप्लाई शुरू नहीं हो सकी है। बिजली की व्यवस्था भी नहीं है; कुछ समय पहले कनेक्शन था, लेकिन बिल जमा न होने के कारण विद्युत आपूर्ति काट दी गई है।आवासों की स्थिति भी जर्जर है। खिड़की, दरवाजे और लाइट की वायरिंग अराजक तत्वों द्वारा चुरा ली गई है। जो परिवार यहां रह रहे हैं, उन्हें पानी के लिए दूर जाना पड़ता है और अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। अधिकांश शौचालय भी बंद पड़े हैं, जिसके कारण लोगों को शौच के लिए बाहर जाना पड़ता है।यह आवास नगर पंचायत कोरांव के लिए आवंटित किए गए थे और करोड़ों की लागत से बनाए गए थे। इसका उद्देश्य था कि लगभग 600 परिवार एक ही परिसर में सभी सुविधाओं के साथ रह सकें, लेकिन यह सपना पूरा नहीं हो सका। परिसर में चारों ओर गंदगी और झाड़-झंखाड़ फैले हुए हैं।इन आवासों की आज तक रंगाई-पुताई नहीं कराई गई है और न ही कोई इनके रखरखाव में रुचि ले रहा है। जिले में इसी तरह के कई अन्य आवास भी बनाए गए थे, जिनकी हालत भी लगभग ऐसी ही है।पथरताल श्रीनगर मोहल्ले के निवासी लालता प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि वे अपने कुएं से पानी उपलब्ध कराते हैं, लेकिन गर्मियों में कुएं का पानी भी कम हो जाता है, जिससे पानी की समस्या और बढ़ जाती है। इस मामले में तहसीलदार , खंड विकास अधिकारी कोरांव से संपर्क फोन पर किया गया लेकिन बात नहीं हो पाया सीडीओ प्रयागराज का फोन नहीं लगा।

# युवा संसद युवाओं की आत्मशक्ति के जागरण का पर्व: डा.दिनेश शर्मा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शन में 'मेरा युवा भारत' (MYBharat) उत्तर प्रदेश की ओर से आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2026 का रविवार को भव्य समापन हुआ। 01-03 मई तक आयोजित इस युवा संसद कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के सभी 75 जनपदों से कुल 375 प्रतिभागी शामिल हुए और केन्द्रीय बजट 2026 विषय पर माय भारत संग जुड़कर विकसित भारत के संकल्प को स्वर दिया।समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय और 'मेरा युवा भारत' की पहल की सराहना करते हुए राज्य स्तरीय विकसित भारत युवा संसद को युवाओं की आत्मशक्ति के जागरण का पर्व बताया।

उन्होंने कहा कि एकाग्रता, स्पष्ट उद्देश्य और कुछ कर गुजरने की तमन्ना ही युवा की पहचान है और यही जागृत युवा विकसित उत्तर प्रदेश व विकसित भारत के निर्माण की दिशा तय करेंगे। 75 जनपदों से आए 375 प्रतिभागियों की सहभागिता को उन्होंने युवा चेतना का सशक्त संकेत बताया और कहा कि यह मंच युवाओं को नेतृत्व क्षमता, संसदीय समझ और राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी से जोड़ रहा है।

उन्होंने केंद्रीय बजट 2026 को युवाशक्ति आधारित बताते हुए उद्यमिता, स्टार्टअप, नवाचार और कौशल विकास में युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया तथा विश्वास जताया कि यही युवा आगे चलकर राष्ट्रीय मंच पर उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाएंगे और देश की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।प्रदेश के विभिन्न गाँवों और कस्बों से निकलकर आए इन होनहार युवाओं ने अपने विचारों और तर्कों से सभी का ध्यान आकर्षित किया। उनकी प्रस्तुति में गांव की जमीनी समझ, राष्ट्रीय दृष्टिकोण और वैश्विक सोच का अनूठा संगम देखने को मिला। पारंपरिक वेशभूषा में सजे युवाओं ने जब मंच संभाला, तो उनके शब्दों में अनुभव, संवेदना और प्रतिबद्धता का संगम दिखाई दिया। यह आयोजन विकसित भारत के उस रोडमैप की झलक बनकर सामने आया, जिसमें गांव, जिला, प्रदेश और राष्ट्र-चारों स्तर एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।

# योगी सरकार के 12 मेगा स्किल हब और 63 जिला केंद्र बनेंगे विकास की धुरी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । योगी सरकार प्रदेश के युवाओं को रोजगारपरक कौशल से जोड़ने के लिए 'सरदार पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन्स के तहत 12 मेगा स्किल हब और 63 जिला स्किल केंद्र स्थापित करेगी। यह मेगा स्किल हब और जिला स्किल केंद्र प्रदेश की आर्थिक प्रगति के साथ-साथ युवाओं के भविष्य को भी मजबूत आधार देंगे। इसके लिए योगी सरकार करीब 14,760 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इसके जरिये योगी सरकार ने हर साल 10 लाख से अधिक युवाओं को एडवांस स्किलिंग देने का लक्ष्य रखा है।

हब एंड स्पोक मॉडल से बदलेगी तस्वीरराज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार प्रदेश के 12 बड़े शहरों क्रमशः लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, कानपुर, वाराणसी, गोरखपुर, आगरा, मेरठ, सहारनपुर, झांसी, बरेली, मुरादाबाद और गाजियाबाद में मेगा स्किल हब बनाए जाएंगे। इनके साथ जुड़े 63 जिला स्किल केंद्र 'स्पोक' के रूप में काम करेंगे। इस मॉडल के जरिए हर जिले तक कौशल विकास और उद्योगों की पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। मेगा स्किल हब जहां बड़े स्तर पर प्रशिक्षण और उद्योगों को आकर्षित करेंगे, वहीं जिला केंद्र स्थानीय युवाओं को उनकी जरूरत के अनुसार प्रशिक्षण देंगे। इसकी विशेषता है कि इसमें स्किलिंग और औद्योगिक विकास को एक साथ जोड़ा गया है। योगी सरकार का उद्देश्य हर जिले में ऐसे औद्योगिक जोन विकसित करना है, जहां युवाओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ रोजगार और स्वरोजगार के अवसर भी मिलें।

इन केंद्रों में तकनीकी कौशल के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल, भाषा प्रशिक्षण, डिजिटल साक्षरता और आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इसके अलावा उद्योगों के लिए 'प्लग एंड प्ले' सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे निवेश को बढ़ावा मिलेगा।रोबोटिक्स, डेटा एनालिटिक्स, इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन का दिया जाएगा प्रशिक्षणस्किल हब और जिला केंद्रों में प्रशिक्षण की विविध श्रेणियां होंगी। इसमें पारंपरिक कौशल के साथ-साथ आधुनिक और भविष्य आधारित कौशल जैसे रोबोटिक्स, डेटा एनालिटिक्स, इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन, डिजिटल मार्केटिंग आदि शामिल होंगे। स्थानीय जरूरतों के अनुसार कौशल चयन किया जाएगा, जिससे 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) जैसी योजनाओं को भी मजबूती मिलेगी। इससे न केवल स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि युवाओं को अपने ही जिले में रोजगार के अवसर मिल सकेंगे।योजना में सरकार के साथ निजी क्षेत्र की भी अहम भूमिका होगी। सरकार बुनियादी ढांचा और प्रारंभिक निवेश उपलब्ध कराएगी जबकि संचालन और प्रशिक्षण का काम निजी साझेदारों के जरिए किया जाएगा। शुरुआती पांच वर्षों तक वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) के जरिए इन संस्थानों को सहयोग दिया जाएगा। इससे स्किलिंग सेंटर और उद्योग इकाइयां आत्मनिर्भर बन सकेंगी और लंबे समय तक टिकाऊ विकास सुनिश्चित होगा। इन मेगा स्किल हब और जिला केंद्रों में आधुनिक बुनियादी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इनमें बिजली, पानी, सड़क, इंटरनेट, सुरक्षा, आवास, खेल और मनोरंजन जैसी सुविधाएं शामिल होंगी।

# एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने बैठक कर आन्दोलन की बनाई रणनीति

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ की समस्याओं के सम्बन्ध में रविवार को हजरतगंज लखनऊ में प्रदेश स्तरीय बैठक हुई। इसमें भारतीय मजदूर संघ से विभाग प्रमुख संगठन मंत्री अश्वनी शुक्ला, उप्र राज्य कर्मचारी एशोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष व भारतीय मजदूर संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष लखनऊ हरिशरण मिश्रा एवं उनके प्रदेश महामंत्री महेन्द्र कुमार दीक्षित की उपस्थिति रही।

एनएचएम संघ के प्रदेश अध्यक्ष ठा. मयंक प्रताप सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत कार्यरत संविदा कर्मचारियों की मुख्य मांगों में नियमितीकरण/समान कार्य समान वेतन, वेतन बढ़ोत्तरी, जॉब सुरक्षा एवं कैशलेस चिकित्सा सुविधा अथवा स्वास्थ्य बीमा शामिल हैं। कर्मचारियों के मानदेय भुगतान में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए आन्दोलन किये जाने की रूपरेखा पर चर्चा की। जनपदों को इस तैयारी के लिए आवश्यक दिशा निर्देश देते हुये कहा कि यदि कर्मचारियों की मानदेय सम्बन्धी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो भारतीय मजदूर संघ के मार्गदर्शन में व्यापक आन्दोलन किया जायेगा।एनएचएम संघ प्रदेश महामंत्री आदित्य भारती ने बताया कि एनएचएम कर्मचारियों को पिछले एक वर्ष से प्रदेश के अधिकांश जनपदों में संविदा कर्मचारियों को मार्च माह से अब तक के मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। इससे कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। इसके अतिरिक्त उन्होंने कर्मचारियों के नियमितिकरण, सेवा सुरक्षा, पदो के सृजन एवं रिक्त पदों पर स्थानान्तरण के सम्बन्ध में भी विस्तृत चर्चा की जो कि आगामी रणनीति का हिस्सा रहेगा। साथ ही महामंत्री आदित्य भारती ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को 18 जून 2026 को भारतीय मजदूर संघ द्वारा प्रस्तावित विशाल धरना प्रदर्शन में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये आवाह्न किया।भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी अश्वनी शुक्ला ने संगठन को स्पष्ट किया कि कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सम्बन्धित उच्चाधिकारियों से वार्ता कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराई जायेगी।

# दहेज की मांग कर विवाहिता को घर से भगाया मुकदमा दर्ज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सरोजनी नगर, लखनऊ । इलाके की रहने वाली एक महिला के साथ दहेज की मांग सहित शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना का मामला सामने आया है।रिंकी पत्नी पंकज कुमार पुत्री राम प्रकाश निवासिनी सरोजिनी नगर सैनिक कलोनी कानपुर रोड थाना सरोजिनी नगर ने बताया कि उसका विवाह 2019 में पंकज कुमार पुत्र स्व रामसेवक निवासी आवास विकास कलोनी विकास भवन थाना कोतवाली नगर बाराबंकी के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार हुई थी प्रार्थिनी के पिता ने अपनी पुत्री के विवाह में 25 लाख रु0 खर्च किए शादी में चार पहिया वाहन चार लाख रु0 नगद और समस्त घरेलू सामान दिया था शादी के कुछ दिन बाद ही प्रार्थिनी के ससुराल वाले प्रार्थिनी के पति और सास आए दिन लड़ाई झगड़ा मारपीट और गाली गलौज करने लगे। पति और सास प्रार्थिनी से कहते जब तक तुम अपने बाप से 10 लाख रु0 नहीं लेकर आओगी घर में नहीं रहने देंगे प्रार्थिनी के एक पुत्र 4 वर्ष प्रतीक 3 वर्ष पुत्री वैष्णवी है प्रार्थिनी का पुत्र बीमार रहता है जिसका इलाज का सारा खर्च प्रार्थिनी के पिता उठाते हैं दिनांक 19.10.2025 को प्रार्थिनी के पति पंकज कुमार, सास रामगुनी, जेठ संतोष कुमार जेठानी गीता दास जेठ का लड़का प्रियांशु कुमार ने प्रार्थिनी को मारपीट कर घर से भगा दिया है तब से प्रार्थिनी अपने पिता के घर रह रही है। सरोजिनी नगर पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करने के साथ आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# "विकसित भारत का अमृतकाल" पुस्तक का भव्य विमोचन

❒ देश के विकास को समझने के लिये यह पुस्तक एक अहम माध्यम साबित होगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता।



लखनऊ । लेखिका डॉ. शिवानी कटारा की पुस्तक "विकसित भारत का अमृतकाल" का भव्य विमोचन पंकज चौधरी (प्रदेश अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री) के करकमलों द्वारा विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ।

इस गरिमामयी अवसर पर गोविंद नारायण शुक्ला (सदस्य, विधान परिषद), नवीन जैन (सांसद, राज्यसभा), भारत दीक्षित (कार्यालय प्रमुख, भारतीय जनता पार्टी), शिव भूषण (प्रदेश मंत्री) तथा शिव कुमार पाठक (पूर्व क्षेत्रीय संगठन मंत्री) की विशिष्ट उपस्थिति ने समारोह की गरिमा को और अधिक बढ़ाया। यह पुस्तक माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विगत 10 वर्षों के कार्यों, नीतियों एवं उपलब्धियों का समग्र लेखा-जोखा प्रस्तुत करती है, जो एक महत्वपूर्ण दस्तावेज के रूप में तैयार की गई है। लेखिका ने इसमें विकसित भारत की दिशा में हुए परिवर्तनों और उपलब्धियों को तथ्यात्मक रूप में संकलित किया है। उल्लेखनीय है कि इस पुस्तक का प्रकाशन शिल्पायन पब्लिकेशन, नई दिल्ली द्वारा किया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने पुस्तक की सराहना करते हुए इसे जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया और इसे देश के विकास यात्रा को समझने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

# स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही धाधली के खिलाफ पूरे प्रदेश में आआप ने किया विरोध प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही कथित लूट, गलत बिलिंग, बिजली कटौती और प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता के विरोध में जनता सड़कों पर उतर चुकी है। अब राजनैतिक दलों का समर्थन भी मिलना शुरू हो गया है।

इसी क्रम में आम आदमी पार्टी (आआप) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आवाह्न पर रविवार को राजधानी लखनऊ के हजरतगंज स्थित शक्ति भवन पर अयोध्या प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल की उपस्थिति में लखनऊ जिलाध्यक्ष इरम रिज़वी के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया।लखनऊ के अलावा ललितपुर, गाजियाबाद, बहराइच, बागपत, जालौन, मुजफ्फरनगर, चंदौली, वाराणसी, आगरा, बदायूं, मैनपुरी, मेरठ, कानपुर, मुरादाबाद, सहारनपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में जिला विद्युत उपकेंद्रों पर विरोध प्रदर्शन हुए। इस दौरान कई जगहों पर पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच झड़प भी देखने को मिली। पुलिस ने कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। इस दौरान राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपते हुए स्मार्ट मीटर व्यवस्था को तत्काल बंद करने की मांग उठाई गई।अयोध्या प्रांत अध्यक्ष विनय पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर योजना पूरी तरह फ़ेल हो चुकी है और यह अब जनता को राहत देने के बजाय आर्थिक शोषण का माध्यम बन गई है। स्मार्ट मीटर इतने स्मार्ट हो गए हैं कि बैलेंस खत्म होते ही तुरंत बिजली काट देते हैं, लेकिन रिचार्ज के बाद भी 10 से 12 घंटे तक बिजली बहाल नहीं होती। यह व्यवस्था न केवल तकनीकी रूप से विफल है, बल्कि सरकार की नीयत पर भी गंभीर



सवाल खड़े करती है।उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब तक लगभग 78 से 80 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं, जिनमें से करीब 70 लाख प्रीपेड मीटर हैं और लाखों उपभोक्ता गलत बिलिंग, तेजी से बैलेंस खत्म होने और बिजली कटौती से परेशान हैं। कई मामलों में जहां पहले 1500 रुपये तक का बिजली बिल आता था, वह अब बढ़कर छह हजार से सात हजार रुपये तक पहुंच गया है। यह सीधा-सीधा जनता की जेब पर हमला है।इस मौके पर लखनऊ जिलाध्यक्ष इरम रिज़वी ने कहा कि नलकूपों पर लगाए जा रहे फोरजी स्मार्ट मीटर किसानों के लिए नई मुसीबत बन गए हैं। नेटवर्क की समस्या के कारण मीटर सही से काम नहीं कर रहे, लेकिन बिल लगातार बढ़ रहे हैं। इससे किसानों में भारी आक्रोश है और उनकी सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने समय रहते इस व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया तो आम आदमी पार्टी प्रदेशभर में आंदोलन को और तेज करेगी।

# चिनहट के विधायक चौराहे पर रोज़ाना लगने वाले जाम से जनता बेहाल

❒ अयोध्या रोड स्थित चौराहे का भी यही हाल, बीच सड़क पर खड़े होते ई रिक्शा पूरी पूरा चौराहा जाम की चपेट में

❒ व्यापारियों की मांग, मटियारी चौराहा से मल्हौर और चिनहट से जुग्गौर रोड किया जाये चौड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चिनहट ,लखनऊ । चिनहट क्षेत्र स्थित विधायक चौराहे पर आए दिन लगने वाले भीषण जाम से आम जनता के साथ-साथ स्थानीय व्यापारी भी खासे परेशान हो गए हैं।

सुबह से लेकर देर शाम तक लगने वाले इस जाम के कारण राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं व्यापारियों के कारोबार पर भी इसका सीधा असर देखने को मिल रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि विधायक चौराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। स्कूल, ऑफिस और बाजार जाने वाले लोगों को रोजाना घंटों जाम में फंसना पड़ता है, जिससे समय की बर्बादी के साथ मानसिक तनाव भी बढ़ रहा है। वहीं, आसपास के दुकानदारों का कहना है कि लगातार लगने वाले जाम के कारण ग्राहक दुकानों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, जिससे उनकी आमदनी प्रभावित हो रही है। कई व्यापारियों ने बताया कि जाम की समस्या के चलते लोग इस क्षेत्र में आने से बचने लगे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कुछ व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने सड़क के चौड़ीकरण की मांग उठाई है। उनका कहना है कि यदि प्रशासन और सरकार सहयोग करें तो इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जा सकता है। साथ ही व्यापारियों ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस समस्या के समाधान के लिए वे प्रशासन के साथ पूरा सहयोग करने को तैयार हैं।

# तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल, उंगली कटी, पैर फ्रैक्चर

❒ गुलालपुर मोड़ पर हादसा, दोनों बाइकें क्षतिग्रस्त; पुलिस ने वाहन कब्जे में लेकर शुरू की जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब, लखनऊ । महिंगवां थाना क्षेत्र के कुम्हरावां-बाबागंज रोड पर रविवार सुबह करीब 11 बजे एक भीषण सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा गुलालपुर मोड़ के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी।

जानकारी के अनुसार, लखनऊ निवासी राजबहादुर सिंह (65) बाइक से गुलालपुर की तरफ से लखनऊ की ओर जा रहे थे। इसी दौरान वह कुम्हरावां की तरफ मुड़ रहे थे कि सामने से कुम्हरावां की ओर से आ रहे बाराबंकी जनपद के घुंघटेर थाना क्षेत्र के मनसापुरवा निवासी सौरभ की बाइक



होंडा साइन यूपी 41 बीके 2182 ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकें क्षतिग्रस्त हो गईं। हादसे में राजबहादुर सिंह का दाहिना पैर फ्रैक्चर हो गया, जबकि दाहिने हाथ की एक उंगली कट गई। मौके पर मौजूद राहगीरों और पुलिस की मदद से उन्हें तत्काल लखनऊ के ताड़ीखाना स्थित हाईवे ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।वहीं, महिंगवां चौकी प्रभारी सतीश सिंह ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## चिनहट में विवाद के दौरान महिला पर हमला, ईंट-पत्थर से जानलेवा वार का आरोप

**लखनऊ , चिनहट, कैनविज टाइम्स संवाददादाता ।** चिनहट क्षेत्र में एक विवाद के दौरान महिला पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, करौंदा थाना मलिहाबाद निवासी उर्मिला मौर्य ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह भारतीय किसान यूनियन में महिला जिलाध्यक्ष हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 2 मई 2026 को वह संगठन के एक कार्यकर्ता पंकज गुप्ता के घर पर चल रहे मकान के विवाद के सिलसिले में बात करने गई थीं।इसी दौरान उनके मकान मे जबरदस्ती रह रहे अलीम और उसकी पत्नी रईशा खातून ने उन पर अचानक हमला कर दिया। आरोप है कि दोनों ने गाली-गलौज करते हुए ईंट-पत्थर चलाने शुरू कर दिए। पीड़िता के मुताबिक, आरोपियों ने छत से ईंट फेंककर जान से मारने की कोशिश की, जिससे वह बाल-बाल बचीं, लेकिन ईंट उनके पैर के अंगूठे पर लग गई।हमले में उनके पैर का नाखून उखड़ गया और गंभीर चोट आई है। पीड़िता ने बताया कि घटना के दौरान काफी खून बहा और उन्हें तेज दर्द हुआ। किसी तरह मौके से बचकर उन्होंने पुलिस को सूचना दी।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है।

## ट्रैक पार करते समय युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**बख्शी का तालाब, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददादाता ।** सीतापुर रोड स्थित इंदौराबाग पुलिस चौकी के पास रविवार को रेलवे ट्रैक पार करना एक युवक को भारी पड़ गया। तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्र हो गए।पुलिस के अनुसार, युवक रेलवे लाइन पार कर रहा था, तभी अचानक आ रही ट्रेन की चपेट में आ गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि उसे संभलने का मौका तक नहीं मिला और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।सूचना मिलते ही इंदौर बाग पुलिस चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को हटाकर स्थिति को नियंत्रित किया। तलाशी के दौरान मृतक के पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान अरुण कुमार (45) निवासी भरथना रोड, वार्ड नंबर 6, नवीन बस्ती, बिधूना, जनपद औरैया के रूप में हुई।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## बिजली का तार जोड़ते समय करंट लगने से युवक की मौत

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के मलौली गांव में रविवार की शाम के समय तार जोड़ते समय करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।जानकारी के मुताबिक गोसाईंगंज के मलौली गांव में रहने वाले शुकरू (22) पुत्र अंगनू इलेक्ट्रिशियन का काम करता था। रविवार के दिन शाम करीब सात बजे गांव के रहने वाली विधवा महिला ममता पत्नी स्व जसकरन के घर में बिजली के तारो में स्पार्किंग हुई। जिसके बाद घर की लाइट चली गई। तभी लाइट ठीक करने के लिए ममता ने शुकरू को बुलाया। वह लाइट को ठीक कर रहा था उसी समय वह चिपक गया। वहां मौजूद लोग कोई कुछ समझ पाते तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

## बंद मकान से लाखों का माल चुराने वाले तीन शातिर चोर गिरफ्तार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के कैसरबाग थाना क्षेत्र में बीते अप्रैल माह में एक घर में हुई चोरी का खुलासा पुलिस ने रविवार को कर दिया है। पुलिस ने करीब 100 सीसीटीवी कैमरों की गहन जांच के बाद तीन शातिर चोरों को पकड़ा है, जिनके पास से भारी मात्रा में जेवर बरामद किए गये।अपर पुलिस उपायुक्त (पश्चिमी) धनंजय सिंह कुशवाहा ने कैसरबाग स्थित कार्यालय में पत्रकारवार्ता कर बताया कि मकबूलगंज के सरोजनी देवी लेन निवासी निरुपमा श्रीवास्तव ने 28 अप्रैल को तहरीर दी। पीड़ित महिला ने बताया कि 25 अप्रैल को वह गोमतीनगर गई थी। घर पूरा खाली था, उसी रात उसके घर में चोरी हो गई। 28 अप्रैल को उन्हें पड़ोसियों से चोरी की सूचना मिली। घटना की जानकारी पर जब महिला घर पहुंचकर अलमारी चेक किया तो उसके गहने गायब थे। पुलिस ने महिला की तहरीर पर चोरी का मुकदमा दर्ज जांच शुरू कर दी।पुलिस ने अभियुक्त करन वर्मा, सुशील सोनी और मोहम्मद आजम उर्फ रानू को रोजगार भवन के पास से गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण, नकदी व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे लोग शहर में घूम-घूमकर बंद मकानों की रेकी करते थे। सुनसान एवं बंद मकानों को चिन्हित कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे। अभियुक्त मोहम्मद आजम उर्फ रानू ने अपने साथियों को मकबूलगंज स्थित बंद घर की रेकी कर सूचना दी थी। गिरफ्तार अभियुक्तों में से सुशील सोनी एवं मोहम्मद आजम उर्फ रानू के विरुद्ध जनपद लखनऊ के विभिन्न थानों में चोरी एवं नकबजनी के कई अभियोग पूर्व से पंजीकृत हैं। उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पेड़ काटने के विवाद में खूनी संघर्ष: महिलाओं पर लाठी-डंडे से वार, दो आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। थाना नगराम क्षेत्र के बलसिंहखेड़ा गांव में पेड़ काटने के विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया। मामूली कहासुनी के बाद दबंगों ने एक ही परिवार पर हमला बोल दिया, जिसमें महिलाओं समेत कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित इतेश पुत्र श्रीराम के अनुसार, गांव के ही संदीप, ललित व अन्य लोग उनके पेड़ को काट रहे थे।

जब उनकी पत्नी बबली और मां द्रोप-दी ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इतना ही नहीं, आरोप है कि हमलावरों ने कुल्हाड़ी से वार करने का प्रयास किया, जिससे दोनों महिलाओं के सिर में गंभीर चोटें आईं। हमले के दौरान 8 वर्षीय मासूम अभिषेक और परिवार की सुनीता को भी नहीं बख्शा गया और उन्हें भी चोटें आईं। घटना से गांव में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एम्बुलेंस से सीएचसी नगराम में भर्ती कराया गया। इस मामले में कार्यवाहक थाना प्रभारी एसएसआई उमाशंकर ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाकी आरोपियों की तलाश जारी है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुटी है, जबकि गांव में तनाव को देखते हुए सतर्कता बढ़ा दी गई है।

# सपा महिला सभा का नारी सम्मान समारोह

❒ रिंकी सिंह ने साधा सरकार पर निशाना; 2027 में बदलाव का आह्वान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ । के समाजवादी पार्टी महिला सभा की राष्ट्रीय महासचिव रिंकी सिंह के नेतृत्व में पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के बसंतकुंज सेक्टर पी में पीडीए समाजवादी महिला स्वाभिमान संकल्प सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मलिहाबाद विधानसभा की पूर्व विधायक प्रत्याशी राजबाला रावत ने की है।,जबकि संचालन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मिर्ज़ा इजहार बेग ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता फकरुल हसन चाँद मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को लेडीज सूट देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में राजबाला रावत ने सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष करने वाली हस्तियों–फूलन देवी, भीमराव अंबेडकर, मुलायम सिंह यादव, कांशीराम और राम मनोहर लोहिया को नमन करते हुए महिलाओं से अपने अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि फकरुल हसन चाँद ने कहा कि सपा सरकार बनने पर महिलाओं को 40 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी और जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला आरक्षण को लेकर भाजपा जनता को भ्रमित कर रही है।, जबकि यह विधायक वर्ष 2023 में लोकसभा से पारित हो चुका है। कार्यक्रम आयोजक रिंकी सिंह ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को कमजोर कर रही है। और जगह-जगह मधुशालाएं खुलवा रही है। उन्होंने कहा कि सपा जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष कर रही है। साथ ही उन्होंने 2027 में सपा सरकार बनाकर अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनाने का आह्वान किया है। इस दौरान पूर्व यूथ ब्रिगेड अध्यक्ष मोहम्मद ऐबाद, महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रूबी खान, कोषाध्यक्ष वंदना चतुर्वेदी, ब्लॉक प्रमुख शांति यादव, पूर्व मंत्री राजेश यादव, जिला पंचायत सदस्य निहाल अहमद सिद्दीकी, यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष सालिम काकोरी, रंजना शर्मा, परवीन जैदी, अजीम अहमद, समीक्षा शुक्ला, दीनू चौधरी दीपू, रीता यादव सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पांच दिवसीय कत्थक कार्यशाला का भव्य समापन

❒ छात्राओं ने प्रस्तुत की मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजाजीपुरम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अवध सांस्कृतिक क्लब के अंतर्गत आयोजित पांच दिवसीय कत्थक कार्यशाला (25 से 30 अप्रैल) का समापन सत्र अत्यंत भव्य एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रोफ़ेसर प्रीति बाजपेई ने कार्यशाला की विस्तृत आख्या प्रस्तुत करते हुए छात्राओं के प्रयासों की सराहना की तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कथक प्रशिक्षक कुमारी वैभवी ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए छात्राओं के उत्साह की प्रशंसा की और प्राचार्या का आभार व्यक्त किया।इसके पश्चात छात्राओं ने भूमि प्रणाम से अपनी प्रस्तुतियों का आरंभ किया। सरस्वती वंदना के साथ-साथ प्रशिक्षक द्वारा सिखाए गए विभिन्न टुकड़ों एवं दुर्गा स्तुति पर छात्राओं ने अत्यंत सुंदर, संयमित और आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां दीं, जिसे उपस्थित जनों ने खूब सराहा।समापन सत्र में प्राचार्या प्रोफ़ेसर सुषमा देवी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए ''गुरु गोविंद दोउ खड़े, काके लागू पाय'' श्लोक के माध्यम से छात्राओं को प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं को अनुशासन, एकाग्रता और शिष्टाचार को जीवन में अपनाने का संदेश देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वचन दिए। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती साधना सिंह यादव ने कुशलतापूर्वक किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रज्ञा मिश्रा द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक क्लब के पदाधिकारी प्रोफ़ेसर सुरंगमा यादव, डॉ. पूनम पांडे एवं डॉ. निशी मिश्रा सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। सभी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल एवं यादगार बना दिया।

# भीषण गर्मी में बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए उत्पीड़न की कार्रवाइयां तत्काल वापस ली जाएं : विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति

❒ समिति ने उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने रविवार को कहा कि पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष तत्काल संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों को वार्ता करे

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । भीषण गर्मी के चलते प्रदेश में बिजली की मांग तेजी से बढ़ रही है। ऐसे समय में उपभोक्ताओं की समस्याओं का प्रभावी समाधान निकालने और बिजली व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने का एकमात्र रास्ता यह है कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन टकराव की नीति छोड़कर सकारात्मक पहल करे।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने रविवार को कहा कि पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष तत्काल संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों को वार्ता के लिए बुलाएँ और उन्हें विश्वास में लेकर गर्मियों के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करें।संघर्ष समिति ने स्पष्ट किया कि मार्च 2023 से शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे बिजली कर्मियों पर की गई सभी अनुशासनात्मक एवं उत्पीड़नात्मक कार्रवाइयाँ तत्काल वापस ली जानी चाहिए। यह कार्रवाइयाँ किसी कदाचार के कारण नहीं, बल्कि शांतिपूर्ण आंदोलन के चलते की गई हैं। ऐसी स्थिति में सामान्य कार्य वातावरण बहाल करने के लिए इनका समाप्त होना अत्यंत आवश्यक है।संघर्ष समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने याद दिलाया कि मार्च 2023 की सांकेतिक हड़ताल के बाद प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि आंदोलन में शामिल कर्मचारियों पर की गई सभी कार्रवाइयाँ वापस ली जाएँ तथा हटाए गए संविदा कर्मियों को बहाल किया जाए। दुर्भाग्यपूर्ण है कि तीन वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद इन निर्देशों का पालन नहीं किया गया। इसके विपरीत, अत्यंत कम वेतन पाने वाले संविदा कर्मियों को सेवा से बाहर रखा गया और शांतिपूर्ण ढंग से कार्यालय समय के बाद सभा कर रहे कर्मचारियों पर नई अनुशासनात्मक कार्रवाइयाँ थोप दी गईं, जिससे कार्य का वातावरण और अधिक खराब हुआ है।संघर्ष समिति ने बताया कि इन मुद्दों पर सरकार और प्रबंधन का ध्यान आकर्षित करने के लिए 16 अप्रैल से व्यापक जन-जागरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत बिजली कर्मियों को संगठित किया जा रहा है तथा उपभोक्ताओं को विश्वास में लेकर उनकी समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता पर हल करने का संकल्प लिया जा रहा है।संघर्ष समिति ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन समस्याओं के समाधान की दिशा में पहल करने के बजाय धमकी और भय का वातावरण बनाने का प्रयास कर रहा है। इस प्रकार की नीति से बिजली व्यवस्था में सुधार संभव नहीं है।आज अवकाश के दिन प्रदेश के सभी जनपदों और परियोजनाओं में जन-जागरण अभियान के अंतर्गत बिजली कर्मियों ने आपसी संपर्क कर यह संकल्प दोहराया कि प्रदेश में बिजली का निजीकरण किसी भी स्थिति में नहीं होने दिया जाएगा तथा कर्मचारियों पर की गई सभी उत्पीड़नात्मक कार्रवाइयों को वापस कराया जाएगा।

# डीएम के आदेश पर छापेमारी में लाइफ लाइन अस्पताल पर उठे सवाल

- प्रतिबंधित दवाओं के इस्तेमाल के आरोप, स्वास्थ्य विभाग की जांच में मानकविहीन अस्पतालों पर कार्रवाई
- वायरल वीडियो से मामला गरमाया, बना चर्चा का विषय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित स्वास्थ्य विभाग की जांच टीम ने जनपद में मानकविहीन अस्पतालों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया, जिसमें कई गंभीर अनियमितताएं सामने आने की बात कही जा रही है। इसी कार्रवाई के दौरान शहर के लाइफ लाइन अस्पताल का नाम भी चर्चा में आया है, जहां कथित रूप से प्रतिबंधित दवाओं के इस्तेमाल के संकेत मिले हैं। इस कार्रवाई से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें अस्पताल में दवाओं को लेकर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। हालांकि, वायरल वीडियो की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो सकी है, लेकिन यदि इसमें किए जा रहे दावे सही साबित होते हैं तो यह मरीजों की सुरक्षा के साथ बड़ा खिलवाड़ माना जाएगा। सूत्रों के अनुसार, जांच के दौरान अस्पताल में कुछ मानकों की अनदेखी भी सामने आई है। इसके बावजूद अब तक संबंधित अस्पताल के विरुद्ध किसी तरह की ठोस कार्यवाई नही की गई है, जिससे चर्चाओं का बाजार गर्म है कि लाइफ लाइन अस्पताल में प्रतिबंधित दवाओं के मिलने के बावजूद कार्यवाई न करना अपने आपमे कई सवालों को जन्म दे रहा है वही सूत्रों की मानी जाए तो उक्त अस्पताल में धड़ल्ले से डिलीवरी व महिला मरीजों का उपचार किया जा रहा है जबकि अस्पताल में कोई प्रशिक्षित महिला डॉक्टर उपलब्ध नही रहती है। उसके बावजूद डिलीवरी आदि का कराया जाना संदेहास्पद होना प्रतीत हो रहा है हालांकि यह पूरा मामला स्वास्थ्य विभाग और ड्रग कंट्रोल तंत्र की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। यदि जांच में आरोपों की पुष्टि होती है, तो संबंधित संस्थान पर सख्त कार्रवाई आवश्यक मानी जा रही है।

### जाचं के बाद भी कार्रवाई क्यो नहीं

क्या लाइफ लाइन अस्पताल में प्रतिबंधित दवाओं का उपयोग किया जा रहा था, जांच के बावजूद अभी तक अस्पताल पर ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई। मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी किसकी है क्या पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच होगी,पहले भी कई मौतों के मामले में सुर्खियों में रहा अस्पताल, आखिर कार्यवाई होगी कब ?, जनपद में इस मामले को लेकर चर्चाएं तेज हैं। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस प्रकरण में क्या सख्त कदम उठाता है और स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता व सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्या कार्रवाई करता है।

# आप का स्मार्ट मीटर के खिलाफ प्रदर्शन, दिया ज्ञापन

- स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही लूट को तत्काल रोका जाए: राजीव यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय आवाह्न पर पार्टी के पदाधिकारियों ने जिला विद्युत उपकेन्द्र पर प्रदर्शन कर नारेबाजी की और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर योजना पूरी तरह से फ़ेल हो चुकी है, यह योजना जनता को राहत देने के बजाय आर्थिक शोषण का माध्यम बन गई है।

स्मार्ट मीटर इतने स्मार्ट हैं कि बैलेंस खत्म होते ही तुरंत बिजली काट देते हैं, लेकिन रिचार्ज के बाद भी 02 से 12 घंटे तक बिजली बहाल नहीं होती। कहा कि लाखों उपभोक्ता गलत बिलिंग, तेजी से बैलेंस खत्म होने और बिजली कटौती से परेशान हैं। उन्होंने स्मार्ट मीटर योजना में घोटाले और कमीशनखोरी की आशंका जताई। कहा कि अधिकारियों द्वारा जबरन घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं और बाद में उन्हें प्रीपेड में बदल दिया जाता है। यह जनता के साथ सीधा धोखा है। भीषण गर्मी में बिजली कटौती और स्मार्ट मीटर की खामियों ने आम नागरिकों और किसानों की समस्याओं को बढ़ा दिया है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था बदहाल है। नलकूपों पर भी सरकार ने 4जी सिम-आधारित स्मार्ट मीटर लगाने की योजना शुरू की है, इससे किसानों को अत्यधिक बिजली बिल का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा नेटवर्क कनेक्टिविटी की समस्याओं के चलते मीटर ठीक से काम नहीं कर रहे हैं। सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। मांग की गई है कि स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही लूट को तत्काल रोका जाए। पूरे प्रोजेक्ट की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच की जाए और दोषियों पर कार्रवाई की जाए। जिन उपभोक्ताओं को रिचार्ज के बाद भी समय से बिजली नहीं मिली, उन्हें मुआवजा दिया जाए। साथ ही 1912 हेल्पलाइन को दुरुस्त कर उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। चेतावनी दी गई कि मांगों पर तत्काल कार्रवाई न होने पर प्रदेशभर में आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान जिला महासचिव जेबी सिंह, संतराम सिंह, अनुराग रस्तोगी, वीरेंद्र प्रताप, सदाकत अली, महेंद्र पाल, वैभव श्रीवास्तव, गजेन्द्र शर्मा, प्रशांत मिश्रा, सुभाष सिंह, हसनैन आदि मौजूद रहे।

# एक्सईएन के भ्रष्टाचार के विरुद्ध पूर्व सांसद के लेटर से मचा तूफान

- सीडीओ ने आरोपों की जांच को गठित की दो सदस्यीय टीम
- कमीशनखोरी के चलते चहेती फर्मों व ठेकेदारों को नियम विरूद्ध कार्य देने के आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद रेखा वर्मा के लेटर बम ने लघु सिंचाई विभाग के स्वेच्छाचारी एक्सईएन की भ्रष्ट करतूतों को पटल पर ला कर रख दिया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए सीडीओ डॉ दीक्षा जोशी ने प्रकरण की जांच डीडीओ व एक्सईएन आरईडी की दो सदस्यीय टीम को सौंपी है। दरअसल यह सारा मामला लघु सिंचाई विभाग के रसूखदार एक्सईएन की पैसे की अंधी हवस से जुड़ा है।

इस बाबत पूर्व सांसद श्रीमती वर्मा द्वारा मुख्यमंत्री को लिखे गए पत्र के अनुसार लघु सिंचाई विभाग के एक्सईएन सुवेन्द्र कुमार अपने अधीन सीतापुर व खीरी प्रखण्डों में अपने चहेते ठेकेदारों और उनकी फर्मों से गुणवत्ताविहीन हल्की बोरिंग पाइप सप्लाई करा कर व बोर करा कर भ्रष्टाचार को जम कर तरजीह दे रहे हैं। यही नहीं, वह किसानों से भी अभद्र व्यवहार करते हैं और अधीनस्थ विभागाधिकारियों पर दबाव बनाते हैं। पत्र के मुताबिक एक्सईएन श्री कुमार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में लखीमपुर खीरी में मोटा कमीशन देने वाली अपनी चहेती फर्म पाइप डीलर सुप्रीम इण्टरप्राइजेज को टेण्डर तिथि खत्म हो जाने के बाद भी टेण्डर दे दिया। इस बात का साक्ष्य सुप्रीम इण्टरप्राइजेज द्वारा लघु सिंचाई विभाग में जमा किए गए दस्तावेजों को देखने से स्वतः मिलता है। विभाग को प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों में सुप्रीम इण्टरप्राइजेज ने जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र टेण्डर तिथि समाप्त हो जाने के बाद की तारीख का लगाया है। ऐसे में सवाल यह है कि जब सुप्रीम इण्टरप्राइजेज टेण्डर समाप्त होने की तिथि तक चरित्र प्रमाण पत्र ही न बनवा सकी फिर विभाग ने उसे टेण्डर आखिर कैसे दे दिया। जाहिर है कि जब सैंया भये कोतवाल तब डर काहे का उक्ति को चरितार्थ करते हुए सुप्रीम इण्टरप्राइजेज ने मेहरबान एक्सईएन सुवेन्द्र कुमार की कृपा से नियम विरूद्ध होने के बाद भी यह टेण्डर ले लिया। पत्र में पूर्व सांसद ने आरोप लगाया है कि एक्सईएन ने टेण्डर शर्तों की धज्जियां उड़ा कर उक्त फर्म को टेण्डर देने की आंड़ में जम कर लूट खसोट की। पत्र की मानें तो सुवेन्द्र कुमार मूलतः लखनऊ जिले में तैनात हैं और सीतापुर में इनके पास अतिरिक्त प्रभार है। हरदोई व लखीमपुर खीरी जनपद लखनऊ व सीतापुर खण्ड के अंतर्गत आते हैं। पूर्व सांसद ने कहा है कि लखनऊ, हरदोई, सीतापुर व लखीमपुर खीरी जिलों में एक्सईएन सुवेन्द्र कुमार मध्यम व गहरी बोरिंगों के सापेक्ष किसानों को मिलने वाले समरसिबल और एसेसरीज में अपनी चहेती फर्मों व ठेकेदारों की साठगांव से जम कर धांधली कर रहे हैं। हरदोई व लखनऊ जिलों में एक्सईएन सुवेन्द्र कुमार ने वर्ष 2025-26 में किसानों को समरसिबल दिलाने की आंड़ में अपनी निजी रूचि की फर्मों को प्रति समरसिबल 95 हजार रूपये तक का भुगतान कराया है जबकि यह समरसिबल व एसेसरीज खुली बाजार में अधिकतम 72 हजार, 73 हजार रूपये तक की कीमत पर आम किसानों को उपलब्ध है। ऐसे में एक्सईएन ने प्रति समरसिबल 20 से 25 हजार की खुली लूट की है और किसानों के हक व सरकार की मंशा पर डाका डालने जैसा कार्य किया है। चहेती फर्मों के पंजीकरण में एक्सईएन सुवेन्द्र कुमार ने बिना अधीक्षण अभियंता की पूर्व अनुमति के जम कर घालमेल किया है। मामले में सीडीओ डॉ दीक्षा जोशी ने डीडीओ व आरईडी के एक्सईएन की दो सदस्यीय जांच टीम गठित की है। अब देखने की बात यह है कि मातहतों के विरूद्ध फर्जी शिकायतें करा कर विभाग की छबि धूमिल करने में जुटे सुवेन्द्र कुमार इस लेटर बम का सामना भला किस तरह करते हैं।

### किसान दिवस में उपस्थित हों एक्सईएन

किसान दिवस के विभिन्न आयोजनों में इस बाबत किसान संगठनों के पदाधिकारियों व किसानों ने लघु सिंचाई विभाग के एक्सईएन के इस भ्रष्टाचार और किसानों के शोषण की शिकायत दर्ज करायी। उक्त शिकायतों के निस्तारण के वास्ते एक्सईएन श्री कुमार सूचना देने के बाद भी किसान दिवस के कार्यक्रमों में उपस्थित नहीं हुए। अंततः उक्त प्रकरण के सापेक्ष जिलाधिकारी ने उन्हें मौजूदा माह के तीसरे बुधवार को किसान दिवस के आयोजन में उपस्थित होने को निर्देशित किया है। देखने की बात यह है कि रसूखदार एक्सईएन पर डीएम के यह दिशा निर्देश प्रभावी होते हैं अथवा नहीं।

### 'लाग बुक' खोलेगी 'साहब' के मूवमेंट का राज

विभाग में सर्वत्र फैली चर्चाओं पर गौर करें तो एक्सईएन सुवेन्द्र कुमार अपने सरकार वाहन व ईंधन का प्रयोग अक्सर अपने पारिवारिक व निजी प्रयोजनों से करते आ रहे हैं। उनके वाहन की लाग बुक पर न केवल लखनऊ व सीतापुर बल्कि बरेली जनपद के लिए कहीं अधिक मूवमेंट मिलेगा। बताया जाता है कि बरेली जनपद में साहब का आवास है। हैरत की बात है कि जब शासन ने मुख्यालय पर ही निवास करने के स्पष्ट निर्देश जारी कर रखे हैं तब साहब का यह मूवमेंट गौर करने के काबिल है। इस बिन्दु की निष्पक्ष छानबीन हो तो वास्तविकता क्या है, यह निकल कर बाहर आ सकेगा।

# ऑनलाइन इनवेस्टमेंट व बेटिंग ऐप के जरिए साइबर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जौनपुर । उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन इनवेस्टमेंट और बेटिंग ऐप के माध्यम से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है।इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक शहर आयुश श्रीवास्तव ने रविवार को बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर देवेश सिंह की निगरानी में साइबर क्राइम थाना को सूचना मिली थी कि संगठित गिरोह बनाकर लोगों से इनवेस्टमेंट के नाम पर ठगी की जा रही है। जांच के दौरान साइबर क्राइम पोर्टल, एनसीआरपी पोर्टल व इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से गिरोह का खुलासा किया गया। आरोपित बनारस में किराये का कार्यालय बनाकर टेलीग्राम व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए लोगों को अधिक मुनाफ़े का लालच देकर फर्जी इनवेस्टमेंट और ट्रेडिंग स्कीम में फंसाते थे। शुरुआत में छोटे निवेश पर लाभ दिखाकर पीड़ितों से बड़ी रकम निवेश कराई जाती थी। इसके बाद ठगी की रकम अपने और परिचितों के खातों में मंगाकर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर निकासी कर ली जाती थी।एएसपी शहर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में कृष्णा सिंह (22) निवासी नेवढ़िया थाना क्षेत्र और रामप्रताप सिंह (34) निवासी चंदवक थाना क्षेत्र शामिल हैं। दोनों के खिलाफ एनसीआरपी पोर्टल पर विभिन्न राज्यों से कुल 61 शिकायतें दर्ज हैं, जिनमें लगभग 30 करोड़ रुपये की साइबर ठगी का आरोप है। अब तक जांच में करीब 70 लाख रुपये की धनराशि खातों में मंगाकर निकासी करने के साक्ष्य मिले हैं। आरोपितों के कब्जे से दो मोबाइल फोन, पांच लैपटॉप, पांच फर्जी आधार कार्ड तथा विभिन्न खातों में होल्ड करीब 20 लाख रुपये बरामद किए हैं। मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# मिट्टी के स्वास्थ्य के लिए संतुलित उर्वरक और जैविक खाद अपनाएं किसान: डॉ. दया एस. श्रीवास्तव

- किसान जैव उर्वरकों का करें प्राथमिकता से प्रयोग, घटेगी फसल की लागत, मिलेगा गुणवत्तापूर्ण उत्पादन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। कृषि विज्ञान केन्द्र, कटिया द्वारा विकासखंड एलिया के ग्राम कचनार में 'संतुलित उर्वरक एवं एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन' पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को रासायनिक उर्वरकों के सीमित प्रयोग और जैविक विकल्पों के महत्व के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. दया एस. श्रीवास्तव ने किसानों का आह्वान किया कि वे मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के लिए प्रकृति प्रदत्त 'किसान मित्र' सूक्ष्म जीवों का संरक्षण करें। उन्होंने कहा कि केवल रासायनिक खादों पर निर्भरता मिट्टी के स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचा रही है। बेहतर उत्पादन के लिए देशी खाद, हरी खाद, केंचुआ खाद (वर्मी कम्पोस्ट) और जैव उर्वरकों का समेकित (ऋद्वप्द्दद्न्थप्द्द) प्रयोग आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है।वैज्ञानिकों ने किसानों को संतुलित मात्रा में खाद डालने की सलाह दी ताकि लागत कम हो और भूमि की उत्पादन क्षमता लंबे समय तक बनी रहे।

### 52 किसानों ने ली जैविक खेती की शपथ

इस जागरूकता कार्यक्रम में क्षेत्र के 52 प्रगतिशील किसानों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी किसानों ने एक सुर में मिट्टी को स्वस्थ बनाने का संकल्प लिया और भविष्य में देशी खाद व जैविक खादों को प्रमुखता से अपनाने की सामूहिक शपथ ली।

# अंतर्राष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह यादव ने पत्रकारों को किया सम्मानित



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां, सीतापुर। विधानसभा बिसवा के पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह यादव ने अंतर्राष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में बिसवा के पत्रकारों को अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित।उन्होंने कहा प्रेस की स्वतंत्रता के मौलिक सिद्धांतों का सम्मान करना हम सभी का दायित्व एवं कर्तव्य है। उन्होंने कहा आज डिजिटल दौर में फ़ेक न्यूज़ डिजिटल सर्विलांस और एल्गोटिदम सेंसरशिप पत्रकारों के सामने एक बड़ी चुनौती है।उन्होंने सभी पत्रकार साथियों को प्रेस स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार आशीष मिश्रा,अरुण नाथ सिंह,अश्वनी कुमार त्रिपाठी,नीरज कुमार श्रीवास्तव,संतोष कठेरिया, शावेज खान,मधुकर वर्मा, हरिशंकर गुप्ता,अतुल त्रिवेदी सहित कई पत्रकार गण मौजूद रहे।

### सीतापुर में मुक्तागिरि के देश में पुस्तक का लोकार्पण



**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लाल बाग शहीद उद्यान स्थित हिंदी सभा के नरोत्तम सभागार में प्रख्यात साहित्यकार स्व. राम स्वरूप अवस्थी ड्डरूप जीड्ड की कनिष्ठ सुपुत्री अनुपमा अवस्थी की यात्रा-वृत्तांत आधारित पुस्तक ड्ड मुक्तागिरि के देश में ड्ड का लोकार्पण सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में अवकाश प्राप्त उप जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जयंती दीक्षित एवं निवर्तमान खंड शिक्षा अधिकारी शशि अग्निहोत्री ने संयुक्त रूप से पुस्तक का लोकार्पण किया।पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी शशि अग्निहोत्री ने अनुपमा द्वारा रचित पुस्तक का विमोचन करते हुए कहा कि यह कृति न केवल साहित्यिक दृष्टि से समृद्ध है, बल्कि समाज को नई दिशा देने वाली भी है। उन्होंने लेखिका के प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह पुस्तक पाठकों के बीच विशेष स्थान बनाएगी और व्यापक रूप से सराही जाएगी।आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त सचिव कार्तिकेय मिश्र ने वीडियो संदेश के माध्यम से अपनी शुभकामनाएं प्रेषित कीं। बस्ती की जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्स्ना तथा (आईएएस) राहुल पांडेय ने भी बधाई संदेश भेजे।इस अवसर पर पीसीएस सेवा-निवृत्त निरुपमा मिश्रा एवं एस.बी.एल. मिश्र ने भी अपनी शुभकामनाएं दीं।समारोह में राजकुमार मिश्र, उदय प्रताप त्रिवेदी, देशराज पांडेय, कमलेश पांडेय, जी.एल. गांधी, झंकार नाथ शुक्ल, संदीप त्रिवेदी, लीना त्रिवेदी, अमी किरण अवस्थी, डॉ. मंजू अवस्थी, रामदयाल अवस्थी, नीरजा गुप्ता, मीनू पाठक, सुषमा मोहन पांडेय, रूपेश कुमार, प्रभात अग्निहोत्री, नीरज रस्तोगी, रवि कांत मिश्रा, शशि शुक्ला, नरेश मिश्र सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर लेखिका को शुभकामनाएं प्रेषित की।कार्यक्रम का सफल संचालन हिंदी सभा के महामंत्री रजनीश मिश्र ने किया तथा अध्यक्षता हिंदी सभा के अध्यक्ष आशीष मिश्र ने की। अंत में वरिष्ठ साहित्यकार अरुण मिश्र 'अवध' ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अन्विति एवं कुमार कौस्तुभ मिश्र ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### शादी तय कर बनाए शारीरिक संबंध, दहेज की मांग पूरी न होने पर शादी से किया इंकार, पुलिस ने भेजा जेल



**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना मदनापुर पुलिस ने शादी तय करके शारीरिक संबंध बनाने वाले और दहेज की मांग पूरी न होने पर शादी से इंकार करने वाले आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।01 मई को थाना मदनापुर क्षेत्र की एक युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मदनापुर कस्बा में रहने वाले विनय वर्मा ने उससे शादी का रिश्ता तय करके शारीरिक सम्बन्ध बनाए और बाद में दहेज की मांग की और दहेज की मांग पूरी न करने पर शादी करने से मना कर दिया। पुलिस ने युवती के मेडिकल और तहरीर के आधार पर आरोपी विनय वर्मा के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और उसकी तलाश शुरू की। आज पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अभियोग में वांछित अभियुक्त विनय वर्मा को चन्दोखा तिराहे से गिरफ्तार किया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना मदनापुर के प्रभारी निरीक्षक विश्वजीत प्रताप सिंह के साथ उपनिरीक्षक लालबहादुर और कांस्टेबल बालेश्वर मौजूद रहे।

### 14 महीने बाद फिर डॉ. अनूप श्रीवास्तव को मिला कार्यवाहक सीएमओ का चार्ज



**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद सीतापुर में स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी अहम खबर सामने आई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुरेश कुमार के रिटायर होने के बाद एक बार फिर कार्यवाहक सीएमओ का चार्ज डॉ अनूप श्रीवास्तव को सौंपा गया है। डॉ अनूप श्रीवास्तव कड़क और ईमानदार छवि पिछली बार भी देखी गई थी गौरतलब है कि करीब 14 महीने पहले भी उन्हें एक महीने के लिए कार्यवाहक सीएमओ की जिम्मेदारी दी गई थी। उस दौरान उन्होंने कम समय में जनपद को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने का प्रयास किया था,और सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने कर पूर्ण प्रयास किया था ।जिसकी चर्चा विभाग और आम जनता में हुई थी।अब एक बार फिर जिम्मेदारी मिलने के बाद उनसे उम्मीदें बढ़ गई हैं। माना जा रहा है कि उनके पिछले अनुभव का लाभ जनपद की स्वास्थ्य व्यवस्था को मिलेगा और मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

# किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म का वांछित बाल अपचारी चढ़ा पुलिस के हत्थे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । थाना सदर बाजार पुलिस ने किशोरी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के वांछित बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया है।बीती 20 अप्रैल को थाना सदर बजार पुलिस ने एक व्यक्ति की तहरीर पर बाल अपचारी के खिलाफ अपहरण आदि की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी।

व्यक्ति का आरोप था कि बाल अपचारी उसकी नाबालिग पुत्री को घर से बहला फुसलाकर भगा ले गया है और साथ में 85 हजार रूपये ले गया। इस मामले में पुलिस ने किशोरी को बरामद कर उसका मेडिकल कराया और दर्ज रिपोर्ट में दुष्कर्म और पाक्सों एक्ट आदि धाराओं में बढ़ोत्तरी की। आज थाना सदर बाजार पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर अम्बेडकर पार्क के पास से वांछित बाल अपचारी को अभिरक्षा में लिया। पुलिस के अनुसार, अभिरक्षा में लिए गए बाल अपचारी को नियमानुसार थाना स्थानीय के शिशु गृह में रखा गया तथा उसके साथ किशोर न्याय अधिनियमों के प्राविधानों के अनुरूप व्यवहार किया गया। इसके बाद आवश्यक विवेचनात्मक कार्रवाई पूर्ण करते हुए बालक बाल अपचारी को नियमानुसार किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रकरण में अग्रिम विधिक कार्रवाई प्रचलित है। अभिरक्षा में लेने वाली पुलिस टीम में थाना सदर बाजार के उपनिरीक्षक नरगेश कुमार के साथ का. उज्जवल चौधरी मौजूद रहे।

# सिटी पार्क में पिटबुल से खतरा, भय का माहौल, कार्रवाई की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना रोजा क्षेत्र की पॉश कालोनी सिटी पार्क में पिटबुल जैसे खतरनाक नस्ल के कुत्ते को बिना आवश्यक सुरक्षा उपायों के सार्वजनिक स्थानों पर घुमाया जा रहा है। इससे कालोनी में रहने वाले बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों में भय और असुरक्षा का माहौल है।इसको लेकर सिटी पार्क कालोनी की एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत पत्र की प्रतिलिपि मुख्य सचिव, जिलाधिकारी और नगर आयुक्त को भी भेजी गई है। पत्र में कहा गया कि पिटबुल जैसे खतरनाक कुत्ते के अचानक आक्रामक होने की आशंका के चलते बच्चे पार्क और गलियों में खेलने से डरने लगे हैं। इस कुत्ते को लेकर यहां के कई लोगों ने मौखिक और लिखित शिकायतें दर्ज कराईं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। उन्होंने नगर निगम के नियमों का खुला उल्लंघन बताया। कहा कि खतरनाक नस्ल के कुत्तों के लिए निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है, अगर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। कहा गया कि हाल ही में देश के कई शहरों में पिटबुल जैसे कुत्तों के हमले की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। मांग की गई कि खतरनाक नस्ल के कुत्तों के लिए लागू नियमों का सख्ती से पालन कराया जाए और नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। कालोनी में बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा के लिए नियमित निगरानी एवं प्रवर्तन की व्यवस्था की जाए। चेतावनी दी गई कि अगर 15 दिनों के अंदर कोई कार्रवाई नहीं की गई, तो संस्था सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत संबंधित विभागों से जानकारी मांगने के साथ अन्य कानूनी विकल्पों का सहारा लेगी।बता दें कि हाल ही में पिटबुल को सिटी पार्क कालोनी में घुमाया जा रहा था, इसी दौरान पिटबुल ने अचानक गली के एक कुत्ते पर हमला कर दिया और उसको तब तक नहीं छोड़ा, जब तक वो मरणासन्न अवस्था में नहीं पहुंच गया, जबकि पिटबुल का मालिक आदि उसको छुड़ाते रहे। फिलहाल, खतरनाक पिटबुल से सिटी पार्क कालोनी में रहने वाले बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों में भय और असुरक्षा का माहौल है।

# मिशन से कमीशन की ओर बढ़ी पत्रकारिता, समाज का विश्वास कायम रखना सबसे बड़ी चुनौती: जितेंद्र तिवारी

❒ वंदे मातरम जैसे गीत केवल रचनाएं नहीं थे, बल्कि उन्होंने लोगों के भीतर राष्ट्रभाव जागृत कर आजादी की लड़ाई को नई ऊर्जा दी: जितेन्द्र तिवारी



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के गांधी अध्ययन पीठ सभागार में विश्व संवाद केंद्र वाराणसी की ओर से आयोजित देवर्षि नारद जयंती संगोष्ठी एवं पत्रकार सम्मान समारोह में मीडिया की बदलती दिशा, उसकी विश्वसनीयता और समाज के प्रति जिम्मेदारी जैसे अहम विषयों पर काशी में गंभीर मंथन हुआ।

पंच परिवर्तन : समाज एवं मीडिया विषय पर संपादक जितेंद्र तिवारी ने पत्रकारिता के मूल स्वरूप और वर्तमान चुनौतियों पर बेबाक टिप्पणी की और आज के दौर में मीडिया पर समाज के विश्वास को कायम रखने कोसबसे बड़ी चुनौती बताया। न्यूज एजेंसी के संपादक जितेंद्र तिवारी ने कहा कि पत्रकारिता की शुरुआत एक मिशन के रूप में हुई थी, जिसका उद्देश्य समाज की आवाज़ को सत्ता तक पहुंचाना और जनभावनाओं को अभिव्यक्ति देना था। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान पत्र-पत्रिकाओं ने जनजागरण का सबसे प्रभावी माध्यम बनकर देश को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तिवारी ने उदाहरण देते हुए कहा कि वंदे मातरम जैसे गीत केवल रचनाएं नहीं थे, बल्कि उन्होंने लोगों के भीतर राष्ट्रभाव जागृत कर आजादी की लड़ाई को नई ऊर्जा दी। तिवारी ने स्पष्ट किया कि मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ संविधान ने नहीं, बल्कि समाज ने बनाया है।

न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका की तरह मीडिया के लिए कोई औपचारिक ढांचा नहीं है, फिर भी समाज ने उसे इन तीनों पर नजर रखने और जनता की आवाज़ को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी दी है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता की असली ताकत समाज का विश्वास है और यही उसकी सबसे बड़ी पूंजी भी है।उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि समय के साथ पत्रकारिता मिशन से कमीशन की ओर बढ़ती दिख रही है। जब मीडिया सत्ता के समीकरणों में उलझता है या केवल विरोध के लिए नकारात्मकता खोजता है, तो उसकी विश्वसनीयता पर असर पड़ता है। आज के समय मीडिया पर अपनी खबरोंको लेकर समाज के विश्वास को कायम रखने की सबसे बड़ी चुखौती है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि समाज के हित में सकारात्मक और रचनात्मक पत्रकारिता को बढ़ावा देना आवश्यक है, ताकि लोगों के सामने अच्छे कार्यों और सकारात्मक बदलावों की भी तस्वीर आ सके।संपादक तिवारी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ल्लपंच परिवर्तनङ्क की अवधारणा को पत्रकारिता के लिए एक नई दिशा बताते हुए कहा कि सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्यों जैसे विषयों पर मीडिया की सक्रिय और सकारात्मक भूमिका समय की मांग है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास, जैसे पर्यावरण संरक्षण या सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता, समाज में बड़े बदलाव ला सकते हैं।कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में हेमंत गुप्त उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभिन्न शिक्षाविदों, प्राध्यापकों और पत्रकार उपस्थिति रहे। समारोह के अंत में शिवशंकर पाण्डेय, डॉ. जिनेश पटेल, वंदना सिंह, आदर्श कुमार, सुशांत मुखर्जी और अशोक कुमार मिश्र को पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

## पश्चिम बंगाल में भाजपा बनाएगी पूर्ण बहुमत की सरकार, केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने किया दावा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने दावा किया है कि पश्चिम बंगाल में भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रही है। वहां ममता बनर्जी चुनाव हार रही हैं। इसकी हताशा उनके चेहरे पर साफ दिख रही है।केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी चुनाव हारने जा रही हैं और उनके चेहरे पर हताशा साफ नजर आ रही है।

बीएल वर्मा ने यह बयान रविवार को बदायूं में लोधी छात्रावास के प्रथम स्थापना दिवस कार्यक्रम में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान दिया। केंद्रीय राज्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार पर गुंडागर्दी और तानाशाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जनता इस शासन से परेशान हो चुकी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रशासन और एजेंसियां अपना काम ईमानदारी से करेंगी, चाहे ममता बनर्जी कितना भी ड्रामा कर लें। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि एग्जिट पोल के नतीजों से भी बेहतर परिणाम भाजपा को मिलेंगे। मंत्री बोले- अब छात्रों को दिल्ली-प्रयागराज जाने की जरूरत नहीं इससे पहले, बदायू में लोधी छात्रावास के प्रथम स्थापना दिवस कार्यक्रम में वर्मा ने शिरकत की। उन्होंने कहा कि यह छात्रावास छात्र-छात्राओं के भविष्य को संवारने के लिए वरदान साबित होगा। बताया कि अब बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए दिल्ली या प्रयारागज जाने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस छात्रावास में उन्हें दिल्ली जैसी ही सुविधाएं मिलेंगी।

### भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित दारोगा की पुरानी रील वायरल

बुलंदशहर । जिले के सिकंदराबाद कोतवाली में बतौर एसएसआई के पद पर तैनात निलंबित दारोगा अरुण कुमार का एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से प्रसारित हो रहा है। पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) कलानिधि नैथानी ने रविवार को ही रिश्वत लेने के आरोप में दारोगा को निलंबित किया था।निलंबित दारोगा का जो वीडियो वायरल हो रहा है वो एक फिल्म के फारसी गीत पर रहमान डकैत की स्टाइल में नाचते हुए देखे जा सकते हैं।हालांकि यह वीडियो उनके निलंबित होने से पहले की और पुरानी बतायी है।

## तेज गति से वाहन चलाने, क्षमता से अधिक माल ढोने पर परिवहन विभाग की बड़ी कार्यवाही



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूँ। शासन एवं जिलाधिकारी बदायूं के निर्देशानुसार हरिओम,सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन /प्रवर्तन बदायूं के द्वार रविवार को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों मैं ओवर स्पीड वाहनों एवं ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया गया, जिसमें निर्धारित गति से अधिक गति में वाहन चलाने पर 40 दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के खिलाफ चालान की कारवाही की गई, साथ ही 04 ओवरलोड वाहन थाना फैजगंज एवं उप संभागीय परिवहन कार्यालय बदायूं में सीज के साथ 14 खनन के ओवरलोड वाहनों पर कार्यवाही की गई, जिनके द्वारा लगभग रुपए 4.5 लाख प्रशमन शुल्क सरकारी खाते में जमा कराया गया, सड़क सुरक्षा की दृष्टिगत ओवरलोड एवं ओवर स्पीड वाहनों के खिलाफ कार्यवाही लगातार जारी रहेगी,जन सामान्य से अपील की जाती है कि वाहन निश्चित गति में ही चलाएं अधिक गति मै वाहन ना चलाएं, वाहन की क्षमता के अनुसार ही लोड भरे, अधिक भार भरकर वाहन न चलाएं, यातायात के नियमों का पालन करें, सुरक्षित यातायात में सहयोग करे।

## डीएम व एसपी ने किया काशीराम आवासीय योजना के तहत बने आवासों का निरीक्षण

❒ अवैध रूप से आवासों में रहने वालों को बाहर निकालने के डीएम ने दिए निर्देश। आवासों के आसपास शीघ्र लगेंगे कैमरे

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

चन्दौसी। जिलाधिकारी ने कहा कि काशीराम आवासीय योजना के तहत बने आवासों में कुछ जरुरतमंद परिवार निवास कर रहे हैं। उनकी सुरक्षा दृष्टि से शीघ्र ही आवासों के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाएंगे। शरारती तत्वों पर निगरानी रखी जा सके और उनके द्वारा उत्पाद करने पर कार्रवाई अमल में लाई जा सके। जिलाधिकारी ने नगर पालिका के ई.ओ शीघ्र ही आवासों के आसपास सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए।

साथ ही आवास के बाहर बाउंड्रीबाल, साफ-सफाई व पार्क के सुंदरीकरण करने के निर्देश दिए। बताया गया कि आवास के कुछ हिस्से में पुलिस कर्मियों को आवास दिए जाएंगे, ताकि सुरक्षा चाक-चौबंद बनी रहे। मोहल्ला नखासा में काशीराम आवासीय योजना के तहत कई आवास बने हुए हैं। जिसमें भीख से सीख योजना के तहत 40 से 41 परिवार को प्रशासन ने बसाया है। जबकि अन्य आवासों को लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। उक्त कब्जा धारी लोग प्रशासन द्वारा रखे गए परिवार को डराते-धमकाते हैं और आवास खाली करने को कहते हैं जिसकी शिकायतें जिलाधिकारी तक पहुंच रही थी। शनिवार की दोपहर 12.15 बजे जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पेंसिया व पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई प्रशासनिक अमले के साथ काशीराम आवास योजना के आवासों का निरीक्षण किया। जिसमें काफी संख्या में लोगों ने उक्त आवासों में अवैध रूप से कब्जा कर लिया और आवासों में रह रहे है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी को आवासों के आसपास सफाई नहीं मिली, नालियां टूटी थी और पार्क की दशा बेहाल थी। यह देख जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम को निर्देश दिए कि शीघ्र ही आवासों के आसपास साफ-सफाई दुरुस्त कराई जाए तथा नालियों की मरम्मत कराकर पार्क को सुंदरीकरण कराया जाए। कहा कि शीघ्र ही आवासों के बाहर बाउंड्रीबाल कराई जाए और आवास में प्रवेश के लिए एक गेट खोला जाए। बाहरी लोगों की एंट्री बंद की जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि आवासों की सुरक्षा को देखते हुए कुछ पुलिस कर्मियों को योजना के तहत आवासों में आवास दिए जाएंगे। जिसकी शीघ्र मरम्मत कराई जाएगी। डीएम ने ईओ को शीघ्र ही आवास से बाहरी लोगों को बाहर निकालने के निर्देश दिए हैं।

### विशेष अभियान के तहत 72 अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर। एसपी के निर्देश पर जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बीती रात जनपद के समस्त थाना प्रभारियों ने अपने-अपने थाना क्षेत्र के 72 वांछित, एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, नगर सर्किल में 11, सदर सर्किल में 29, तिलहर सर्किल में 05, जलालाबाद सर्किल में 08, पुवायां सर्किल में 19 वांछित, एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी सिटी देवेन्द्र कुमार ने बताया कि जनपदीय पुलिस ने 72 वांछित/एनबीडब्लू अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। एसपी के निर्देश पर जनपद में पुलिस द्वारा वारंटी, वांछित अभियुक्तों के खिलाफ विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा।

### दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**देवरिया, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के देवरिया जनपद में बघौचघाट पुलिस ने दुष्कर्म के एक मामले में वांछित अभियुक्त को रविवार को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई।अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) आनंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि पॉक्सो एक्ट के तहत नामजद अभियुक्त रवि गोड़ को रविवार को उसके थाना क्षेत्र बघौचघाट स्थित निवास से गिरफ्तार किया गया।प्रकरण के अनुसार, वादिनी ने अपनी तहरीर में आरोप लगाया था कि अभियुक्त रवि गोड़ ने उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर प्रेम जाल में फंसाया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी।पीड़िता के परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि अभियुक्त के परिवार के सदस्यों ने उनके साथ मारपीट की और धमकाया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। अभियुक्त की गिरफ्तारी के बाद उसके विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है और मामले की जांच जारी है।

### बिजनौर में फाइनेंस ट्रैक्टर घोटाला उजागर, सात ट्रैक्टर बरामद ,लाखों की धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**'बिजनौर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद में फाइनेंस कंपनियों के माध्यम से ट्रैक्टर खरीद-बिक्री में बड़े घोटाले का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, एक संगठित गिरोह द्वारा विभिन्न वित्तीय कंपनियों से फाइनेंस पर ट्रैक्टर खरीदकर उनके नंबर प्लेट, चेसिस नंबर व अन्य अभिलेखों में कूटरचना कर बिना भुगतान किए ही आगे बेच दिया जाता था। इस प्रक्रिया में दो-तीन बार तक ट्रैक्टरों की खरीद-फरोख्त की गई, जिससे फाइनेंस कंपनियों को भारी नुकसान हुआ।मामले में महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंस कंपनी और एयू स्मॉल फाइनेंस कंपनी ने 27 अप्रैल 2026 को अपने-अपने ट्रैक्टर गायब होने की शिकायत दर्ज कराई। वहीं, चोला मंडलम फाइनेंस कंपनी द्वारा भी एक ट्रैक्टर के गायब होने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। सभी मामलों में थाना कोतवाली देहात, बिजनौर में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।पुलिस की विवेचना के दौरान करीब 53 लाख रुपये मूल्य के 7 ट्रैक्टर बरामद किए गए हैं। बरामद ट्रैक्टरों में स्वराज, महिंद्रा, सोनालिका और न्यू हॉलैंड कंपनियों के मॉडल शामिल हैं। सभी ट्रैक्टरों को अलग-अलग स्थानों से कब्जे में लिया गया।पुलिस के अनुसार, इस गिरोह के सदस्य ट्रैक्टरों को फर्जी कागजात तैयार कर अन्य जिलों में बेच देते थे, जिससे फाइनेंस कंपनियों को यह पता ही नहीं चल पाता था कि ट्रैक्टर किसके पास हैं और लोन डिफॉल्ट होने के बाद भी रिकवरी संभव नहीं हो पाती थी। इस मामले में तीन आरोपियों के नाम सामने आए हैं, जिनमें जावेद (निवासी ग्राम गांगपुर, थाना कोतवाली देहात), संजीव कुमार (निवासी थाना किरतपुर क्षेत्र) और भूपेंद्र सिंह (निवासी मोहम्मदपुर देवमल, थाना मंडावर) शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, ये सभी आरोपी फिलहाल फरार हैं और उनकी गिरफ्तारी के लिए दो पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।पुलिस क्षेत्राधिकारी संग्राम सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ अन्य जनपदों में भी इसी प्रकार की धोखाधड़ी के मामले सामने आ सकते हैं, जिनकी जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### बजरंग दल के अभ्यास वर्ग में युवाओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

**मीरजापुर , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अदलहाट क्षेत्र के गरौंडी स्थित नवज्योति इंटर कॉलेज में रविवार को विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के तत्वावधान में एक दिवसीय अभ्यास वर्ग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल युवाओं को शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण दिए गए।बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता क्षेत्र सेवा प्रमुख राकेश श्रीवास्तव ने कहा कि बजरंग दल का उद्देश्य राष्ट्र की रक्षा के साथ समाज सेवा को बढ़ावा देना है। उन्होंने संगठन की कार्यशैली पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से अनुशासन में रहकर सेवा कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।अभ्यास वर्ग के दौरान प्रतिभागियों को आत्मरक्षा के तरीके सिखाए गए और उन्हें फिट व सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया।इस मौके पर विभाग संयोजक प्रवीण, विभाग मंत्री रामचंद्र शुक्ला, विभाग संगठन मंत्री अमित तथा चुनार जिलाध्यक्ष दिनेश प्रकाश मौजूद रहे। कार्यक्रम में जिला मंत्री कृष्ण गोपाल, जिला संयोजक अर्जुन, जिला उपाध्यक्ष जगदीश समेत अभिषेक, जयप्रकाश, अभिनय, पंकज मिश्र, शुभम और रितेश सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। अंत में वक्ताओं ने युवाओं से राष्ट्रहित में सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया।

### कौशांबी में मिट्टी का टीला ढहने से मां-बेटी समेत तीन की मौत

**कौशांबी , कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश में जनपद कौशांबी के मंझनपुर थाना क्षेत्र में रविवार को खुदाई के दौरान मिट्टी का टीला ढहने से उसकेमलबे में छह से अधिक लोग दब गए। जब तक ग्रामीणों ने सभी को निकालकर अस्पताल पहुंचाया तब तक मां-बेटी सहित तीन लोगों की मौतहो गई। सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने घटना की जांच पड़ताल की।सीओ सदर शिवांक सिंह ने बताया कि कौशाम्बी जनपद के मंझनपुर तहसील अंतर्गत चाकथामा गांव की कुछ महिलाएं रविवार को अपने मकान और चुल्हे की पुताई के लिए गांव के पास बने तालाब में मिट्टी की खुदाई करने गई थी। खोदते समय मिट्टी का एक बड़ा हिस्सा भरभराकर गिर गया, जिसमें कई लोग दब गए। चीख-पुकार मचते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू कर सभी लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया है। अन्य को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं।सीओ ने बताया कि इस घटना में गांव के रहने वाली गीता देवी (35) उसकी बेटी अंकिता (6) और पड़ोसी महिला उत्तरा देवी (55) की मौत हो गई है। वहीं, गीता का बेटा अमित अन्य महिला जितिया देवी का इलाज चल रहा है। चिकित्सकों ने दोनों की हालत खतरे से बाहर बतायी है। मामले की जांच की जा रही है।घटना की सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया गया और पीड़ितों को हरसंभव मदद पहुंचाने

### जेसीबी की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, पत्नी-बेटी गंभीर

**मीरजापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मीरजापुर-रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव के पास शनिवार रात हुए सड़क हादसे में घायल बाइक सवार युवक की उपचार के दौरान रविवार को मंडलीय चिकित्सालय में मौत हो गई। हादसे में उसकी पत्नी और बेटी गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका इलाज जारी है।मध्य प्रदेश के मऊगंज जिले के हनुमना थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरहना गांव निवासी 32 वर्षीय गोपाल दास मौर्य अपनी 30 वर्षीय पत्नी राजकुमारी मौर्य और 13 वर्षीय पुत्री पूजा के साथ बाइक से हलिया थाना क्षेत्र के परसिया कलां गांव स्थित ससुराल से वापस घर लौट रहे थे।बताया गया कि जैसे ही वे भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में यादव ढाबा के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार जेसीबी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने घायलों को हलिया पीएचसी भेजा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

## बदायूं-मुरादाबाद हाईवे के किनारे दुकान में घुसी डीसीएम, दीवार और टिनशेड गिरी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। वजीरगंज कस्बे में रात एक डीसीएम हाईवे पर अनियंत्रित हो गई, जिससे डीसीएम दुकान में जा घुसी। इससे दुकान की दीवार और टिनशेड गिर गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

आपको बता दे कि वजीरगंज में देर रात बदायूं-मुरादाबाद हाईवे पर हादसा हो गया। तेज रफ्तार डीसीएम अनियंत्रित होकर राजेंद्र कुमार एंड ब्रदर्स उर्फ रज्जू लोहिया की दुकान में जा घुसी, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। यह घटना देर रात करीब साढ़े तीन बजे के लगभग बताई जा रही है। रविवार सुबह पुलिस को सूचना मिली। इसके बाद थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर डीसीएम को दुकान से बाहर निकलवाया और कब्जे में ले लिया। हादसे में दुकान को भारी क्षति पहुंची है। डीसीएम की टक्कर से दुकान की दीवार गिर गई, जिससे कई मशीनें दब गईं। दुकान मालिक के अनुसार, दुकान में लगभग लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। डीसीएम चालक ने बताया कि वह देर रात मेरठ से कानपुर के लिए जा रहा था। वजीरगंज पहुंचने पर उसे अचानक नींद आ गई, जिसके कारण उसकी गाड़ी अनियंत्रित होकर दुकान में जा घुसी। चालक ने यह भी बताया कि इस हादसे में किसी को भी कोई चोट नहीं आई है। थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। जिसके आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## साहित्य समाज को जागरूक करने का सबसे प्रभावी माध्यम : डॉ. राधेश्याम मिश्रा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



कानपुर । साहित्य समाज का दर्पण है और यह लोगों को जागरूक करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। कवि और लेखक अपने शब्दों से समाज को दिशा देने का कार्य करते हैं। आज के समय में साहित्य की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है और सामाजिक चेतना मजबूत होती है। साहित्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम है। यह बातें रविवार को कवि डॉ राधेश्याम मिश्रा ने कहीं।मानव कल्याण महिला समिति द्वारा खलासी लाइन स्थित सभागार में एक साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर महेश प्रसाद गुप्त, ओम प्रकाश अग्रवाल, अरविन्द पिलानिया और प्रेम नारायण सोमानी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत करते हुए आयोजकों ने समिति की गतिविधियों और उद्देश्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्था लंबे समय से सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान साहित्य के विभिन्न आयामों-कविता, कहानी और लेखन-पर चर्चा की गई और बताया गया कि किस प्रकार साहित्य समाज को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में तेजी से बदलते सामाजिक परिवेश में साहित्य की भूमिका और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

## ग्राम पंचायतों में आज भी बुनियादी सुविधाओं का अभाव , ग्रामीणों के लिए बड़ी चुनौती

❒ करीब 2600 मीटर तथा मोन ग्राम पंचायत के गहिरा मोड़ से पूरे अचली तक लगभग एक किलोमीटर लंबा मार्ग वर्षों से कच्चा और जर्जर स्थिति हालत में है



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

रायबरेली। जिले की महराजगंज तहसील के कई ग्राम पंचायतों में आज भी बुनियादी सुविधाओं का अभाव ग्रामीणों के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। खासकर ग्राम मऊ के दशवंतपुर से लेकर सभा पंचायत मोन के बखतखेर गांव तक करीब 2600 मीटर तथा मोन ग्राम पंचायत के गहिरा मोड़ से पूरे अचली तक लगभग एक किलोमीटर लंबा मार्ग वर्षों से कच्चा और जर्जर स्थिति में है। इससे जुड़े गांवों के हजारों लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

आपको बता दें कि, ग्रामीणों राजन लोधी, अमृत लाल, राम सुमिरन लोधी, संतलाल आदि के अनुसार, इन मार्गों के पक्कीकरण की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के चलते अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। कई बार शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इस दिशा में गंभीर नजर नहीं आए, जिससे लोगों में भारी नाराजगी है। बरसात के मौसम में हालात और बदतर हो जाते हैं। कीचड़, जलभराव और फिसलन के कारण बच्चों का स्कूल जाना मुश्किल हो जाता है। कई बार बच्चे रास्ते में गिरकर घायल हो जाते हैं। वहीं, बीमार और बुजुर्गों के लिए यह मार्ग किसी जोखिम से कम नहीं है। एंबुलेंस गांव तक नहीं पहुंच पाती, जिससे मरीजों को चारपाई पर लादकर अस्पताल ले जाना पड़ता है। समय पर इलाज न मिलने से कई लोगों की जान तक जा चुकी है।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि, इन मार्गों से जुड़े अधिकतर गांवों में दलित/पिछड़ा/ओबीसी समुदाय के लोग निवास करते हैं, जिसके कारण उनके साथ भेदभाव किया जा रहा है और सड़क निर्माण कार्य को जानबूझकर नजरअंदाज किया गया है। हालांकि, इस मामले में कुछ उम्मीद जरूर जगी है। जानकारी के अनुसार, 31 सितंबर 2025 को मंडी समिति बछरावां के सचिव को इस मार्ग के संबंध में पत्र भेजा गया था। ग्राम पंचायत मोन द्वारा गहिरा मोड़ से दशवंतपुर तक मिट्टी भराई का कार्य पहले ही कराया जा चुका है।

इसके बाद मंडी सचिव ने सड़क के डामरीकरण के लिए स्वीकृति पत्र मांगा, जो अब प्राप्त हो चुका है। बताया जा रहा है कि, 26 मार्च 2026 को सड़क निर्माण के लिए धनराशि भी जारी कर दी गई, लेकिन हैरानी की बात यह है कि, अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। गहिरा मोड़ से पूरे अचली तक लगभग एक किलोमीटर कच्चे मार्ग की स्थिति भी बेहद खराब है।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में धरना-प्रदर्शन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देवरिया । देवरिया में रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) की जिला इकाई ने स्मार्ट मीटर के विरोध में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष हरी नारायण चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता कार्यालय के बाहर स्मार्ट मीटर की प्रतीकात्मक प्रतियां जलाकर विरोध जताया। इस दौरान एसडीओ अमित प्रताप हिंदू को राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा गया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर के नाम पर आम जनता और किसानों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। हरी नारायण चौहान ने कहा कि पहले जहां बिजली बिल लगभग 1500 रुपये आता था, वहीं अब वही बढ़कर 6000 से 7000 रुपये तक पहुंच रहा है, जिससे उपभोक्ता परेशान हैं।उन्होंने मांग की कि स्मार्ट मीटर व्यवस्था को तत्काल बंद किया जाए और बिजली विभाग पहले अपनी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करे। साथ ही बिजली कटौती रोकने और जर्जर तारों को ठीक कराने की भी मांग उठाई गई। जिला प्रभारी नुएल होदा ने कहा कि उपभोक्ताओं की सहमति के बिना स्मार्ट मीटर नहीं लगाए जाने चाहिए और मीटरों की कार्यप्रणाली व बिलिंग प्रणाली की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।महासचिव मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि आम आदमी पार्टी हमेशा शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी।ज्ञापन में पार्टी ने आरोप लगाया कि प्रदेश में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर पारदर्शिता देने के बजाय जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रहे हैं। प्रीपेड मीटर व्यवस्था, गलत रीडिंग, अत्यधिक बिलिंग और बिजली आपूर्ति में बाधा से उपभोक्ता परेशान हैं। इसके अलावा किसानों के नलकूपों पर लगाए जा रहे 4जी सिम आधारित स्मार्ट मीटरों को लेकर भी चिंता जताई गई, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में समस्याएं बढ़ रही हैं। कार्यक्रम के दौरान संगठन विस्तार पर चर्चा करते हुए पार्टी ने 2027 के विधानसभा चुनाव में मजबूती से उतरने का संकल्प लिया। धरना-प्रदर्शन में रविंद्र चौहान, सुरेश कुमार, रामप्रसाद तिवारी, मनोज श्रीवास्तव, बंधन यादव व रविंद्र चौबे सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । कौड़िया बाजार स्थित सम्मय माता पैड़ीबरा में रविवार से नौ दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव का आयोजन शुरू हो रहा है।पूज्य राजन महाराज द्वारा की जाने वाली श्री राम कथा महोत्सव से पह ले सम्मय माता मंदिर पैड़ीबरा से सरयू घाट करनै लगंज तक एक कलश यात्रा निकाली गई है।इस कलश यात्रा में सैकड़ों गाड़ियों का काफिला शामि ल हुआ श्रद्धालु करनैलगंज सरयू घाट से मां सरयू का जल भरने के बाद कलश में लेकर सम्मय माता मंदिर पैड़ी बरा पहुंचे जहां कलश स्थापना की गईं है। कथा राजन जी महाराज ने कथा के महत्व पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि सत्य की राह पर च लने वाला व्यक्ति ही वास्तव में परमात्मा को प्राप्त करता है।सत्य ही शिव है और शिव ही सुंदर है। किसी भी व्यक्ति की सुंदरता उसके स्वरूप से नहीं बल्कि उसके सत्य मार्ग पर चलने से प्राप्त होती है।उन्होंने कहा कि मनुष्य का स्वरूप उम्र के साथ बदलता रहता है,लेकिन जो परम सत्य परमात्मा है उसका स्वरूप युगों-युगों से एक ही है।इसका अर्थ है कि परमात्मा ही सत्य है और सत्य मार्ग पर चल ने वाला ही परमात्मा को प्राप्त करता है।उन्होंने श्रो ताओं से अपने नेत्रों को श्री ठाकुर जी के चरणों के दर्शन में लगाने और जीवन को धन्य बनाने का आ ह्वान किया।वही इस कथा में गोंडा देवीपाटनमंडल के चारों जिलों के साथ-साथ आसपास के चार अ न्य मंडलों से भी लोगों को कथा सुनने के लिए आ मंत्रित किया गया है। यह श्रीराम कथा वर्ष 2022 में कटरा बाजार के भाजपा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनि धि भवानी भीख शुक्ला के द्वारा बुक की गई थी। चार साल के अंतराल के बाद अब इसका आयोज न हो रहा है।वही इस श्री राम कथा में योगी सरका र के सभी मंत्रीमंडल के मंत्री और सभी विधायकों को भी आमंत्रित किया गया है पक्ष और विपक्ष दो नों को आमंत्रित किया गया है वही कथा के पहले दिन श्री राम कथा हजारों प्रेमी मौजूद रहे।

# खेलते समय गड्ढे में डूबने से बच्चे की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । अवैध मिट्टी खनन से बने गड्ढे में डूबकर शनि वार देर शाम एक 5 साल के बच्चे की मौत हो गई। यह घटना रामनगर तिराहा से पथरी बाजार जाने वाले सड़क मार्ग के बगल हुई।मिली जानका री के अनुसार देहात कोतवाली क्षेत्र के चिश्तीपुर गांव का अमन प्रजापति अपने बड़े भाई मोनू प्रजापति (10) के साथ सड़क किनारे खेल रहा था।खेलते समय दोनों बच्चे फिसल कर अचानक गड्ढे में गिर गए। जिसमे बारिश का पानी भरा होने के कारण अमन डूब गया और उसकी मौत हो गई। वहीं मोनू को लोगों ने बचा लिया, किन्तु इस दौरान वह भी घायल हो गया था।स्थानीय लोगों के अनुसार यह गड्डा एसबीएफ ब्रिक फील्ड के मालि क फिरोज नियाजी द्वारा बिना अनुमति के मिट्टी खनन कराए जाने से बना था। जिसमे बरसात के कारण पानी भर गया था। यह गड्डा लोक निर्माण विभाग की सड़क के किनारे स्थित था। सूचना मिलने पर देहात कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को पोस्टमार्टम के लिए सम झाने का प्रयास किया, लेकिन वे तैयार नहीं हुए। इसके बाद अमन का अंतिम संस्कार कुछ ही दूरी पर कर दिया गया।घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय लेखपाल प्रवीण कुमार भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात किया, लेकिन गड्ढे की जांच किए बिना ही लौट गए। वहीं खनन अधिकारी डॉ. अभय रंजन ने बताया कि जिस जगह पर घटना हुई है, उस जगह पर मिट्टी खनन की परमिशन नहीं ली गई थी। बिना परमिशन वहां पर अवैध रूप से मिट्टी की खुदाई करके गड्ढा बनाया गया है। इनके पास मिट्टी खनन का एक परमिशन है, जो अन्य गाटा संख्या का है। मामले की भी जांच कराई जा रही है। जांच में जो भी निकाल कर आएगा उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध तमंचा और कारतूस के साथ युवक बंदी

अमेठी । थाना संग्रामपुर पुलिस ने एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर रोहित तिवारी पुत्र महेन्द्र प्रकाश तिवारी निवासी ग्राम डेहरा मौजा विशेषरगंज थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब सत्ताइस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक तमंचा एक जिंदा कारतूस 7.65 बोर बरामद हुआ है। इस सम्बंध में गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# मिशन से कमीशन की ओर बढ़ी पत्रकारिता, समाज का विश्वास कायम रखना सबसे बड़ी चुनौती: जितेंद्र तिवारी

एजेंसी

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के गांधी अध्ययन पीठ सभागार में विश्व संवाद केंद्र वाराणसी की ओर से आयोजित देवर्षि नारद जयंती संगोष्ठी एवं पत्रकार सम्मान समारोह में मीडिया की बदलती दिशा, उसकी विश्वसनीयता और समाज के प्रति जिम्मेदारी जैसे अहम विषयों पर काशी में गंभीर मंथन हुआ। ल्लपंच परिवर्तन : समाज एवं मीडियाङ्क विषय पर हिन्दुस्थान समाचार न्यूज एजेंसी के संपादक जितेंद्र तिवारी ने पत्रकारिता के मूल स्वरूप और वर्तमान चुनौतियों पर बेबाक टिप्पणी की और आज के दौर में मीडिया पर समाज के विश्वास को कायम रखने को सबसे बड़ी चुनौती बताया। पत्रकारिता की शुरुआत एक मिशन के रूप में हुई थी, जिसका उद्देश्य समाज की आवाज़ को सत्ता तक पहुंचाना और जनभावनाओं को अभिव्यक्ति देना था। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान पत्र-पत्रिकाओं ने जनजागरण का सबसे प्रभावी माध्यम बनकर देश को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। तिवारी ने उदाहरण देते हुए कहा कि ल्लवंदे मातरम्ङ्क जैसे गीत केवल रचनाएं नहीं थे, बल्कि उन्होंने लोगों के भीतर राष्ट्रभाव जागृत कर आजादी की लड़ाई को नई ऊर्जा दी।

तिवारी ने स्पष्ट किया कि मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ संविधान ने नहीं, बल्कि समाज ने बनाया है। न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका की तरह मीडिया के लिए कोई औपचारिक ढांचा नहीं है, फिर भी समाज ने उसे इन तीनों पर नजर रखने और जनता की आवाज़ को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी दी है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता की असली ताकत समाज का विश्वास है और यही उसकी सबसे बड़ी पूंजी भी है।

उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि समय के साथ पत्रकारिता मिशन से कमीशन की ओर बढ़ती दिख रही है। जब मीडिया सत्ता के समीकरणों में उलझता है या केवल विरोध के लिए नकारात्मकता खोजता है, तो उसकी विश्वसनीयता पर असर पड़ता है। आज के समय मीडिया पर अपनी खबरों

को लेकर समाज के विश्वास को कायम रखने की सबसे बड़ी चुखौती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि समाज के हित में सकारात्मक और रचनात्मक पत्रकारिता को बढ़ावा देना आवश्यक है, ताकि लोगों के सामने अच्छे कार्यों और सकारात्मक बदलावों की भी तस्वीर आ सके।

संपादक तिवारी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के ल्लपंच परिवर्तनङ्क की अवधारणा को पत्रकारिता के लिए एक नई दिशा बताते हुए कहा कि सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्यों जैसे विषयों पर मीडिया की सक्रिय और सकारात्मक भूमिका समय की मांग है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे प्रयास, जैसे पर्यावरण संरक्षण या सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता, समाज में बड़े बदलाव ला सकते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में हेमंत गुप्त उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभिन्न शिक्षाविदों, प्राध्यापकों और पत्रकार उपस्थिति रहे। समारोह के अंत में शिवशंकर पाण्डेय, डॉ. जिनेश पटेल, वंदना सिंह, आदर्श कुमार, सुशांत मुखर्जी और अशोक कुमार मिश्र को पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

# गायब मोबाइल फोन पाकर 251 चेहरों पर आई मुस्कान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । हाईटेक जमाने में ज्यादातर लोगों के हाथ में महंगे मोबाइल हैं। मोबाइल खो जाएं, तो चेहरे की हंसी उड़ जाती है।खोया हुआ मोबाइल वापस मि ल जाए,तो लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं होता। रविवार को ऐसे एक-दो पीड़ित नहीं 251 लोग थे। जिनके गायब और चोरी हुए मोबाइल एसपी विनी त जायसवाल ने उन्हें वापस लौटाए।पुलिस का दा वा है बरामद मोबाइल की कीमत करीब इक्यावन लाख रुपये है।एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि सर्विलांस टीम की मदद से खोए हुए मोबाइल बरामद किए जाते हैं।आई शिकायतों पर सर्विलांस टीम काम कर रही थी,एक-एक करके मोबाइल ब रामद किए जा रहे थे। किसी का मोबाइल जेब से गिर गया था, तो किसी का मोबाइल बाजार में चो री हुआ था। पुलिस ने बताया कि वर्ष 2025 के दौरान अब तक जनपदीय पुलिस और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम द्वारा कुल 695 खोये हुए मो बाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किये गये हैं।मोबाइल मिलने के बाद पी ड़ितों की खुशी का ठिकाना नहीं था।एसपी ने जन हित में की अपील : एसपी विनीत जायसवाल ने आमजन से अपील की है वे अपने मोबाइल फोन में 'संचार साथी'' एप को प्ले-स्टोर से डाउनलोड कर लें। जिससे भविष्य में मोबाइल खो जाने की स्थिति में पंजीकृत मोबाइल नंबर पर आवश्यक सूचनाएं प्राप्त होती रहें।मोबाइल खोने की स्थिति में मोबाइल की बिल व आईएमईआई,आधार कार्ड एवं पहचान पत्र के साथ अपने स्थानीय थाने पर उपस्थित होकर सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।मोबाइल मिलने की स्थिति में पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही की सूचना पंजीकृत मोबाइ ल नंबर पर प्राप्त होती रहेगी।एसपी ने खोये हुए मोबाइलों की बरामदगी में उत्कृष्ट कार्य करने वा ली सर्विलांस टीम को पुरस्कृत किये जाने की घो षणा भी की गई।

# जनपद के 08 परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुई नीट-2026 की प्रवेश परीक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## 3279 परीक्षार्थियों के सापेक्ष उपस्थित रहे 3212 अभ्यर्थी

बहराइच । राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी, नई दिल्ली द्वारा जनपद के 08 परीक्षा केन्द्रों पर अपरान्ह 02:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक सम्पन्न प्रवेश परीक्षा में कुल 3279 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 3212 उपस्थित रहे। जबकि अनुपस्थित रहने वाले परीक्षार्थियों की संख्या 67 रही। इस प्रकार 97.96 परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा केन्द्र वार उपस्थित एवं अनुपस्थित परीक्षार्थियों की बात की जाये तो 384 परिक्षार्थियों के लिए नामित परीक्षा केन्द्र राजकीय इण्टर कालेज में 376 उपस्थित तथा 08 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार राजकीय बालिका इण्टर कालेज में 360 के सापेक्ष 349 उपस्थित तथा 11 अनुपस्थित, आज़ाद इण्टर कालेज में 384 के सापेक्ष 372 उपस्थित तथा 12 अनुपस्थित, महाराज सिंह इण्टर कालेज में 408 के सापेक्ष 404 उपस्थित तथा 04 अनुपस्थित, महिला महाविद्यालय में 480 के सापेक्ष 472 उपस्थित तथा 08 अनुपस्थित, किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 792 के सापेक्ष 778 उपस्थित तथा 14 अनुपस्थित, तारा महिला इण्टर कालेज में 240 के सापेक्ष 234 उपस्थित तथा 06 अनुपस्थित रहे तथा आर्य कन्या इण्टर कालेज में 231 के सापेक्ष 227 उपस्थित तथा 04 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार कुल 3279 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 3212 उपस्थित तथा 67 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार उपस्थित परीक्षार्थियों का प्रतिशत 97.96 रहा जबकि 2.04 प्रतिशत परीक्षार्थी अनपुपस्थित रहे।

# स्मार्ट मीटर के विरोध में धरना-प्रदर्शन

देवरिया। देवरिया में रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) की जिला इकाई ने स्मार्ट मीटर के विरोध में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष हरी नारायण चौहान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता कार्यालय के बाहर स्मार्ट मीटर की प्रतीकात्मक प्रतियां जलाकर विरोध जताया। इस दौरान एसडीओ अमित प्रताप हिंदू को राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर के नाम पर आम जनता और किसानों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। हरी नारायण चौहान ने कहा कि पहले जहां बिजली बिल लगभग 1500 रुपये आता था, वहीं अब वही बढ़कर 6000 से 7000 रुपये तक पहुंच रहा है, जिससे उपभोक्ता परेशान हैं। उन्होंने मांग की कि स्मार्ट मीटर व्यवस्था को तत्काल बंद किया जाए और बिजली विभाग पहले अपनी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करे। साथ ही बिजली कटौती रोकने और जर्जर तारों को ठीक कराने की भी मांग उठाई गई। जिला प्रभारी नुएल होदा ने कहा कि उपभोक्ताओं की सहमति के बिना स्मार्ट मीटर नहीं लगाए जाने चाहिए और मीटरों की कार्यप्रणाली व बिलिंग प्रणाली की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। महासचिव मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि आम आदमी पार्टी हमेशा शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी। ज्ञापन में पार्टी ने आरोप लगाया कि प्रदेश में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर पारदर्शिता देने के बजाय जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल रहे हैं। प्रीपेड मीटर व्यवस्था, गलत रीडिंग, अत्यधिक बिलिंग और बिजली आपूर्ति में बाधा से उपभोक्ता परेशान हैं। इसके अलावा किसानों के नलकूपों पर लगाए जा रहे 4जी सिम आधारित स्मार्ट मीटरों को लेकर भी चिंता जताई गई, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में समस्याएं बढ़ रही हैं।

# देश में गोंडा जिले का नाम रोशन कर रहे क्रिकेट के खिलाड़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । भारतीय क्रिकेटर अजिंक्या रहाणे की कप्ता नी में मुम्बई की टीम से खेलेंगे गोंडा के आदित्य। दरअसल भारतीय क्रिकेटर और कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्या रहाणे की कप्तानी में आदित्य सिंग खेलेगा।इस लीग में भारतीय क्रिके टर शिवम दुबे श्रेयस अय्यर,सूर्यकमार यादव,यश स्वी जायसवाल, श्रद्धालु ठाकुर और तुषार देश पाण्डेय जैसे बड़े क्रिकेटर भी लीग में लेंगे हिस्सा। इस लीग के ब्रांड एंबेसडर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा हैं।आदित्य सत्य प्रकाश सिंह का सिलेक्शन मुंबई टी 20 टीम में हुआ है। आदित्य सिंह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले के थाना उमरी बेगमगंज के निवासी है।

# बिजनौर में फाइनेंस ट्रैक्टर घोटाला उजागर, सात ट्रैक्टर बरामद ,लाखों की धोखाधड़ी का मामला दर्ज

एजेंसी



बिजनौर । जनपद में फाइनेंस कंपनियों के माध्यम से ट्रैक्टर खरीद-बिक्री में बड़े घोटाले का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, एक संगठित गिरोह द्वारा विभिन्न वित्तीय कंपनियों से फाइनेंस पर ट्रैक्टर खरीदकर उनके नंबर प्लेट, चेसिस नंबर व अन्य अभिलेखों में कूटरचना कर बिना भुगतान किए ही आगे बेच दिया जाता था। इस प्रक्रिया में दो-तीन बार तक ट्रैक्टरों की खरीद-फरोख्त की गई, जिससे फाइनेंस कंपनियों को भारी नुकसान हुआ।

मामले में महिंद्रा एंड महिंद्रा फाइनेंस कंपनी और एयू स्मॉल फाइनेंस कंपनी ने 27 अप्रैल 2026 को अपने-अपने ट्रैक्टर गायब होने की शिकायत दर्ज कराई। वहीं, चोला मंडलम फाइनेंस कंपनी द्वारा भी एक ट्रैक्टर के गायब होने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। सभी मामलों में थाना कोतवाली देहात, बिजनौर में भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

पुलिस की विवेचना के दौरान करीब 53 लाख रुपये मूल्य के 7 ट्रैक्टर बरामद किए गए हैं। बरामद ट्रैक्टरों में स्वराज, महिंद्रा, सोनालिका और न्यू हॉलैंड कंपनियों के मॉडल शामिल हैं। सभी ट्रैक्टरों को अलग-अलग स्थानों से कब्जे में लिया गया।

पुलिस के अनुसार, इस गिरोह के सदस्य ट्रैक्टरों को फर्जी कागजात तैयार कर अन्य जिलों में बेच देते थे, जिससे फाइनेंस कंपनियों को यह पता ही नहीं चल पाता था कि ट्रैक्टर किसके पास हैं और लोन डिफॉल्ट होने के बाद भी रिकवरी संभव नहीं हो पाती थी। इस मामले में तीन आरोपियों के नाम सामने आए हैं, जिनमें जावेद (निवासी ग्राम गांगपुर, थाना कोतवाली देहात), संजीव कुमार (निवासी थाना किरतपुर क्षेत्र) और भूपेंद्र सिंह (निवासी मोहम्मदपुर देवमल, थाना मंडावर) शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, ये सभी आरोपी फिलहाल फरार हैं और उनकी गिरफ्तारी के लिए दो पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी संग्राम सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ अन्य जनपदों में भी इसी प्रकार की धोखाधड़ी के मामले सामने आ सकते हैं, जिनकी जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में आप का प्रदेशभर में प्रदर्शन, गोरखपुर में सौंपा ज्ञापन

गोरखपुर। उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर व्यवस्था के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने प्रदेशभर में जोरदार प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिला विद्युत उपकेन्द्रों पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। गोरखपुर में जिलाध्यक्ष विजय कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में स्मार्ट मीटर को ल्लडिजिटल लूटङ्क बताते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर व्यवस्था से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी हो रही है-रिचार्ज के बाद भी घंटों बिजली नहीं मिलती और बिलों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये की इस योजना में पारदर्शिता की कमी है और बड़े घोटाले की आशंका है। साथ ही, किसानों पर लगाए जा 4क्क स्मार्ट मीटर से भी बिजली बिल बढ़ने और नेटवर्क समस्या के कारण सिंचाई प्रभावित हो रही है।

# दुर्घटना में बाइक सवार तीन की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले के थाना नवाबगंज क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई।यह हादसा नवाबगंज थाना क्षेत्र के गां व कनकपुर के पास हुआ।मृतकों में पति,पत्नी व बेटा शामिल हैं।मिली जानकारी के अनुसार बस्ती जिले के गंगापुर कलवारी निवासी मानसिंह (35 वर्ष) उनकी पत्नी उर्मिला (29 वर्ष) और बेटा लव कुश (12 वर्ष) बाइक से बहराइच जिले के ग्यारह सौ रेती गांव में अपने साले की बेटी के शादी समा रोह में शामिल होने जा रहे थे।इस दौरान कनकपुर के पास गोण्डा की ओर से अयोध्या जा रहे एक दू ध के टैंकर ने उनकी बाइक को ठोकर मार दिया। जिसमें तीनों लोग सड़क पर गिर गए। इस दौरान दुर्घटनास्थल पर ही उर्मिला और लव कुश की मौत हो गई थी।जबकि घायवस्था में मानसिंह को सामु दायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज लाया गया,जहां उ सने भी दम तोड़ दिया।घटना की सूचना मिलते ही नवाबगंज पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लि ए भेज दिया।नवाबगंज थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि टैंकर चालक फरार हो गया है।पुलिस ने दूध से भरे टैंकर को जब्त कर थाने पहुंचा दिया है।मामले की जांच की जा रही है।

# मुख्यमंत्री से डीएम की शिष्टाचार भेंट, चर्चाएं तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आज लखनऊ में जनपद पीलीभीत के जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने शिष्टाचार भेंट की इस मुलाकात के बाद प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं सूत्रों के अनुसार यह मुलाकात औपचारिक बताई जा रही है, हालांकि बैठक के दौरान जनपद के विकास कार्यों, कानून-व्यवस्था तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर चर्चा होने की संभावना जताई जा रही है जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह द्वारा मुख्यमंत्री को जनपद में चल रही प्रमुख योजनाओं की प्रगति की जानकारी दिए जाने की भी बात सामने आ रही है वहीं,आगामी योजनाओं और विकास कार्यों को लेकर भी दिशा-निर्देश लिए गए होने की चर्चा है हालांकि आधिकारिक तौर पर इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट ही बताया गया है, लेकिन प्रशासनिक गलियारों में इसे महत्वपूर्ण माना जा रहा है जनपद से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा होने की अटकलें भी लगाई जा रही हैं इस मुलाकात को लेकर जिले के लोगों में भी उत्सुकता बनी हुई है कि आने वाले समय में पीलीभीत के विकास से जुड़े कौन से नए फैसले सामने आते हैं।

# युवक लापता,परिजनों ने पुलिस से लगाई खोजबीन की गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। नगर क्षेत्र के बमनपुरी मोहल्ले से एक युवक के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है परिजनों ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर युवक की तलाश कराने की मांग की है प्राप्त जानकारी के अनुसार, बमनपुरी निवासी सुभाष गुप्ता, जिनकी किराने की दुकान स्टेट बैंक के पीछे मेला वाली गली में स्थित है, ने बताया कि उनका पुत्र नीशु गुप्ता (उम्र 28 वर्ष) रविवार सुबह करीब 10 बजे दुकान से निकला था वह पास की एक अन्य दुकान पर जाने की बात कहकर गया था, लेकिन वहां भी नहीं पहुंचा और रास्ते से ही संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया परिजनों द्वारा आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश की गई, लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं लग सका इसके बाद उन्होंने पूरनपुर कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है गुमशुदा युवक का हुलिया–रंग गोरा,



कद लगभग 5 फीट 5 इंच बताया गया है। वह चारखाने की फुल शर्ट और लोवर पहने हुए था परिजनों ने आशंका जताई है कि कहीं कोई अनहोनी न हो जाए, इसलिए जल्द से जल्द युवक को तलाश करने की मांग की है। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है यदि किसी व्यक्ति को उक्त युवक के संबंध में कोई जानकारी मिलती है तो वह दिए गए मोबाइल नंबर 9719352169 या 7906791608 पर संपर्क कर सकता है।

## सीओ कार्यालय के पास स्थित प्राथमिक विद्यालय में चोरी पुलिस गश्त की खुली पोल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा चौकी अंतर्गत स्थित पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के समीप स्थित प्राथमिक विद्यालय नई बस्ती में चोरो ने हाथ साफ कर दिया है। चोरी ने विद्यालय का ताला तोड़कर उसमें से पानी की मोटर चोरी कर ली है। विद्यालय की रसोइया जो की पास में ही रहती है। उन्होंने प्रधानाध्यापक रोहित मिश्रा को सूचना दी गई तो उन्होंने मौके पर जाकर देखा चोरों ने किचन में काफी तोड़फोड़ भी की है।विद्यालय की मोटर पाइप इत्यादि सामान चोरी करके पुलिस को चुनौती दी है।मामले की सूचना कोतवाली पूरनपुर को दी है।लेकिन पुलिस ने अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया है।

## अवैध तमंचा और कारतूस के साथ युवक बंदी

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना संग्रामपुर पुलिस ने एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना संग्रामपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर रोहित तिवारी पुत्र महेन्द्र प्रकाश तिवारी निवासी ग्राम डेहरा मौजा विशेषरगंज थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी उम्र करीब सत्ताइस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक तमंचा एक जिंदा कारतूस 7.65 बोर बरामद हुआ है। इस सम्बंध में गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थानाध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## 12 कार्यकर्ताओं को जिला कार्यसमिति में मिली जिम्मेदारी, संगठन मजबूती पर जोर

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की संस्तुति पर भाजपा जिला कार्यसमिति की संशोधित सूची जारी कर दी गई है। इस सूची में पूरनपुर नगर के 12 कार्यकर्ताओं को सदस्य के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है जिला कार्यसमिति में जिन कार्यकर्ताओं को स्थान मिला है, उनमें डॉक्टर तेज बहादुर सिंह, संगीता सिंघल, प्रदीप शुक्ला, प्रियंका मिश्रा, मुनेन्द्र पाल सागर, मनोज कुमार आर्य, अशोक खंडेलवाल, ऋतुराज पासवान, अमित मिश्रा, नवीन अग्रवाल, विशाल वर्मा एवं त्रिभुवन शर्मा शामिल हैं भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने कहा कि संगठन में जिन कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है, वे पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ पार्टी के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और पार्टी की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाना सभी पदाधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी होगी उन्होंने आगे कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं के समर्पण और एकजुटता पर निर्भर करती है सभी नवनियुक्त सदस्य आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं जिलाध्यक्ष ने यह भी कहा कि भाजपा में कार्यकर्ताओं को उनकी मेहनत और लगन के आधार पर जिम्मेदारी दी जाती है आने वाले समय में पार्टी विभिन्न अभियानों और कार्यक्रमों के माध्यम से जनता के बीच अपनी पकड़ को और मजबूत करेगी, जिसमें सभी पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी नियुक्ति के बाद पूरनपुर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है और सभी ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया है।

## महिला से छेड़छाड़ और मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज, आरोपी पर जान से मारने की धमकी का भी आरोप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर क्षेत्र के धर्मापुर खुर्द गांव में महिला से छेड़छाड़, मारपीट और धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव धर्मापुर खुर्द निवासी अखिलेश कुमार पुत्र पुत्तू लाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव के ही सुरेश कुमार पुत्र जगदीश कुमार उसकी भाभी के मोबाइल पर आए दिन कॉल करता था और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देता था आरोप है कि 28 अप्रैल 2026 को जब उसकी भाभी शौच से वापस लौट रही थीं, तभी आरोपी ने रास्ते में रोककर अश्लील भाषा का प्रयोग किया और गलत नीयत से उनका हाथ पकड़ लिया विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी पीड़िता द्वारा घर पहुंचकर घटना की जानकारी देने पर अखिलेश कुमार आरोपी से बात करने गांव के बाहर रेलवे अंडरपास के पास पहुंचा वहां आरोपी पहले से मौजूद था। पूछताछ करने पर वह आगबबूला हो गया और कथित रूप से अखिलेश के साथ लात–घूंसों व बेल्ट से मारपीट करने लगा तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने मारपीट के दौरान जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली–गलौज की और पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी प्रार्थी ने स्वयं को धानुक जाति का बताते हुए मामले में सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी है अधिकारियों का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी

## एसडीएम की तत्परता से बची 3 माह की गर्भवती महिला की जान, बड़ा हादसा टला

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। शनिवार को एक बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह की सूझबूझ और तत्परता से एक 3 माह की गर्भवती युवती की जान बचा ली गई घटना पूरनपुर आसाम हाईवे स्थित हरदोई ब्रांच नहर के पुल नंबर दो की है, जहां युवती नहर में कूदने जा रही थी जानकारी के अनुसार, प्रसादपुर गांव की रहने वाली गर्भवती युवती किसी कारणवश मानसिक तनाव में थी और नहर की ओर बढ़ रही थी इसी दौरान एसडीएम पूरनपुर अपने कुछ परिचितों से मिलकर वापस लौट रहे थे पुल के पास उन्होंने युवती को तेजी से नहर की ओर जाते देखा, जिससे उन्हें स्थिति की गंभीरता का अंदाजा हो गया तुरंत सतर्कता दिखाते हुए एसडीएम अपने ड्राइवर नदीम के साथ गाड़ी से उतरकर युवती की ओर दौड़े जब तक वे मौके पर पहुंचे, युवती नहर में कूदने ही वाली थी, लेकिन समय रहते एसडीएम और उनके स्टाफ ने उसे पकड़ लिया और सुरक्षित किनारे ले आए घटना की सूचना तुरंत माधोटांडा थाना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस युवती को अपने साथ थाने ले गई, जहां पूछताछ में पता चला कि वह प्रसादपुर गांव की निवासी है और करीब 3 माह की गर्भवती है पुलिस द्वारा युवती के परिजनों से संपर्क किया जा रहा है और यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि आखिर किन कारणों से उसने इतना बड़ा कदम उठाने की कोशिश की घटना के बाद क्षेत्र में एसडीएम और उनके स्टाफ की त्वरित कार्रवाई की जमकर सराहना की जा रही है स्थानीय लोगों का कहना है कि समय रहते की गई इस पहल से एक अनहोनी टल गई और एक परिवार उजड़ने से बच गया प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार के मानसिक तनाव में आकर ऐसा कदम न उठाएं। किसी भी समस्या की स्थिति में प्रशासन और पुलिस से मदद लें,हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

# प्यारेपट्टी में धूमधाम से सम्पन्न हुआ पीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जनपद के प्यारेपट्टी में आयोजित पीपीएल (प्यारेपट्टी लीग) का सफल समापन हो गया। 25 अप्रैल से शुरू हुए इस कैनवास बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में जिले सहित आसपास के कई जनपदों अकबरपुर, प्रतापगढ़ और लखनऊ की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

टूर्नामेंट के दौरान सभी मैच 8-8 ओवर के खेले गए, जबकि फाइनल मुकाबला 10 ओवर का रखा गया। फाइनल मैच में साकिब इलेवन और केजीएन आयरन के बीच रोमांचक भिड़ंत हुई, जिसमें साकिब इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। विजेता टीम को ?35,000 नकद पुरस्कार दिया गया, जबकि उपविजेता टीम केजीएन आयरन को ?21,000 की राशि से सम्मानित किया गया। फाइनल मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए श्याम (लखनऊ) को मैन ऑफ द मैच चुना गया, वहीं पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल दिखाने पर दानिश फैजाबादी को मैन ऑफ द सीरीज का खिताब मिला। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे, जिनमें तारिक किदवई, शाहिद किदवई, कदीर आलम, मोईद अहमद, इज़हार किदवई, नाज़िर किदवई, रुखसार, अर्शी (पत्रकार), राजू (बीडीसी प्रत्याशी), इरफान उर्फ कम्मू, राजू तिवारी, अनीस किदवई उर्फ अन्नू, नाजू उर्फ कमर आलम और अरमान टाइल्स प्रमुख रूप से शामिल रहे। टूर्नामेंट का आयोजन मुख्य रूप से आदिल (हाइलाइट बैट्री), बाबू आमिर, शीबू और साकिब द्वारा किया गया, जिनके प्रयासों से प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

# बरगी डैम हादसा:पूरनपुर में संस्थान व व्यापारियों ने दी श्रद्धांजलि, मां की ममता' ने किया भावुक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपु।मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित नर्मदा नदी पर बने बरगी डैम में 30 अप्रैल को हुए दर्दनाक क्रूज हादसे ने पूरे देश को गमगीन कर दिया है। इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों की स्मृति में पूरनपुर में विभिन्न संगठनों द्वारा श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन कर दिवंगत आत्माओं को याद किया गया तहसील पूरनपुर स्थित चाणक्य कंपटीशन क्लासेज के शिक्षकों एवं छात्रों ने मृतकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की इस दौरान सभी ने कैंडल जलाकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और दो मिनट का मौन रखा संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में शानू मियां खान, मनीषा, रितिका, प्रियंका, संध्या, महिमा, अंजली, मनोज, आलोक, राजवीर, आदेश, आकाश, सौरभ, नैन्सी, विशाल, राहुल, मधु, आशीष सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद रहे वहीं,युवा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल' द्वारा नगर के ऐतिहासिक गांधी पार्क में भी एक शोक सभा का आयोजन किया गया बड़ी संख्या में व्यापारियों ने एकत्र होकर कैंडल जलाते हुए दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी और ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की सभा के दौरान व्यापारियों ने हादसे को लेकर गहरा दुख व्यक्त करते हुए जबलपुर प्रशासन से सुरक्षा मानकों में संभावित लापरवाही की निष्पक्ष जांच की मांग की उनका कहना था कि पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाना आवश्यक है ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो मां की ममता ने नम कर दी आंखें श्रद्धांजलि सभा के दौरान उस हृदयविदारक दृश्य का जिक्र किया गया, जिसने पूरे देश को भावुक कर दिया रेस्क्यू टीम को एक मां और उसके चार वर्षीय बेटे का शव एक-दूसरे से लिपटा हुआ मिला था बताया गया कि मां ने अंतिम क्षणों तक अपने बच्चे को अपनी लाइफ जैकेट में समेटे रखा मीडिया प्रभारी विकास गुप्ता ने भावुक होते हुए कहा,लहरें शरीर को बहा ले गईं लेकिन मां की ममता की पकड़ को कमजोर नहीं कर सकीं इस घटना का जिक्र होते ही मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं नगर अध्यक्ष नितिन वर्मा ने इसे मां के बलिदान की अमर गाथा बताते हुए कहा कि मां का अपने बच्चे के प्रति प्रेम और समर्पण अतुलनीय है उन्होंने प्रशासन से अपील की कि ऐसे पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएं, जिससे भविष्य में किसी परिवार को इस तरह का दर्द न सहना पड़े श्रद्धांजलि सभा में नितिन वर्मा, विकास गुप्ता, संजीव यादव, अंकित अग्रवाल, सहबुल हसन, प्रीत सिंह, मोहम्मद यामीन, गौरव गुप्ता, अजय गुप्ता और अर्चित पांडे सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे प्राप्त जानकारी के अनुसार 30 अप्रैल को अचानक आए तूफान के कारण बरगी डैम में चल रहा क्रूज पलट गया था इस हादसे में अब तक 10 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है जबकि अन्य लापता लोगों की तलाश में बचाव कार्य जारी है यह दर्दनाक घटना पूरे देश को शोक में डुबो गई है और हर जगह लोग दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।

# शहीद मर्दशाह बाबा के सालाना उर्स में जबाबी कव्वाली में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । स्थानीय कस्बा स्थित बाबा शहीद मर्द शाह का सालाना उर्स जवाबी कव्वाली के साथ सम्पन्न हुआ।हजारों की संख्या में आये बाबा के श्रद्धालुओं ने बाबा की मजार पर शीश नवाकर चादरपोशी की। दो दिवसीय सालाना उर्स में प्रथम दिन गागर शरीफ का आयोजन और तकरीर संपन्न हुई दूसरे दिन विशाल लंगर के साथ जवाबी कव्वाली का आयोजन हुआ कव्वाली के प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे समाजसेवी रोहित सिंह रजनपुर ने बाबा की मजार पर पहुंचकर कर अकीदत के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये देश में खुशहाली एवं अमन चैन के लिए दुआएं मांगी। जवाबी कव्वाली प्रोग्राम में बतौर मुख्य अतिथि रोहित सिंह ने शिरकत करते हुये जवाबी कव्वाली के रूप में मंच पर मौजूद कव्वाल शाहिद झंकार व उजाला परवीन कानपुर का फूल माला एवं अंग वस्त्र तथा आर्थिक सहयोग देकर उनका स्वागत किया। वही उर्स कमेटी के आयोजक इमरान के नेतृत्व में रोहित सिंह का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया।इस अवसर पर रोहित सिंह ने बाबा की मजार पर चल रहे निर्माण कर के लिये इक्यावन हजार रुपये का आर्थिक सहयोग देकर बाबा के प्रति अपनी गहरी आस्था प्रकट की।जवाबी कव्वाली के कार्यक्रम में अपना कलाम पेश करते हुए कव्वाल शाहिद झंकार ने कहा की अजीब लोग थे जो दुनिया बनाते थे, समुंदरों के लिये मछलियां बनाते थे ,और हमारे गांव के पास हिंदू थे जो वे नमाजियों के लिये टोपी बनाते थे वही जवाब में कव्वाला उजाला परवीन कानपुर ने अपने कलाम में कहा कोई नजम हो मोहब्बत की हवा लेता है, मेरा किरदार बुजुर्गों की दुआ लेता है। उन्होंने देश की शान में कव्वाली पेश करते हुए कहा कि'' ए देश के दुश्मन तुझे धसने नहीं देंगे ,और भारत की सीमा में तुझे घुसने नहीं देंगे, सीने पर तेरे हम गाड़ेंगे दौड़ के हम झंडा, भारत का तिरंगा हम कभी झुकने नहीं देंगे।''उर्स में हजारों की संख्या में लोगों का जमावड़ा रहा जिससे स्थानीय मोहनगंज पुलिस पूरी तरीके से सहयोग में लगी रही और सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से अपनी पैनी नजर कायम किये थे। कोतवाल राकेश सिंह निरंतर अपनी निगरानी करते रहे जिससे शांतिपूर्वक सालाना उर्स संपन्न हो गया। इस अवसर पर अवधेश त्रिपाठी, फैय्याज अहमद ,राजेश सिंह, जहीर कुरैशी ,राजीव सिंह एडवोकेट, आदित्य तिवारी, मुन्ना पासी, हाजी जलील, इरशाद अहमद सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार नहीं बेरोजगारी दे रही : अशोक सिंह बिसेन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य और प्रदेश सचिव अशोक सिंह बिसेन (एडवोकेट) ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश की मौजूदा सरकार युवाओं को रोजगार देने में विफल रही है और उल्टा बेरोजगारी को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियां आम जनता, गरीब, मजलूम, युवाओं, पिछड़ों, वंचितों और महिलाओं के हित में नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि सरकारी व्यवस्थाओं में सुविधा देने के बजाय बाधाएं खड़ी की जा रही हैं, जो समाज और प्रशासन दोनों के लिए कलंक बन चुकी हैं। एक ओर विनियमीकरण के नाम पर बेरोजगारी बढ़ रही है, वहीं स्मार्ट मीटर जैसे मुद्दों को लेकर जनता सड़कों पर संघर्ष करने को मजबूर है। यह पूरे तंत्र की संवेदनहीनता को दर्शाता है। बिसेन ने उदाहरण देते हुए कहा कि हालात इतने खराब हैं कि एक व्यक्ति को अपने भाई-बहन का शव बोरे में भरकर बैंक ले जाना पड़ा, जो व्यवस्था की विफलता और मानवीय संवेदनाओं के खत्म होने का प्रमाण है। उन्होंने यह भी कहा कि गरीब और अशिक्षित लोग छोटी-छोटी रकम के लिए खुद को साबित करने को मजबूर हैं, जबकि बैंककर्मियों की संवेदनशीलता भी सवालों के घेरे में है। महंगाई पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि बढ़ती कीमतों ने आम जनता की थाली से जरूरी चीजें छीन ली हैं। गैस सिलेंडर की महंगाई ने लोगों का जीवन और कठिन बना दिया है। सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों से भटक चुकी है और आमजन, किसानों व युवाओं को परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव विजन इंडिया, क्रिएटिव इकोनॉमी और इंसानियत की राजनीति की बात करते हैं। उनका दावा है कि 2027 में जनता बदलाव लाकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाएगी।

यह बातें सपा जिला मुख्यालय पर आयोजित मासिक बैठक में कही गईं। बैठक में जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव, महासचिव सलाउद्दीन, प्रदेश सचिव हाजी हारून, हाजी निसार अहमद गुड्डू, ओम प्रकाश वर्मा, यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष शहज़ाद अहमद समेत कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हल्की बारिश में सफाई ठेकेदार की कलई खुली, सब्जियां गंदे पानी में तैरती नजर आईं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। अमहट मंडी सुल्तानपुर समिति में सफाई कार्य संभाल रहे ठेकेदार की घोर लापरवाही एक बार फिर सामने आ गई है। हल्की बारिश होते ही मंडी परिसर में जलभराव हो गया और सब्जियों के ढेर गंदे पानी में तैरते नजर आए। नालियों की सफाई न होने के कारण पानी की निकासी पूरी तरह ठप हो गई, जिससे मंडी का बड़ा हिस्सा जलमग्न हो गया।

स्थानीय व्यापारियों और खरीदारों ने बताया कि बारिश शुरू होते ही मंडी में पानी भर गया। सब्जियां, फल और अन्य सामान गंदे पानी में डूब गए, लेकिन मंडी समिति या ठेकेदार की ओर से कोई व्यवस्था नहीं की गई। नालियां कचरा, गाद और प्लास्टिक से भरी पड़ी थीं, जिसके कारण छोटी-सी बारिश भी मंडी को तालाब बना देने के लिए काफी थी।मंडी समिति की लापरवाही के कारण ये दूषित सब्जियां पूरे सुल्तानपुर शहर और आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई हो जाएंगी। गंदे पानी में भीगी हुई सब्जियों को खाने से लोग बीमार पड़ सकते हैं। पेट संबंधी बीमारियां, उल्टी-दस्त, फूड पॉइजनिंग और अन्य संक्रमण का खतरा बढ़ गया है एक स्थानीय व्यापारी ने नाराजगी जताते हुए कहा, ल्लहर बार यही हाल होता है। ठेका लेने वाले पैसा तो ले लेते हैं, लेकिन सफाई का नामोनिशान नहीं। मंडी समिति भी सोई हुई है। अगर आज सफाई नहीं हुई तो कल पूरे शहर में बीमारी फैल जाएगी। नागरिकों ने मंडी समिति प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की है। ठेकेदार पर भारी जुर्माना लगाने, नालियों की तत्काल सफाई कराने और मंडी में बेहतर ड्रेनेज सिस्टम बनाने की मांग जोरों पर है।

# धोखाधड़ी के आरोप में तीन पर संगीन धाराओं में मुकदमा पंजीकृत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कादीपुर/सुल्तानपुर। तहसील से धोखाधड़ी का एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें एक बुजुर्ग महिला की कमजोर मानसिक स्थिति का फायदा उठाकर उनकी संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया गया है। इस प्रकरण में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर कोतवाली नगर थाने में तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामला कादीपुर थाना क्षेत्र के रायबीगो गांव का है। वादी सतीश सिंह, जो स्वर्गीय वीरेंद्र प्रताप सिंह के पुत्र हैं ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके ताऊ महेंद्र प्रताप सिंह की कोई संतान नहीं थी। उनके निधन के बाद उनकी पत्नी नगीना सिंह के नाम पर मकान व अन्य संपत्ति का नामांतरण किया गया था। पति की मृत्यु के बाद नगीना सिंह की मानसिक स्थिति काफी खराब हो गई थी, जिससे वे सही-गलत समझने में असमर्थ थीं। आरोप है कि नगीना सिंह के चचेरे भाई सचिन सिंह ने अपने सहयोगियों जितेंद्र कश्यप और अशोक कुमार पाण्डेय के साथ मिलकर साजिश रची। 20 जून 2023 को सचिन सिंह, नगीना सिंह को इलाज के बहाने सुल्तानपुर ले गया, जहां कथित रूप से मिलकर एक फर्जी वसीयतनामा तैयार कराया गया और उसे रजिस्टर्ड भी करा लिया गया। उस समय नगीना सिंह वसीयत को समझने या निर्णय लेने की स्थिति में नहीं थीं। वादी का कहना है कि नगीना सिंह का अपने परिवार से गहरा लगाव था। उन्होंने अपने बैंक लॉकर में वारिस के रूप में वादी की पत्नी सुषमा का नाम दर्ज करा रखा था, जहां उनके वास्तविक हस्ताक्षर मौजूद हैं। जब फरवरी 2025 में वादी को इस कथित फर्जीवाड़े की जानकारी हुई और उन्होंने सचिन सिंह से पूछताछ की, तो वह मारपीट पर उतारू हो गया। पीड़ित का आरोप है कि उन्होंने कादीपुर थाना और कोतवाली नगर में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया।

## सम्पादकीय

# शोर का न ओर-छोर

यूं तो हाल के वर्षों में आम भारतीय की अभिव्यक्ति में तल्खी व शोर का ग्राफ तेज हुआ है। अभिव्यक्ति का मुखर होना अच्छा है लेकिन उसका तल्ख होना, किसी की भी सेहत के लिए अच्छा नहीं है। वैसे हमारे परिवेश में लगातार बढ़ता शोर झेलना हमारी नियति हो चला है। सड़कों पर वाहनों के शोर, नये दौर के कर्कश संगीत से लेकर राजनीतिक विमर्श में होने वाले शोरगुल वाले संवाद से लेकर तमाम ऐसा कुछ घट रहा है, जो हमारी परेशानी का सबब बन रहा है। यूं तो कोई प्रमाणिक राष्ट्रव्यापी वैज्ञानिक शोध व्यापक रूप में हमारे सामने तो नहीं आए हैं जो ठीक-ठीक बताएं कि ध्वनि प्रदूषण हमारी सेहत पर कितना घातक असर डाल रहा है। लेकिन गाहे-बगाहे सामने आए आंकड़े इस बात की पुष्टि जरूर करते हैं कि लगातार बढ़ता शोर हमारी सेहत बिगाड़ रहा है। लेकिन इसके बावजूद इसे रोकने के लिए उचित निगरानी, समयबद्ध कार्रवाई और दंड के प्रावधान लागू होते नजर नहीं आते हैं। लेकिन विभिन्न अध्ययनों के निष्कर्ष बता रहे हैं देश के महानगरों से लेकर कस्बों तक हमारे परिवेश का शोर तय मानकों से कहीं अधिक है। जाहिरा तौर ये शोर हमारी सेहत को गहरे तक प्रभावित कर रहा है। जिससे न केवल हमारी श्रवण शक्ति कमजोर हो रही है बल्कि नींद में कमी, मानसिक तनाव, उच्च रक्तचाप के अलावा हृदय रोग तक का खतरा बढ़ रहा है। लेकिन इस दिशा में कागजों में तो लुभावनी योजनाएं तो बनायी जाती हैं लेकिन जमीनी हकीकत बदलती नजर नहीं आती। यह सुखद है कि पिछले दिनों देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इस दिशा में नई पहल शुरू की गई है। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया आरंभ की है। दावा किया जा रहा है कि प्रदूषण के स्रोतों की कायदे से निगरानी होगी। इसके अलावा समयबद्ध ढंग से कार्रवाई होगी। साथ ही जुर्माना भी अनिवार्य रूप से वसूला जाएगा। ये तो आने वाला वक्त बताएगा कि अच्छी योजना कितनी जमीनी हकीकत बनती है। लेकिन सवाल यह है कि जब देश में पहले से शोर नियंत्रण के कानून मौजूद हैं और हमारी अदालतें भी समय-समय पर हमारे नीति नियंताओं को आगाह करती ही रहती हैं, तो फिर सूरत क्यों नहीं बदलती। आखिर इन नियम-कानूनों के क्रियान्वयन में कहां खोट रह जाता है। यहां यह उल्लेखनीय है कि ध्वनि प्रदूषण विनियमन और नियंत्रण नियम, 2000 के तहत ध्वनि विस्तारक यंत्रों, निर्माण कार्यों और उद्योगों में इस्तेमाल की जाने वाली मशीनों, वाहनों के हार्न आदि अन्य स्रोतों को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया था। ताकि लोगों के स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा हो पाए। उल्लेखनीय है कि ये प्रावधान दिन व रात के लिये अलग-अलग हैं। जिसके अंतर्गत रात के दस बजे से लेकर सुबह छह बजे के मध्य लाउडस्पीकर लगाना मना है। यदि अपरिहार्य कारणों से कुछ अधिक समय के लिये इसका उपयोग किया भी जाना है तो संबंधित अधिकारी से अनुमति लेना अनिवार्य है। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि इन कानूनों का जमकर उल्लंघन करना शान समझा जाता है। जाहिर बात है कि जिन अधिकारियों की जिम्मेदारी इसकी निगरानी और रोकने के लिये होती है वे अपने दायित्वों को भलीभांति निर्वहन नहीं करते हैं। सख्ती के अभाव में लोग इसे न्यू नॉर्मल बना देते हैं। विडंबना यह है कि छोटे शहरों व कस्बों ही नहीं, बड़े शहरों में भी ध्वनि का स्तर नापने वाले यंत्र या तो लगे नहीं हैं, या फिर वे ठीक से काम नहीं कर रहे होते हैं। यही वजह है कि देश के सामने वह तस्वीर नहीं उभरती कि देश में ध्वनि प्रदूषण का स्तर कितना घातक हो चला है। जाहिर बात है कि देश में जब प्रामाणिक डाटा ही उपलब्ध नहीं है तो उसके निदान और उसके पड़ने वाले घातक प्रभावों की हकीकत कैसे सामने आएगी। वास्तव में गैर जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। यदि वे फिर भी अपने कर्तव्यों का पालन नहीं करते तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए।

# आईसीयू के अमानवीय एवं अनैतिक पक्षों की निगरानी जरूरी

**सही मायनों में सुप्रीम कोर्ट के ये दिशानिर्देश एक सरल व सामान्य सिद्धांत की पुष्टि करते हुए इस विसंगति को दूर करने का प्रयास करते हैं कि किसी भी अस्पताल का आईसीयू मरीज की अनिश्चितकालीन देखभाल के लिए नहीं होता है। इन दिशानिर्देशों में यह निर्दिष्ट किया गया है कि चिकित्सकीय रूप से स्थिर हो चुके या जिन मरीजों के अंगों को बाहरी सहायता अथवा शारीरिक निगरानी की आवश्यकता नहीं होती, उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी जानी चाहिए। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि शीर्ष अदालत ने समस्या के यथाशीघ्र समाधान की जरूरत पर बल दिया है। अदालत ने डॉक्टरों की प्रतिष्ठा को संरक्षित करते हुए चिकित्सा संस्थानों व अस्पतालों की जवाबदेही सुनिश्चित करने पर बल दिया है। निश्चित तौर पर आधुनिक चिकित्सा खर्चीली हो गई और बेहतर सुविधाओं के लिए बड़ी रकम चुकानी होती है। लेकिन इस व्यवस्था में सेवा का भाव न होकर व्यवसाय की भावना का अधिक होना चिन्ताजनक है। इसी के कारण इसमें अनेक विसंगतियां एवं क्रूरताएं व्याप्त होती जा रही है, इसके नियमन का कार्य यूं तो देश के नीति-नियंताओं और शासन-प्रशासन को करना चाहिए था। लेकिन विडंबना यह है कि अदालत को ऐसे मामलों में पहल करनी पड़ती है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एक समान गहन चिकित्सा ईकाई दिशानिर्देशों की जरूरत बताना विसंगतियों से जूझती आईसीयू प्रणाली के लिए एक आशा की किरण लेकर आई है। वास्तव में आईसीयू एक विशेष सुविधा है, जिसका उपयोग केवल उन मरीजों के लिए होना चाहिए जिनकी स्थिति गंभीर हो और जिन्हें निरंतर निगरानी या अत्याधुनिक उपकरणों की आवश्यकता हो। किंतु जब इस सुविधा का उपयोग लाभ कमाने के साधन के रूप में होने लगे, तब यह व्यवस्था एक प्रकार की अमानवीयता में परिवर्तित हो जाती है। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए आईसीयू का खर्च अक्सर असहनीय होता है। एक दिन का खर्च हजारों से लेकर लाखों तक पहुंच सकता है।**

देश में स्वास्थ्य सेवा की वर्तमान स्थिति पर विचार करते समय एक अत्यंत चिंताजनक, मानवीय और संवेदनशील प्रश्न सामने आता है- क्या चिकित्सा अब सेवा न रहकर व्यवसाय का कठोर रूप एवं एक त्रासदी बनती जा रही है? विशेष रूप से निजी अस्पतालों के आईसीयू (गहन चिकित्सा कक्ष) से जुड़े मामलों ने इस प्रश्न को और अधिक तीखा बना दिया है। ऐसे अनेक उदाहरण सामने आए हैं, जहां मरीज के चिकित्सकीय रूप से स्थिर हो जाने के बावजूद उसे आईसीयू में रोके रखा जाता है। इसके पीछे का कारण अक्सर चिकित्सा की अनिवार्यता नहीं, बल्कि आर्थिक लाभ की निरंतर चलती प्रक्रिया होती है। यह स्थिति न केवल चिकित्सा के नैतिकता एवं सेवाभावना पर प्रश्नचिह्न लगाती है, बल्कि मानवता की मूल संवेदनाओं को भी झकझोरती है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आईसीयू के लिए एकसमान दिशानिर्देशों की आवश्यकता पर बल देना इस गंभीर समस्या की स्वीकारोक्ति भी है और समाधान की दिशा में एक सार्थक पहल भी। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि जो मरीज चिकित्सकीय रूप से स्थिर हो चुके हैं या जिन्हें गहन निगरानी अथवा जीवन रक्षक उपकरणों की आवश्यकता नहीं है, उन्हें अनावश्यक रूप से आईसीयू में नहीं रखा जाना चाहिए। यह निर्देश केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि गहरे नैतिक आधार पर टिका हुआ है। यह हमें याद दिलाता है कि चिकित्सा का मूल उद्देश्य जीवन की रक्षा और पीड़ा का निवारण है, न कि आर्थिक लाभ का अधिकतमकरण। सही मायनों में सुप्रीम कोर्ट के ये दिशानिर्देश एक सरल व सामान्य सिद्धांत की पुष्टि करते हुए इस विसंगति को दूर करने का प्रयास करते हैं कि किसी भी अस्पताल का आईसीयू मरीज की अनिश्चितकालीन देखभाल के लिए नहीं होता है। इन दिशानिर्देशों में यह निर्दिष्ट किया गया है कि चिकित्सकीय रूप से स्थिर हो चुके या जिन मरीजों के अंगों को बाहरी सहायता अथवा शारीरिक निगरानी की आवश्यकता नहीं होती, उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी जानी चाहिए। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि शीर्ष अदालत ने समस्या के यथाशीघ्र समाधान की जरूरत पर बल दिया है। अदालत ने डॉक्टरों की प्रतिष्ठा को संरक्षित करते हुए चिकित्सा संस्थानों व अस्पतालों की जवाबदेही सुनिश्चित करने पर बल दिया है। निश्चित तौर पर आधुनिक चिकित्सा खर्चीली हो गई और बेहतर सुविधाओं के लिए बड़ी रकम चुकानी होती है। लेकिन इस व्यवस्था में सेवा का भाव न होकर व्यवसाय की भावना का अधिक होना चिन्ताजनक है। इसी के कारण इसमें अनेक विसंगतियां एवं क्रूरताएं व्याप्त होती जा रही है, इसके नियमन का कार्य यूं तो देश के नीति-नियंताओं और शासन-प्रशासन को करना चाहिए था। लेकिन विडंबना यह है कि अदालत को ऐसे मामलों में पहल करनी पड़ती है। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा एक समान गहन चिकित्सा ईकाई दिशानिर्देशों की जरूरत बताना विसंगतियों से जूझती आईसीयू प्रणाली के लिए एक आशा की किरण लेकर आई है। वास्तव में आईसीयू एक विशेष सुविधा है, जिसका उपयोग केवल उन मरीजों के लिए होना चाहिए जिनकी स्थिति गंभीर हो और जिन्हें निरंतर निगरानी या अत्याधुनिक उपकरणों की आवश्यकता हो। किंतु जब इस सुविधा का उपयोग लाभ कमाने के साधन के रूप में होने लगे, तब यह व्यवस्था एक प्रकार की अमानवीयता में परिवर्तित हो जाती है। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए आईसीयू का खर्च अक्सर असहनीय होता है। एक दिन का खर्च हजारों से लेकर लाखों तक पहुंच सकता है। ऐसे में यदि मरीज को अनावश्यक रूप से वहां रोका जाता है, तो यह केवल आर्थिक शोषण नहीं, बल्कि मानसिक और सामाजिक उत्पीड़न भी है। यह स्थिति इसलिए भी जटिल हो जाती है क्योंकि आमजन को चिकित्सा प्रक्रियाओं की गहन जानकारी नहीं होती। मरीज के परिजन डॉक्टरों और अस्पताल प्रबंधन के निर्देशों पर पूरी तरह निर्भर होते हैं। इस निर्भरता का दुरुपयोग तब होता है जब पारदर्शिता का अभाव होता है। कई बार मरीज को वास्तविक स्थिति से अवगत नहीं कराया जाता और उसे आईसीयू में बनाए रखने के निर्णय को अंतिम सत्य की तरह प्रस्तुत कर दिया जाता है। इस प्रकार एक अस्पष्टता का वातावरण बनता है, जिसमें सत्य और लाभ के बीच की रेखा धुंधली हो जाती है। यदि हम इस समस्या की जड़ में जाएं, तो पाएंगे कि यह केवल अस्पतालों या डॉक्टरों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक व्यवस्थागत विफलता का परिणाम है। आजादी के बाद शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को सरकार के अधीन रखकर यह अपेक्षा की गई थी कि ये क्षेत्र जनसेवा के आदर्श उदाहरण बनेंगे। किंतु समय के साथ आर्थिक उदारीकरण और निजीकरण के प्रभाव ने इन क्षेत्रों की दिशा बदल दी। शिक्षा जहां एक महंगा व्यवसाय बन गई, वहीं चिकित्सा सेवा भी धीरे-धीरे लाभ कमाने का माध्यम बनती चली गई। यह कहना अनुचित नहीं होगा कि आज चिकित्सा क्षेत्र में एक प्रकार की ‌ल्वव्यावसायिक प्रतिस्पर्धाङ्क चल रही है, जिसमें मरीज एक ग्राहक की तरह देखा जाने लगा है। बड़े-बड़े निजी अस्पताल आधुनिक सुविधाओं से लैस होकर तेजी से बढ़ रहे हैं, जो एक दृष्टि से सकारात्मक है, लेकिन जब इन सुविधाओं का उपयोग केवल आर्थिक लाभ के लिए होने लगे, तब यह चिंता का विषय बन जाता है। अस्पतालों की संख्या बढ़ना अच्छा है, लेकिन उनकी कार्यप्रणाली में लोभ की प्रवृत्ति का बढ़ना जहां गहन घातक है, वही उसमें मानवीय संवेदना और नैतिकता का समावेश होना अधिक आवश्यक है। इसी संदर्भ में सर्वोच्च न्यायालय के दिशानिर्देश एक आशा की किरण के रूप में सामने आते हैं। इन दिशानिर्देशों में न केवल मरीजों के अधिकारों की रक्षा की बात की गई है, बल्कि अस्पतालों की जवाबदेही भी सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया है। नर्स और मरीज के अनुपात, विशेषज्ञों की उपलब्धता, बुनियादी ढांचे और प्रशिक्षण जैसे पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करना इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह प्रयास स्वास्थ्य सेवा को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और न्यायसंगत बनाने की दिशा में मार्ग प्रशस्त कर सकता है। किन्तु यह भी उतना ही सत्य है कि किसी भी नीति या दिशानिर्देश की सफलता उसके प्रभावी क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। भारत में अनेक बार देखा गया है कि अच्छे इरादों से बनाई गई योजनाएं केवल कागजों तक सीमित रह जाती हैं। यदि इन दिशानिर्देशों का पालन भी आधे-अधूरे मन से किया गया, तो यह प्रयास भी अपने उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर पाएगा। इसके लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति, पर्याप्त वित्तीय संसाधन और मजबूत प्रशासनिक ढांचे की आवश्यकता होगी। साथ ही यह भी आवश्यक है कि इस पूरी प्रक्रिया में मानवीय दृष्टिकोण को केंद्र में रखा जाए। आईसीयू में लंबे समय तक भर्ती रहना केवल आर्थिक बोझ नहीं, बल्कि मानसिक पीड़ा का भी कारण होता है। मरीज और उसके परिवार दोनों ही एक अनिश्चितता और भय के वातावरण में जीते हैं। ऐसे में यदि मरीज को उसकी वास्तविक आवश्यकता के अनुसार उचित वार्ड में स्थानांतरित किया जाता है, तो यह न केवल खर्च को कम करता है, बल्कि उसे मानसिक राहत भी प्रदान करता है। वर्ष 2047 तक एक विकसित और सशक्त भारत का सपना देखते हुए हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी स्वास्थ्य व्यवस्था केवल तकनीकी रूप से उन्नत ही न हो, बल्कि नैतिक और मानवीय दृष्टि से भी समृद्ध हो। चिकित्सा सेवा का मूल स्वरूप करुणा, सेवा और संवेदना पर आधारित होना चाहिए। यदि यह आधार कमजोर हो जाता है, तो सारी आधुनिकता और प्रगति भी अधूरी रह जाती है। अंततः यह कहा जा सकता है कि आईसीयू से जुड़े दिशानिर्देश केवल एक प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि एक नैतिक पुनर्जागरण का संकेत हैं। यह हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करते हैं कि क्या हम वास्तव में एक ऐसी स्वास्थ्य व्यवस्था का निर्माण कर रहे हैं, जो मानवता के मूल्यों के अनुरूप हो। यदि इस दिशा में ठोस और ईमानदार प्रयास किए गए, तो निश्चित रूप से यह पहल भारत की स्वास्थ्य प्रणाली को अधिक संवेदनशील, पारदर्शी और न्यायसंगत बनाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। **-ललित गर्ग**

# केजरीवाल का कोर्ट बहिष्कार और गांधी का तरीका

**डॉ. प्रभात ओझा**

दिल्ली उच्च न्यायालय की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा के न्यायालय से खुद को न्याय मिलने की उम्मीद नहीं होने के तर्क पर आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने उनके कोर्ट का बहिष्कार करने की घोषणा कर डाली। उन्हीं के रास्ते पर केजरीवाल मंत्रिपरिषद के सदस्य रहे मनीष सिसौदिया भी चल पड़े। दोनों अपनी सरकार के दौरान वर्ष 2021-22 के दौरान आबकारी नीति में हुई कथित अनियमितता मामले के आरोपित हैं। इस मामले को शराब घोटाला के रूप में भी पहचाना जाता है। इसके पहले दोनों नेताओं ने अपने खिलाफ जारी मुकदमा जस्टिस स्वर्णकांता की जगह किसी अन्य जज को देने की अपील की थी। यह अपील इस आधार पर खारिज कर दी गई कि इससे अन्य मामलों के आरोपितों में भी न्यायालयों के प्रति अविश्वास बढ़ेगा और कोर्ट बदलने का यह उदाहरण बन जायेगा। वैसे कोर्ट बदलने के मामले पहले भी हुए हैं। हालांकि ऐसा स्वयं न्यायाधीशों के यह अनुभव करने पर हुआ कि वे सम्बंधित मामले में किसी पक्ष से कहीं न कहीं जुड़े हैं अथवा पहले जुड़े रहे हैं। इस बार आरोपितों की ओर से ऐसी अपील के बाद विवाद बढ़ा है और कोर्ट के नहीं मानने पर बहिष्कार की बात कही गई है। इस मामले में चर्चा का सबसे बड़ा बिंदु अरविंद केजरीवाल का वह बयान है, जिसमें ऐसा निर्णय करने के पीछे वे प्रेरक के तौर पर महात्मा गांधी को रखते हैं। केजरीवाल ने कहा ‌ल्लजस्टिस स्वर्णकान्ता शर्मा जी से न्याय मिलने की मेरी उम्मीद टूट चुकी है। अपनी अंतरात्मा की आवाज़ सुनते हुए, गांधी जी के सिद्धांतो को मानते हुए और सत्याग्रह की भावना के साथ, मैंने फैसला किया है कि मैं इस केस में उनके सामने पेश नहीं हूंगा और कोई दलील भी नहीं रखूंगा।ङ्क याद करना होगा कि 2021-22 की दिल्ली आबकारी नीति में कथित अनियमितता और धन के लेनदेन के मामले में केजरीवाल और मनीष सिसौदिया भी आरोपित हैं। दिल्ली की राउज एवेन्यु कोर्ट ने प्रमाण के अभाव में मुकदमे को खारिज कर दिया था। उसके बाद यह मामला दिल्ली हाई कोर्ट पहुंचा। जजेज के मुकदमे सुनने सम्बंधी रोस्टर के मुताबिक मामला जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की कोर्ट में है। केजरीवाल और मनीष सिसौदिया के आरोप हैं कि जज के बेटे-बेटी सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के साथ प्रैक्टिस करते हैं और सरकार की ओर से उनके पास कई मुकदमे आते हैं। ऐसे में जज निष्पक्ष नहीं हो सकतीं। जज ने इस मुकदमे से अलग होने का फैसला कर लिया होता, तो यह अशोभनीय स्थिति नहीं आती। ताजा विवाद से देश की न्यायिक प्रक्रिया, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और रूल ऑफ लॉ के सवाल खड़े होते हैं। यही कारण है कि विधि विशेषज्ञों के मध्य इस पर बहस जारी है। कई बड़े वकील केजरीवाल के तरीके को आत्म प्रचार का एक और हथियार मानते हैं। वहीं राजनीतिक रूप से केजरीवाल के विरोधी रहे प्रशांत भूषण कहते हैं कि केजरीवाल ने सही और उचित फैसला लिया है। अंत में केजरीवाल के कोर्ट बहिष्कार के लिए गांधी के सत्याग्रह और असहयोग को हथियार बनाने की बात। इतिहास गवाह है कि 1922 में गांधी जी पर उनके लेखों के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 124 (ए) के तहत राजद्रोह का आरोप लगा था। गांधी और ‘यंग इंडिया’ अखबार जिसमें लेख लिखने के कारण आरोप लगे थे, उसके प्रकाशक मिस्टर बैंकर ने मजिस्ट्रेट को बताया कि उन्हें कानूनी बचाव नहीं करना है। ‘गांधी पर महान मुकदमा’ नाम से प्रसिद्ध रेक्स इम्पेरेटर बनाम एम.के. गांधी मामले में गांधी जी को छह साल और बैंकर को एक साल की सजा हुई थी। पीठासीन न्यायाधीश रॉबर्ट ब्रूमफील्ड ने माना कि बड़ी संख्या में लोग गांधी को महान देशभक्त नेता मानते हैं। यहां तक कि गांधी के विरोधी भी उन्हें उच्च आदर्शों वाला नेक तथा संत के रूप में देखते थे। लेकिन कानून का काम आरोपों पर विचार करना था। सजा सुनने के बाद गांधी जी हंसते हुए कोर्ट से बाहर निकले, पर सरकारी वकील स्ट्रैंगमैन ने लिखा, उस दिन कई लोग रोए और मैं स्वयं ‌ल्लमाहौल से पूरी तरह अप्रभावित नहीं था। स्पष्ट है कि देश की आजादी के लिए गांधी जी ने अपने कृत्य को सही माना था। वहां आरोप स्पष्ट थे, पर आरोपित का मकसद महान। यहां आरोप निचली कोर्ट से खारिज है, पर हाई कोर्ट में विचाराधीन। पर एक सच्चाई यह भी कि गांधी जी कोर्ट में पेश हुए थे।

## सेहत मंत्र

# गर्मियों में रूटीन में ऐसे शामिल करें चमेली का तेल, ताजगी से भरपूर होगी आपकी सुबह

गर्मियों की सुबह चिपचिपी और उमस भरी होती है। सुबह उठने के बाद ताजगी नहीं महसूस होती है। ऐसे में अगर आप भी सुबह के समय ताजगी महसूस नहीं करते हैं, तो एक खास तेल आपकी मदद कर सकता है। जो आपकी सुबह शांति और ताजगी से भरपूर बन सकती है। चमेली के तेल को प्रकृति का खजाना कहा जाता है। इस एसेंशियल ऑयल में वह शक्ति छिपी है, जो आपकी इंद्रियों को जगाता है और आपके अंदर एक नई ऊर्जा का संचार कर सकती हैं। अगर आप अपने दिन की शुरूआत को खुशनुमा बनाना चाहते हैं तो आपको नहाने के पानी में चमेली के तेल की कुछ बूंदे डालनी चाहिए। इसकी भीनी-भीनी खुशबू आपके मन को शांत करने के साथ आपको तरोताजा महसूस कराएगा। इससे आपका मूड पूरा दिन पॉजिटिव बना रहेगा। सप्ताह में एक बार बॉडी स्क्रब का इस्तेमाल करना चाहिए। इसके लिए आप थोड़ी सी चीना, नमक और ग्लिसरीन ले लें। फिर इसमें नींबू का रस मिलाएं और इसमें 2-3 बूंद चमेली के एसेंशियल ऑयल डालें। फिर इसे शरीर पर लगाकर 5-8 मिनट तक स्क्रब करें, जिससे डेड स्किन निकल जाएंगे और ब्लड सर्कुलेशन बढ़ जाएगा। इससे भी पॉजिटिव संचार होता है। आप चाहें तो अपने मॉइस्चराइजर में 2-3 बूंद चमेली का तेल और 1 बूंद पेचौली मिलाकर लगा सकते हैं। यह आपके मूड और स्किन दोनों को तरोताजा करेगा और यह त्वचा को जबरदस्त चमक देगा। चमेली एसेंशियल ऑयल वाली मोमबत्ती जलाकर आप अपने आसपास खुशनुमा माहौल बना सकते हैं और यह आपके मूड को बेहतर बना सकता है। कई बार जब हम सुबह सोकर उठते हैं, तो अजीब सी निराशा होती है। ऐसे में जब भी आप लो फील करने लगें, तो हथेली पर एक बूंद तेल लेकर इसको रब करें और सूंघें। इससे आपको ताजगी का एहसास होगा और आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

## धर्म मंत्र

# मथुरा में स्थित है भाई-बहन का मंदिर यमुना और यमराज से जुड़ी है कथा

हमारे देश में कई ऐसे मंदिर मौजूद हैं, जो अपनी भव्यताओं और मान्यताओं को लेकर काफी ज्यादा प्रसिद्ध हैं। यह मंदिर भिन्न-भिन्न देवी-देवताओं को समर्पित होते हैं। ऐसे में आज हम आपको एक ऐसे अनोखे मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं, जो भाई-बहन को समर्पित है। दरअसल, भाई-बहन को समर्पित इस मंदिर की कथा यमराज और मां यमुना को समर्पित है। यमुना और यमराज भगवान सूर्य के पुत्र और पुत्री हैं। उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के विश्राम घाट में नजदीक स्थित भाई-बहन का मंदिर असल में यमुना और उनके भाई यमराज को समर्पित है। इसको श्री यमुना धर्मराज मंदिर के नाम से जाना जाता है। श्री यमुना धर्मराज मंदिर भाई-बहन के प्यार का प्रतीक है। जोकि मथुरा के प्राचीन मंदिरों में से एक है और यह मंदिर द्वारकाधीश मंदिर के पास है। बता दें कि इस मंदिर में काले पत्थर से बनी मां यमुना और यमराज की मूर्ति स्थापित है। यहां पर मां यमुना चतुर्भुज रूप में विद्यमान है और वहीं वह यमदेव को प्रसन्न और आशीर्वाद देती मुद्रा में हैं। यमुना जी के एक हाथ में भोजन की थाली और दूसरे हाथ में कमल का फूल है। वहीं तीसरे हाथ टीका लगाते हुए और चौथा हाथ आशीर्वाद वाली मुद्रा में है। इस मंदिर में प्रवेश के लिए आपको छोटे से चांदी से बने द्वार से जाना होगा। इस मंदिर को लेकर धार्मिक मान्यता है कि भाई दूज के मौके पर जो भी भाई-बहन यमुना नदी में स्नान करते हैं और फिर इस मंदिर के दर्शन के लिए जाते हैं। उनके सभी पाप धुल जाते हैं।

## पर्यटन



# महाराष्ट्र का छिपा हुआ खजाना है कोयनानगर मानसून में यहां घूमना है जन्नत के बराबर

देश के पश्चिमी भाग में स्थित महाराष्ट्र एक प्रमुख राज्य होने के साथ ही खूबसूरती के लिए भी जाना जाता है। यह एक ओर ऊंचे-ऊंचे पहाड़ तो दूसरी ओर अरब सागर से घिरा है। महाराष्ट्र अपनी खूबसूरती के कारण पर्यटकों के अपनी ओर आकर्षित करता है। महाराष्ट्र में कई ऐसी हसीन, ऐतिहासिक और शानदार जगहें मौजूद हैं, जहां पर घूमने के लिए दुनियाभर से लोग आते हैं। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई से लेकर लोनावाला, खंडाला और माथेरान जैसी जगहों के बारे में तो हर कोई जानता है, लेकिन यहां पर स्थित कोयनानगर के बारे में कम लोग जानते हैं। इस जगह को महाराष्ट्र का छिरा हुआ खजाना माना जाता है। कोयनानगर महाराष्ट्र के सतारा जिले में स्थित है। सतारा जिला खूबसूरत पहाड़ और झील-झरनों के लिए जाना जाता है। वहीं कोयनानगर को कोयना के नाम से भी जाना जाता है। सतारा जिले में कोयना नदी के किनारे कोयनानगर है। यह सतारा शहर से कुछ ही दूरी पर बसा है। कोयनानगर महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई से करीब 294 किमी दूर है। पूणे से 190 किमी और सांगली से 130 किमी दूर है। कोयनानगर चिपलून-सांगली राजमार्ग पर स्थित है और यह कई चीजों के लिए फ़ेमस माना जाता है। कोयनानगर में स्थित कोयना बांधा भारत की सबसे बड़ी जल विद्युत परियोजनाओं में से एक माना जाता है। कोयना बांध के पीछे स्थित शिवसागर जलाशय भी कोयनानगर को खास बनाने का काम करता है। यह जगह सतारा जिले के साथ ही पूरे महाराष्ट्र का छिपा हुआ खजाना माना जाता है। यहां पर आप एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं। बता दें कि कोयनानगर को खूबसूरती का खजाना माना जाता है। यह जगह शहर की भीड़-भाड़ से दूर अपने शांत और शुद्ध वातावरण के लिए भी जाना जाता है। प्रकृति प्रेमियों के लिए यह जगह स्वर्ग से कम नहीं है। कोयनानगर की हरियाली यहां की खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करती है।

# राष्ट्र जागरण में पुरोहित समाज की भूमिका पर हुई संगोष्ठी

## नारद जयंती पर पत्रकारों का सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता





बाराबंकी। नगर के कैलाश आश्रम में आयोजित देवर्षि नारद जयंती अंतर्गत स्वामी राघवानंद सरस्वती की अध्यक्षता में एक भव्य संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ एवं युवा पत्रकारों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

संगोष्ठी का विषय ‘वर्तमान समय में राष्ट्र जागरण तथा पुरोहित वर्ग की भूमिका’ रहा, जिसमें अनेक वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के महामंत्री पंडित संजय पाठक ने कहा कि पुरोहित समाज भारतीय संस्कृति, धर्म और सामाजिक मूल्यों के संरक्षण में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज को जागरूक और संस्कारित बनाने में पुरोहित वर्ग की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। कार्यक्रम में उपस्थित विद्वानों एवं वक्ताओं ने भगवान परशुराम के आदर्शों को अपनाने तथा समाज में नैतिकता, एकता और संस्कारों को मजबूत करने पर बल दिया। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संस्कृति की जड़ों को मजबूत करने के लिए धार्मिक और सामाजिक संगठनों को मिलकर कार्य करना होगा। इस अवसर पर नगर के कई गणमान्य नागरिक, पुरोहित, समाजसेवी और पत्रकार मौजूद रहे। महंत बी.पी.दास बाबा ने पत्रकारों को नारद का अनुयाई बताया। पंडित अखिलेश पांडेय समेत अन्य विद्वानों ने भी अपने विचार रखें।संचालन पंडित अरविंद मिश्र ने किया।

# राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का समापन विजेताओं को किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अकबरपुर अंबेडकरनगर । सी.बी. सिंह लॉ कॉलेज, अकबरपुर द्वारा आयोजित ‘प्रो. डॉ. शिव सहाय सिंह तृतीय राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता’ के द्वितीय दिवस एवं समापन समारोह का आयोजन रविवार को भव्य एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में विधि क्षेत्र से जुड़े अनेक प्रतिष्ठित अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. डॉ. बृजेंद्र सिंह कपिल (अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या) उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. धर्मेंद्र सिंह सेंगर (अधिवक्ता, उच्चतम न्यायालय एवं पूर्व कुलपति, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर) ने सहभागिता की। विशेष अतिथि के तौर पर सुशील सिंह (समन्वयक, इतिहास विभाग, कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान, सुल्तानपुर) भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कॉलेज के प्रबंधक डॉ. शैलेंद्र प्रताप सिंह, प्राचार्य डॉ. उदय प्रताप सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने संबोधन में विधि शिक्षा के व्यावहारिक पहलुओं को मजबूत करने में मूट कोर्ट प्रतियोगिताओं की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में न्यायिक तर्क, वाद-विवाद कौशल, आत्मविश्वास एवं नैतिक मूल्यों का विकास होता है। साथ ही अधिवक्ताओं के पेशेवर आचरण, न्यायिक प्रक्रिया की गरिमा और न्यायपालिका में नैतिकता के महत्व पर भी विचार साझा किए गए। प्रतियोगिता में विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। परिणामों की घोषणा करते हुए बताया गया कि टी.आर.सी. लॉ कॉलेज, बाराबंकी की टीम विजेता रही, जबकि टीम अमनाश सिंह विधि महाविद्यालय, जौनपुर उपविजेता रही।

बेस्ट स्पीकर अवार्ड टी.आर.सी. लॉ कॉलेज, बाराबंकी के सक्षम मिश्रा को प्रदान किया गया, जबकि बेस्ट मेमोरियल अवार्ड कामता प्रसाद सुंदर लाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय की टीम को मिला। वहीं बेस्ट रिसर्चर अवार्ड बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के गौरव मीणा ने प्राप्त किया। समापन समारोह का संचालन संस्थान के संचालक द्वय वसुंधरा सिंह एवं सुमीषा कश्यप द्वारा प्रभावी एवं शालीन ढंग से किया गया। अंत में प्रबंधक डॉ. शैलेंद्र प्रताप सिंह ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। यह आयोजन विधि विद्यार्थियों के व्यावहारिक ज्ञान, तर्कशक्ति, वाद-विवाद कौशल एवं आत्मविश्वास को विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# बीजेपी से टिकट की रेस में कूदे शिव प्रकाश अवस्थी उर्फ राहुल बोले- क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा की सेवा मेरा संकल्प

अनिल शुक्ला



रामनगर/बाराबंकी। 267 विधानसभा रामनगर में जिओ पेट्रोल पंप पर रामनगर निवासी शिव प्रकाश अवस्थी उर्फ राहुल ने प्रेस वार्ता की जिसमें उन्होंने कहा कि 2027 विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट के बीच 267 रामनगर विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी टिकट के लिए दावेदारों की मुश्किलें बढ़ा दी है। इसी क्रम में शिव प्रकाश अवस्थी उर्फ राहुल ने भी रामनगर विधानसभा से बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। क्या कहा शिव प्रकाश अवस्थी ने शिव प्रकाश अवस्थी ने कहा कि रामनगर क्षेत्र की सेवा मेरे मन-मस्तिष्क में कूट-कूट कर भरी है। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रवादी विचारधारा से प्रभावित होकर मैं लंबे समय से संगठन के लिए काम कर रहा हूं।

उन्होंने बताया कि वह पार्टी के कार्यक्रमों में लगातार सक्रिय रहते हैं और क्षेत्र के विकास, शिक्षा-व्यापार के क्षेत्र में भी काम कर चुके हैं। उनका मकसद गरीब जनता का उत्थान करना है। क्यों अहम है ये दावेदारी रामनगर विधानसभा में बीजेपी टिकट के लिए कई दावेदार मैदान में हैं। शिव प्रकाश अवस्थी उर्फ राहुल ने संगठन के लिए किए गए काम और क्षेत्रीय जुड़ाव को अपनी ताकत बताया है। उनका कहना है कि कंग्रेस के विरोध के बाद मैंने महसूस किया कि जनता का हित भाजपा में ही है। आज मैं क्षेत्र के विकास के लिए आगे बढ़ने का संकल्प लेता हूं। राजनीतिक समीकरण रामनगर सीट पर 2022 में सपा ने जीत दर्ज की थी। 2027 में बीजेपी इसे वापस लेने की तैयारी में है। ऐसे में टिकट की दावेदारी करने वालों की लिस्ट लंबी हो रही है। संगठन स्तर पर नामों पर मंथन शुरू है। इस मौके पर अवधेश मिश्रा, दुर्गेश तिवारी, सुनील सिंह, अभिषेक मिश्रा, आशीष,मुनेन्दर,ज्वाला,लवलेश सहित तमाम युवा मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि, बंकी ब्लॉक परिसर में हुआ माल्यार्पण कार्यक्रम

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार फाउंडेशन द्वारा रविवार को ब्लॉक बंकी परिसर स्थित स्वतंत्रता सेनानियों के शिलालेख पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार वर्मा के नेतृत्व में स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारियों ने माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई। वक्ताओं ने कहा कि प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों की स्मृति में ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान उपेंद्र कुमार ने अपने पिता स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. रामचंद्र के जीवन संघर्षों का उल्लेख किया। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष जमीलुररहमान ने किया। इस मौके पर भारत भूषण, प्रवीण कुमार, अरुण कुमार वर्मा, शैलेश ओझा, विकास भूषण, सुंदर सोनी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## अलग-अलग सड़क हादसों में महिला की मौत, चार घायल

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में रविवार को हुए अलग-अलग सड़क हादसों में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसों के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पहली घटना थाना जहांगीराबाद क्षेत्र के अंबरपुर के पास हुई। कस्बा व थाना मसौली निवासी वृजमोहन अपनी 45 वर्षीय मां को बाइक से बहन के घर लेकर जा रहा था। इसी दौरान मिट्टी से भरे एक डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही मां-बेटे सड़क पर गिर पड़े। हादसे में महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वृजमोहन घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।
वहीं दूसरी घटना मसौली-बाराबंकी मुख्य मार्ग पर न्योला गांव के पास हुई। यहां बाइक सवार धौखरिया गांव निवासी 35 वर्षीय मुकेश, 20 वर्षीय सौरभ तथा दिवाकर अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने की मांग की है।

## निलंबित शाखा प्रबंधक और सहयोगियों पर मुकदमा दर्ज

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले के कादीपुर थाना क्षेत्र में स्थित उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की मुडिलाडीह शाखा में वित्तीय गड़बड़ी और धोखाधड़ी का गंभीर मामला सामने आया है। बैंक के एक निलंबित शाखा प्रबंधक पर मृत खाताधारकों के खातों से अवैध रूप से पैसा निकालने का आरोप लगा है। बैंक की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी सहित अन्य सहयोगियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बैंक द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, सितंबर 2025 में हुए प्रिवेंटिव विजिलेंस ऑडिट के दौरान इस फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि उस समय शाखा में तैनात प्रबंधक शशि राज ने बैंक के नियमों की अनदेखी करते हुए मृत खाताधारकों के निष्क्रिय खातों को गलत तरीके से बंद कर उनकी रकम अन्य खातों में ट्रांसफर कर दी। आंतरिक जांच में कुल 3,48,191 रुपये के गबन की पुष्टि हुई है। यह रकम अलग-अलग लोगों के खातों में ट्रांसफर कर निकाली गई। जांच में पाया गया कि नगेन्द्र वर्मा के खाते में ?1,06,409 ट्रांसफर कर निकाला गया, वहीं सचिन ने ॅ्द के माध्यम से ?2,99,163 की निकासी की। इसके अलावा राजनाथ

# सड़क हादसे के घायल बुजुर्ग की मौत, तेज रफ्तार जीप चालक पर मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।कोतवाली क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना कुछ दिन पूर्व राजीव नगर चौराहे पर हुई थी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मुजफ्फरनगर निवासी देवेंद्र कुमार वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 29 अप्रैल की रात वह अपने पिता रामगोपाल और माता रामश्री के साथ एक मांगलिक कार्यक्रम से वापस लौट रहे थे रात करीब 10:30 बजे जैसे ही वे राजीव नगर चौराहे के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार जीप (कम्पास) ने उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और रामगोपाल गंभीर रूप से घायल हो गए हादसे के तुरंत बाद उन्हें पीलीभीत के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चार दिनों तक चले उपचार के बाद 3 मई की सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया घटना के संबंध में मृतक के पुत्र देवेंद्र कुमार वर्मा ने रविवार दोपहर पूरनपुर पुलिस को लिखित तहरीर देकर आरोपी जीप चालक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। परिजनों का आरोप है कि चालक की तेज रफ्तार और लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ, जिसमें उनके पिता की जान चली गई थानाध्यक्ष पवन पांडे ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर प्राप्त हो गई है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है साथ ही आरोपी वाहन की पहचान कर चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# आंधी की चपेट में आने से तीन घायल, एक गंभीर, पेड़, छप्पर, टिन शेड, पानी की टंकी उड़ी, दीवार ढही लाखों का नुकसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। सदर तहसील के पलहीपुर (लाला का पुरवा में) रविवार सुबह आई तेज आंधी में गौशाला में ईंट गिरने से दम्पत्ति सहित तीन घायल हो गये। जिनमे से गंभीर चोट के कारण एक को लखनऊ रिफर कर दिया गया। तेज हवा से दर्जनों पेड़ गिर गए टिन चद्दर, पानी की टंकी व छप्पर उड़ गए दीवाल गिर गई। बिजली का खम्भा टूट गया।

ज़ब आंधी आई तो रामकुमार पांडे व उनकी पत्नी गौशाला में थे तेज हवा से टिन शेड पर रखी इंटें उनके ऊपर गिर गई। राम कुमार का सर फट गया उनकी पत्नी के कमर व पैर में चोट आई। परिजन उन्हें मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर ले गए. जहाँ हालत गंभीर देख़ राम कुमार को लखनऊ रिफर कर दिया गया. उनकी पत्नी को भर्ती कर लिया गया। चिंतामणि पाल का छप्पर ढह गया जिसमें दब जाने से उनके कंधे व पीठ में चोटे आई। अमर पाल कमला पांडे, राजेश श्रीवास्तव के घर व सरिया की टिन शेड व छप्पर उड़ गया। सिंटू बरनवाल की पानी टंकी उड़कर दूर जा गिरी। वीरेंद्र कुमार की टंकी फट गई। सुमित श्रीवास्तव, जीतेन्द्र श्रीवास्तव, शीतला यादव राजेश श्रीवास्तव की बाग के कई पेड़ कट कर उड़कर टूट गए। लालजी यादव के घर केपास सड़क किनारे बिजली का खम्भा टूट गया। दातादीन शर्मा की दीवार ढह गई है। आंधी पानी के बाद से बिजली आपूर्ति बन्द है। आम की फ़सल को काफ़ी नुकसान हुआ है। खेतों में पानी भर गया है।

# बाराबंकी में अतुल अंजान को लाल सलाम, दिल्ली में ‘अतुल कुमार अंजान भवन’ बनाने की घोषणा

## श्रद्धांजलि सभा में राष्ट्रीय नेताओं ने याद किए किसान आंदोलन के संघर्ष, स्वामीनाथन आयोग में योगदान को बताया ऐतिहासिक

कैनविज टाइम्स संवाददाता






बाराबंकी। उ.प्र. किसान सभा द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में किसान आंदोलन और अंतरराष्ट्रीय कम्युनिस्ट आंदोलन के प्रखर नेता रहे अतुल कुमार अंजान को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। सभा को संबोधित करते हुए किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजन क्षीरसागर ने कहा कि स्वामीनाथन आयोग द्वारा फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य के लिए निर्धारित सी2+50 प्रतिशत फार्मूला साथी अतुल कुमार अंजान के अथक प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आयोग में वह एकमात्र किसान प्रतिनिधि थे और किसानों की आवाज को मजबूती से उठाया। अखिल भारतीय किसान सभा के महासचिव रावुला वेंकैया ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अतुल कुमार अंजान की स्मृति को अमर बनाने के लिए किसान सभा एक वर्ष के भीतर दिल्ली में अपने मुख्यालय के रूप में ‘अतुल कुमार अंजान भवन’ का निर्माण कराएगी। पूर्व सांसद पी.एल. पुनिया का लाल सलाम के साथ स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अतुल अंजान जैसे जननेताओं की देश को सबसे अधिक आवश्यकता है। भाकपा के राज्य सचिव अरविंद राजस्वरूप ने कहा कि अतुल कुमार अंजान विद्यार्थी आंदोलन के भी प्रखर नेता रहे। वह ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फ़ेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ के कई वर्षों तक अध्यक्ष रहे। कार्यक्रम में अतुल अंजान की बहनें रत्ना और किरण विशेष रूप से मौजूद रहीं। रत्ना ने भाई से जुड़े संस्मरण साझा करते हुए भावुक श्रद्धांजलि अर्पित की। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहसिन ने भी अतुल अंजान से जुड़े अनुभव साझा किए। सभा में किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष रणधीर सिंह ‘सुमन’, दीनानाथ त्रिपाठी, राम नारायण सिंह, देवेंद्र मिश्र, अशोक तिवारी, रामकुमार भारती, राधेश्याम यादव, सिद्धनाथ श्रीवास्तव, डॉ. रामचंद्र सरस, वीके सिंह, विनय कुमार सिंह, कंाती मिश्रा, प्रवीण कुमार, बृजमोहन वर्मा, शिवदर्शन वर्मा, डॉ. कौसर हुसैन, आशाराम वर्मा, अमर सिंह, भूपेंद्र पाल सिंह, प्रत्युष कंात शुक्ला, श्याम सिंह, अंकुल वर्मा, रीना मौर्य, अभय वर्मा और आदित्य कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान, मजदूर, छात्र व बुद्धिजीवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इम्तियाज बेग ने की। सभी नेताओं ने अतुल कुमार अंजान के चित्रों पर माल्यार्पण कर उनके किसान-मजदूर हितैषी संघर्षों को याद करते हुए उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया।





# मुंबई और लखनऊ के बीच मैच में हार्दिक और सूर्यकुमार पर होगी निगाह

एजेंसी

मुंबई। मुंबई इंडियंस को यदि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए अगर मगर की कठिन डगर की उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो सबसे निचले पायदान पर काबिज लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ सोमवार को यहां होने वाले मुकाबले में उसके कप्तान हार्दिक पंड्या और प्रमुख बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। पंड्या (146 रन और चार विकेट) और सूर्यकुमार (186) का अब तक का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है, जिससे मुंबई को काफी नुकसान हुआ है। विशेषकर तब जबकि पूर्व कप्तान रोहित शर्मा हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण नहीं खेल पा रहे हैं। वह हालांकि अब वापसी की राह पर हैं। पांच बार की आईपीएल विजेता मुंबई इंडियंस नौ मैचों में सिर्फ दो जीत के साथ अंक तालिका में नौवें स्थान पर है। उसकी आईपीएल प्लेऑफ में जगह बनाने की उम्मीदें लगभग खत्म हो चुकी हैं। मुंबई को अगर मगर से क्वालीफाई करने की उम्मीद बनाए रखने के लिए अपने बाकी बचे सभी मैच जीतने होंगे और साथ ही अन्य टीम के परिणाम भी अपने अनुकूल रहने के लिए प्रार्थना करनी होगी। उसके प्रमुख खिलाड़ी अभी तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। मुंबई के खराब प्रदर्शन से हार्दिक की कप्तानी भी सवालों के घेरे में आ गई है। रणनीति के मामले में वह पूरी तरह नाकाम रहे हैं। मुंबई के बल्लेबाज एकजुट होकर प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जबकि हार्दिक का बल्ले और गेंद दोनों से साधारण प्रदर्शन रहा है। गेंदबाजी में हार्दिक का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव भरा रहा है, लेकिन उनकी बल्लेबाजी में काफी सुधार की जरूरत है। सूर्यकुमार अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में तब्दील करने में नाकाम रहे हैं, जो वास्तव में चिंता का विषय है क्योंकि अब वह पहले की तरह गेंदबाजों पर हावी नहीं हो पा रहे हैं। भारत की टी20 टीम के कप्तान ने 2025 में भी अच्छा प्रदर्शन नहीं किया था। उन्होंने 2026 की अच्छी शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद उनका बल्ला नहीं चल पाया। वह न तो पूरी तरह से फॉर्म से बाहर नजर आ रहे हैं और ना ही वह क्रीज पर लंबा समय बिता पाए हैं। मुंबई इंडियंस और एलएसजी का इस सत्र में प्रदर्शन एक जैसा रहा है। यह दोनों ही टीमें बल्लेबाजों की सामूहिक विफलता से जूझ रही हैं, जिसने अंतिम चार में पहुंचने की उनकी संभावनाओं को काफी हद तक धूमिल कर दिया है। एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। उनकी टीम लगातार पांच मैच हारकर अंक तालिका में सबसे नीचे खिसक गई है।



# विनेश ने पक्षपात की आशंका जताई, कहा कि गोंडा में किसी भी घटना के लिए सरकार जिम्मेदार होगी

एजेंसी

नयी दिल्ली। सीनियर महिला पहलवान विनेश फोगाट ने रविवार को चेतावनी दी कि गोंडा में आगामी राष्ट्रीय ओपन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट के दौरान उनके या उनकी टीम के सदस्यों के साथ कुछ भी अप्रिय घटना होने पर भारत सरकार जिम्मेदार होगी। इसके साथ ही उन्होंने प्रतियोगिता में ''पक्षपातपूर्ण फैसलों'' की आशंका भी जताई। विनेश ने लगभग 18 महीनों के बाद वापसी करने से पहले एक वीडियो संदेश में आरोप लगाया कि बृज भूषण शरण सिंह से जुड़े स्थल पर होने वाली प्रतियोगिता के परिणामों पर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख के करीबी व्यक्ति प्रभाव डाल सकते हैं। विनेश ने कहा, ''प्रतियोगिता के दौरान अगर मेरे, मेरी टीम या समर्थकों के साथ कोई अप्रिय घटना घटती है तो इसके लिए भारत सरकार जिम्मेदार होगी। उन्होंने प्रतियोगिता के दौरान पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए मीडिया और खेल समुदाय से आयोजन स्थल पर उपस्थित रहने का आग्रह किया। विनेश ने कहा, ''यह टूर्नामेंट ऐसी जगह आयोजित किया जा रहा है जहां उनका (बृज का) काफी प्रभाव है। किसी मुकाबले में कौन रेफरी होगा, कितने अंक दिए जाएंगे, मैट चेयरमैन कौन होगा, सब कुछ उनके और उनके लोगों के नियंत्रण में है। पिछले कुछ महीनो से अभ्यास कर रही इस 31 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि वह ''ईमानदारी से'' कुश्ती में वापसी करना चाहती हैं और देश के लिए फिर से पदक जीतना चाहती हैं, लेकिन उन्होंने निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को लेकर संदेह व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ''मुझे किसी तरह का विशेषाधिकार या विशेष व्यवहार नहीं चाहिए। मैं बस इतना चाहती हूं कि परिणाम प्रदर्शन के अनुकूल हों। गौरतलब है कि विनेश अब राजनीतिज्ञ भी हैं, जिन्होंने अक्टूबर 2024 में कांग्रेस के टिकट पर जुलाना निर्वाचन क्षेत्र से हरियाणा राज्य विधानसभा चुनाव जीता था। विनेश ने एक ऐसे माहौल में प्रतिस्पर्धा करने के मानसिक दबाव पर भी चिंता व्यक्त की जिसे उन्होंने शत्रुतापूर्ण करार दिया, क्योंकि वह सिंह के खिलाफ चल रहे यौन उत्पीड़न मामले में एक शिकायतकर्ता है। विनेश ने पीड़ितों की पहचान और गरिमा को लेकर उच्चतम न्यायालय के दिशानिर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि परिस्थितियों के कारण उन्हें सार्वजनिक रूप से बोलने के लिए विवश होना पड़ा। उन्होंने कहा, ''मैं उन छह महिला पहलवानों में से एक हूं जिन्होंने शिकायत दर्ज कराई है। मामला अभी अदालत में है और गवाहों से पूछताछ चल रही है। उससे जुड़े किसी स्थान पर प्रतिस्पर्धा करना, जहां अधिकतर लोग उससे संबंधित हो सकते हैं, मुझ पर अत्याधिक मानसिक दबाव बनाता है। विनेश ने कहा, ''मुझे संदेह है कि मैं उस माहौल में अपना शत प्रतिशत दे पाऊंगी। उन्होंने अधिकारियों पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार और खेल मंत्रालय ''तमाशबीन की तरह देख रहे थे'' और उन्होंने सिंह को ''पूरी छूट'' दे दी थी।

# टी20 मुंबई नीलामी में अर्जुन तेंदुलकर ऑक्सर्स अंधेरी से जुड़ें, इरा जाधव सबसे महंगी महिला खिलाड़ी

एजेंसी

मुंबई। ऑक्सर्स अंधेरी ने शनिवार को टी20 मुंबई लीग के पुरुषों और महिलाओं की नीलामी के दौरान अर्जुन तेंदुलकर को 10 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया जबकि 16 साल की इरा जाधव को आकाश टाइगर्स ने इसी कीमत पर खरीदा। महिलाओं के पहले सत्र की नीलामी के बाद पुरुषों की नीलामी हुई।

मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के दोनों वर्ग के टी20 टूर्नामेंट इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के खत्म होने के बाद अगले महीने होने वाले हैं। 26 साल के तेंदुलकर ने पिछले कुछ सत्र में घरेलू क्रिकेट में गोवा का प्रतिनिधित्व किया है। उन्हें बीसीसीआई ने पहले ही नीलामी और टूर्नामेंट के लिए मंज़ूरी दे दी थी क्योंकि उन्होंने पिछले 12 महीनों में किसी भी राज्य संघ के टी20 टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया है। कुल 363 महिला खिलाड़ियों की बोली लगी, जिसमें तीन टीमों ने 50 खिलाड़ियों को चुनने के लिए कुल 1.47 करोड़ रुपये खर्च किए। इस लीग में भारत के कई स्टार खिलाड़ी भी शामिल होंगे जिन्हें आइकन खिलाड़ी का नाम दिया गया था और नीलामी से पहले उनकी फ्रेंचाइजी ने उन्हें बरकरार कर लिया था। इस सूची में सूर्यकुमार यादव (ट्रायम्फ नाइट्स मुंबई नॉर्थ ईस्ट), श्रेयस अय्यर (सोबो मुंबई फाल्कन्स), और अजिंक्य रहाणे (नॉर्थ मुंबई पैंथर्स) शामिल हैं।



# ऑस्ट्रेलिया के विरूद्ध हमने अच्छा खेला, लेकिन अब हमारा ध्यान जापान पर : पामेला कोंटी

एजेंसी

नई दिल्ली। फुटबॉल टूर्नामेंट एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप में 21 साल बाद वापसी करने वाली भारतीय टीम को अपने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद टीम का फोकस अगले मैच पर है, जिसे टीम जीतकर वापसी करना चाहती है। मुख्य कोच पामेला कोंटी ने कहा कि मजबूत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हमने अच्छा खेला, लेकिन अब हमारा ध्यान जापान के खिलाफ मैच पर है। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) से बात करते हुए मुख्य कोच पामेला कोंटी ने माना कि मुकाबला कठिन था और ऑस्ट्रेलिया शारीरिक रूप से मजबूत टीम है। उन्होंने कहा कि टीम ने रक्षात्मक रूप से अच्छा प्रदर्शन किया। ज्यादा गोल न खाना महत्वपूर्ण था और अंत में जो गोल हुआ, वो हमारी अपनी गलतियों के कारण हुआ। हमें इसी क्षेत्र में काफी सुधार करने की जरूरत है। परिणाम के बावजूद उन्होंने रक्षात्मक दृष्टि से कुछ विशिष्ट सकारात्मक पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इसमें कई सकारात्मक पहलू हैं। सबसे पहले ऑस्ट्रेलिया ज्यादा गोल नहीं कर पाई। हमने बहुत अच्छी तरह से बचाव किया। सभी खिलाड़ियों ने जबरदस्त जोश और प्रतिबद्धता दिखाई। अब हमारा ध्यान जापान पर केंद्रित है। कोच ने कहा कि मुझे अपनी टीम पर बहुत गर्व है। हमने शानदार मैच खेला। ऑस्ट्रेलिया एक बहुत मजबूत टीम है। अब हमें जापान का सामना करना है, जो शायद और भी कठिन होगा। हमें खिलाड़ियों की शारीरिक स्थिति का भी ध्यान रखना होगा क्योंकि यह आसान नहीं होगा। मिडफील्डर थंदामोनी बास्के ने भी इस भावना को दोहराया। उन्होंने कहा कि यह हमारा पहला मैच था। मुझे लगता है कि हमने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन हम और भी बेहतर कर सकते थे। वे ज्यादा शॉट नहीं लगा पाए और जो एक गोल आखिर में उन्होंने किया वह भी हमारी गलती से हुआ। अभी हमारे पास मैच बाकी हैं, इसलिए हम और कड़ी मेहनत करेंगे और जीतने की कोशिश करेंगे। भारतीय टीम ने शनिवार को चीन के सूजौ स्थित सूजौ ताइहु फुटबॉल स्पोर्ट्स सेंटर पिच 8 में खेले गए ग्रुप बी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 0-2 से हार के साथ एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप 2026 अभियान की शुरुआत की। भारत अब पांच मई को चार बार की चैंपियन जापान से भिड़ेगा, जिसके बाद आठ मई को उसका सामना लेबनान से होगा।



# पश्चिम एशिया संकट: चमड़ा, जूता उद्योग ने प्रमुख कच्चे माल पर शुल्क छूट की मांग की

एजेंसी

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे माल की लागत में 40 से 60 प्रतिशत तक वृद्धि होने के बीच चमड़ा और जूता उद्योग ने कृत्रिम चमड़ा, धातु सहायक सामग्री, मशीनरी, धागे, सांचे और कुछ रसायनों जैसे महत्वपूर्ण कच्चे माल पर आयात शुल्क में छूट देने की मांग की है। एक उद्योग अधिकारी ने यह जानकारी दी। उद्योग ने हाल ही में इस संबंध में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के समक्ष मामला उठाया है। अधिकारी ने कहा कि निर्यातकों ने सरकार से प्रस्तावित 'फ्लोट' (फुटवियर एवं चमड़ा उन्मुख परिवर्तन) योजना को शीघ्र लागू करने का सुझाव दिया है, ताकि पूरे उत्पाद वर्ग, कच्चे माल, मशीनरी और अन्य आवश्यक सामग्रियों को इसमें शामिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए क्रस्ट और तैयार चमड़े के शुल्क-मुक्त आयात की भी मांग की गई है। अधिकारी ने कहा, पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे माल और अन्य आवश्यक सामग्रियों की लागत में 40-60 प्रतिशत तक वृद्धि हुई है। ऐसे में हमने सरकार से कृत्रिम चमड़ा , जूता घटक, धातु सहायक सामग्री, चमड़ा एवं जूता मशीनरी, धागे, सांचे, टो पफ, आईलेट, कुछ रसायन और पैकेजिंग सामग्री पर आयात शुल्क में छूट देने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि रबर से जुड़े कुछ रसायन, पीयू चमड़ा, चिपकाने वाले पदार्थ, प्लास्टिक और जूते के तलवे पेट्रोलियम उत्पादों से तैयार होते हैं। ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य बंद किए जाने से तेल और गैस के जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई है, जिससे लागत पर असर पड़ा है। कुछ अन्य आवश्यक सामग्री चीन, कोरिया, इंडोनेशिया और जापान जैसे देशों से आयात की जाती है। इस क्षेत्र में देश का आयात सालाना आधार पर 4.49 प्रतिशत घटकर 93.8 करोड़ डॉलर रह गया।

# सस्ता होने के कारण मांग बढ़ने से सरसों तेल-तिलहन में सुधार

एजेंसी

नयी दिल्ली। सोयाबीन तेल के मुकाबले दाम सस्ता होने के कारण मांग बढ़ने से सरसों तेल-तिलहन के दाम में सुधार दर्ज हुआ। इसके अलावा सोयाबीन के तेल रहित खल (डीओसी) की स्थानीय मांग बढ़ने से सोयाबीन तेल-तिलहन, गर्मियों में औद्योगिक मांग बढ़ने से पाम-पामोलीन तथा उपलब्धता घटने से बिनौला तेल के दाम भी मजबूत रहे। ऊंचे दाम के कारण कमजोर कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम यथावत रहे। बाजार सूत्रों ने कहा कि बाजार में सरसों की आवक आम वर्षों के मुकाबले काफी कम है। दूसरा, दिल्ली, हरियाणा जैसे राज्यों में सोयाबीन तेल के मुकाबले सरसों तेल 12-14 रुपये किलो सस्ता है जबकि देश के अन्य स्थानों पर यह 7-8 रुपये किलो सस्ता है। कमजोर आयवर्ग के उपभोक्ताओं में सरसों तेल की मांग बढ़ी है। इन कारणों से सरसों तेल-तिलहन के दाम में सुधार आया। उन्होंने कहा कि सेयाबीन के तेल-रहित खल (डी-आयल्ड केक या डीओसी) की स्थानीय मांग बढ़ने तथा शुक्रवार की रात शिकागो एक्सचेंज के मजबूत रहने से सोयाबीन तेल-तिलहन के दाम में भी सुधार आया। वैसे सोयाबीन का स्टॉक या तो सरकार के पास है या फिर किसानों के पास है।

सरकार को सोयाबीन के बिजाई के पूर होने तक इसका स्टॉक बचा के रखना बेहतर होगा जो जरुरत के वक्त काफी सहायक साबित हो सकता है। सूत्रों ने कहा कि मूंगफली के दाम ऊंचे हैं इस वजह से इसका कारोबार प्रभावित है। ऊंचे दाम पर कम कारोबार के बीच अकेले मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में स्थिरता रही। उन्होंने कहा कि कच्चा पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल लागत से नीचे दाम पर बिक रहे हैं और गर्मियों के दौरान इसकी औद्योगिक मांग भी बढ़ रही है जिससे पाम-पामोलीन तेल के दाम में भी सुधार आया। सूत्रों ने कहा कि मंडियों में बिनौले की उपलब्धता काफी कम है और शनिवार को कपास (जिससे बिनौला निकलता है) की आवक घटकर 28 हजार गांठ की ही रह गई है।



# डीईए ने चीनी हिस्सेदारी वाली कंपनियों के लिए फ़ेमा एफडीआई नियमों में ढील को अधिसूचित किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना के माध्यम से उन विदेशी कंपनियों को फ़ेमा के तहत स्वचालित मार्ग से भारत में निवेश करने की अनुमति देने के फैसले को अधिसूचित किया है, जिनमें चीन की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत तक है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मार्च में डीपीआईआईटी के 2020 के प्रेस नोट-3 में संशोधनों को मंजूरी दी थी। इन संशोधनों के अनुसार, जिन विदेशी कंपनियों में चीन या हांगकांग की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत तक है, वे उन क्षेत्रों में स्वचालित मार्ग के तहत भारत में निवेश कर सकती हैं, जहां एफडीआई की अनुमति है, जो क्षेत्रीय शर्तों के अधीन होगा। हालांकि, यह रियायत चीन, हांगकांग या भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले अन्य देशों में पंजीकृत कंपनियों पर लागू नहीं होगी। मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने मार्च में प्रेस नोट 2 (2026 श्रृंखला) के माध्यम से इसे अधिसूचित किया था। आर्थिक कार्य विभाग (डीईए) की अधिसूचना के अनुसार, 'लाभकारी स्वामी' अभिव्यक्ति का वही अर्थ होगा जो धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 की धारा 2 की उप-धारा (1) के खंड (एफए) में दिया गया है। पीएमएलए नियम के अनुसार नियंत्रणकारी स्वामित्व हित का अर्थ कंपनी के 10 प्रतिशत से अधिक शेयरों या पूंजी या लाभ पर स्वामित्व या पात्रता से है। अप्रैल 2000 से दिसंबर 2025 तक भारत में आए कुल एफडीआई इक्विटी प्रवाह में केवल 0.32 प्रतिशत हिस्सेदारी (2.51 अरब अमेरिकी डॉलर) के साथ चीन 23वें स्थान पर है।




# विधानसभा चुनावों के परिणाम, तेल की कीमत, तिमाही नतीजों से इस सप्ताह तय होगी शेयर बाजार की चाल

एजेंसी

**शेयर समीक्षा**

नयी दिल्ली। इस सप्ताह शेयर बाजारों की दिशा मुख्य रूप से विधानसभा चुनावों के नतीजों और पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच कच्चे तेल की कीमतों से तय होने का अनुमान है। विश्लेषकों ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि निवेशक पश्चिम एशिया संघर्ष और हॉर्मुज जलडमरूमध्य से संबंधित घटनाक्रमों पर भी नजर रखेंगे। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी के पांच विधानसभा चुनावों के लिए मतों की गिनती सोमवार, चार मई से शुरू होगी। लिवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक और अनुसंधान विश्लेषक हरिप्रसाद के ने कहा, ङ्कसबसे तात्कालिक कारक प्रमुख राज्यों में विधानसभा चुनावों के परिणाम होंगे। निवेशक बारीकी से देख रहे हैं कि क्या केंद्र में सत्तारूढ़ दल पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस को हरा सकता है और क्या विपक्ष शासित केरल तथा तमिलनाडु में सार्थक पैठ बना सकता है, जहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की इस समय सीमित उपस्थिति है। हरिप्रसाद ने कहा कि कच्चा तेल सबसे महत्वपूर्ण व्यापक आर्थिक कारक बना हुआ है। उन्होंने आगे कहा, हॉर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास चल रहे तनाव के बीच ब्रेंट तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी हुई हैं, जिससे मुद्रास्फीति का जोखिम है। भारत जैसी आयात पर निर्भर अर्थव्यवस्था के लिए कच्चे तेल की लगातार ऊंची कीमतें रुपये पर दबाव डालती हैं। इसका कॉरपोरेट मार्जिन के साथ ही राजकोषीय गतिशीलता पर भी असर पड़ता है। इसके अलावा व्यापक आर्थिक आंकड़े, चौथी तिमाही के नतीजे और विदेशी निवेशकों के रुख से भी बाजार प्रभावित होगा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा, ङ्कच्चे तेल की कीमतों का रुझान प्रमुख बाहरी कारक बना रहेगा। अमेरिका-ईरान के बीच चल रहे गतिरोध और हॉर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने की आशंका से बाजार में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। उन्होंने कहा कि प्रमुख आर्थिक आंकड़ों में एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई (चार मई), सेवा और कंपोजिट पीएमआई (छह मई) और विदेशी मुद्रा भंडार के आंकड़े (आठ मई) इस सप्ताह आने हैं, जो आर्थिक गति और बाहरी क्षेत्र की स्थिरता के बारे में संकेत देंगे। इस सप्ताह अंबुजा सीमेंट्स, बीएचईएल, हीरो मोटोकॉर्प, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज ऑटो जैसी प्रमुख कंपनियों के तिमाही नतीजे घोषित किए जाएंगे। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ङ्कइस सप्ताह बाजार शुरुआत में राज्य विधानसभा चुनावों के परिणामों पर प्रतिक्रिया देंगे, विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में, जिससे 1-2 दिनों तक उतार-चढ़ाव हो सकता है। उन्होंने कहा कि तेल की कीमतों में किसी भी नई तेजी से भारतीय शेयरों पर फिर से बिकवाली का दबाव आ सकता है, जबकि कीमतों में निरंतर गिरावट से धारणा में सुधार होने की संभावना है।



# शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में चार का बाजार पूंजीकरण 2.20 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

एजेंसी

नयी दिल्ली। पिछले सप्ताह छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों के बावजूद शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में चार के संयुक्त बाजार मूल्यांकन में 2.20 लाख करोड़ रुपये का उछाल आया। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे अधिक लाभ में रही। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 249.29 अंक या 0.32 प्रतिशत चढ़ा। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध विभाग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा, ङ्कमिश्रित वैश्विक और घरेलू संकेतों के बीच उतार-चढ़ाव भरे और सीमित दायरे वाले कारोबारी माहौल को दर्शाते हुए बाजारों ने सप्ताह का अंत मामूली बढ़त के साथ किया। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएम) और बजाज फाइनेंस लाभ में रहे। दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर और भारतीय जीवन बीमा निगम के मूल्यांकन में कुल मिलाकर 1.24 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 1,39,655.8 करोड़ रुपये बढ़कर 19,36,303.30 करोड़ रुपये हो गया। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 43,503.51 करोड़ रुपये बढ़कर 11,49,222.13 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। दूसरी ओर, आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 45,364.62 करोड़ रुपये घटकर 9,04,980.78 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय स्टेट बैंक का मूल्यांकन 30,922.57 करोड़ रुपये गिरकर 9,85,829.96 करोड़ रुपये पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही। इसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

# मास्टर प्लान के दायरे में आने वाले कारोबारियों को सर्वे से डरने की जरूरत नहीं: सत्या शर्मा

**एजेंसी**

नई दिल्ली। दिल्ली के आवासीय क्षेत्रों में चल रहे गैर-आवासीय परिसरों के सर्वे को लेकर मचे घमासान के बीच दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने व्यापारियों को आश्वासन दिया है।

सत्या शर्मा ने स्पष्ट किया कि मास्टर प्लान 2021 और दिल्ली विशेष प्रावधान अधिनियम के तहत आने वाले वैध कारोबारियों पर कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी।

बाजारों में फैले भ्रम को दूर करते हुए उन्होंने व्यापारियों और संपत्ति मालिकों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने व्यापारिक संगठनों को भरोसा दिलाया कि निगम उनके साथ निरंतर संवाद में है और किसी भी वैध कारोबारी के हितों के साथ समझौता नहीं किया जाएगा।



सत्या शर्मा ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेश पर किए जा रहे इस सर्वे का लक्ष्य केवल उन संपत्तियों की पहचान करना है, जो नियमों का गंभीर उल्लंघन कर रही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि सर्वे का मकसद छोटे और नियमों का पालन करने वाले दुकानदारों को परेशान करना नहीं बल्कि बड़े स्तर पर हो रहे अवैध व्यावसायिक अतिक्रमण और गैर-कानूनी गतिविधियों पर नकेल कसना है।

अध्यक्ष ने जानकारी दी कि मास्टर प्लान दिल्ली 2021 के तहत 'मिश्रित उपयोग' की अनुमति है। इसके तहत रिहायशी इलाकों में 20 वर्ग मीटर तक की छोटी दुकानें और 24 श्रेणियों की सेवाएं पूरी तरह वैध हैं। इनमें दैनिक आवश्यकताएं: किराना, फल-सब्जी, डेयरी, दवा की दुकानें, सेवाएं: दर्जी, ब्यूटी पार्लर, ड्राई क्लीनर, मोबाइल मरम्मत, फोटोकॉपी, पेशेवर गतिविधियां: क्लिनिक, पैथोलॉजी लैब, ट्यूशन सेंटर, ट्रैवल एजेंसी और अन्य: स्टेशनरी, साइबर कैफ़े और छोटी खाद्य इकाइयां शामिल हैं।

सत्या शर्मा ने कहा कि इस अधिनियम के तहत जिन इलाकों या परिसरों को कानूनी संरक्षण प्राप्त है, वे भी सुरक्षित रहेंगे। जब तक इन क्षेत्रों के नियमितीकरण या पुनर्विकास की अंतिम नीति लागू नहीं हो जाती, तब तक किसी भी तरह की दंडात्मक कार्रवाई पर रोक बनी रहेगी।

# गृहमंत्री अमित शाह, निर्मला सीतारमण एवं जेपी नड्डा से मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने की मुलाकात

**एजेंसी**



पटना। बिहार में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाओं के बीच बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज दिल्ली में कई केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात के बाद देर शाम को गृहमंत्री अमित शाह के साथ मुलाकात की।

इस बाबत मीडिया में बयान जारी करते हुए सम्राट चौधरी ने कहा कि देश के यशस्वी गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह जी से मुलाकात कर सुरक्षा, सुशासन एवं बिहार के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

उन्होंने तस्वीर साझा करते हुए देर शाम ही केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की बात कही। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान बिहार के आर्थिक विकास, समग्र उन्नयन और प्रगति के विभिन्न आयामों पर विस्तृत एवं सार्थक चर्चा हुई। इनके साथ, उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री तथा भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से औपचारिक मुलाकात की।

इस अवसर पर बिहार में आधुनिक चिकित्सीय सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एवं उर्वरक क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई।

बिहार में कैबिनेट विस्तार को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी मंत्रियों की लिस्ट लेकर दिल्ली गए हैं, जहां अमित शाह के साथ बैठक में मंत्रियों के नाम पर अंतिम मुहर लगेगी। इसके बाद अगले एक सप्ताह के भीतर कैबिनेट का विस्तार होने की संभावना है।

## संशोधित) प्रधानमंत्री ने विवेक विहार हादसे पर दुख जताते हुए मुआवजे की घोषणा की

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के विवेक विहार में रविवार तड़के आग दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों और घायलों के लिए मुआवजे की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) की ओर से मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी और घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। दिल्ली के विवेक विहार में रविवार तड़के हुई भीषण आग की घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरा दुख जताया है। हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर कहा, ''दिल्ली के शाहदरा जिले में आग लगने की घटना में हुई जानमाल की हानि अत्यंत दुखद है। अपनों को खोने वाले सभी लोगों के प्रति हमारी गहरी संवेदना है। मैं ईश्वर से घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। शाहदरा के रिहायशी इलाके में स्थित एक इमारत में आज तड़के भीषण आग लग गई थी। इस हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई जब दो से अधिक लोग मामूली रूप से झुलस गए हैं। उन्हें गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# पेज एक का शेष

## 9 लाख...

बारे में और उस समय की न्यायालय की टिप्पणी के बारे में हर एक नौजवान उस समय त्रस्त था। क्योंकि 9 साल हो गए थे और उस 9 साल में काफी परिवर्तन हुआ है। आप लोग में से काफी लोग उस समय नाबालिक रहे होंगे। वह नहीं जानते हैं उस समय के बारे में यानी जो व्यक्ति एलिजिबल नहीं था वह चेयरमैन हो गया था और जिसकी स्वयं की डिग्री फर्जी थी वह आयोग का चेयरमैन बनकर सिलेक्शन कर रहा था। समाजवादी पार्टी सरकार में इस प्रकार की अराजकता होती थी पैसे का लेनदेन होता था और भर्ती नहीं हो पाती थी

वर्ष 2017 के बाद नियुक्तियों और विकास कार्यों की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कार्य करने की इच्छा शक्ति और सरकार की स्पष्ट नीति और साफ नियति होनी चाहिए तो परिणाम भी आता है। आज इस दिशा में किए गए प्रयासों का परिणाम है कि हमने अब तक 9 लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी दी है। उप्र के अंदर और देश के अंदर किसी भी राज्य में सबसे अधिक नियुक्ति की प्रक्रिया को सकुशल संपन्न व पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने का यह रिकॉर्ड है। अकेले अधीनस्थ चयन आयोग इस वर्ष 32000 नियुक्ति की प्रक्रिया को संपन्न करेगा और शिक्षा चयन आयोग भी हजारों शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया पूरी करेगा। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग लगभग 15000 भर्ती करनी है। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड वर्तमान में सब इंस्पेक्टर और होमगार्ड की भर्ती की परीक्षा संपन्न हो चुकी है, अगर इन दोनों को मिलाकर देखेंगे तो लगभग 45000 हैं और लगभग इतनी ही और भर्ती की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है एक वर्ष के अंदर यानी 26-27 के अंदर यूपी के अंदर डेढ़ लाख भर्तियां होंगी।

भर्ती की प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि हमने यूपी में भर्ती की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का सेंध ना लगे, इसके लिए सख्त कानून भी बनाया है। भर्ती की प्रक्रिया किसी भी प्रकार की धांधली करते हुए पाया जाता है तो उसको आजीवन कारावास की सजा और उसकी पूरी संपत्ति को जब्त करने का कानून भी हमारे पास है हम उसका इस्तेमाल भी करते हैं और इसके परिणाम हैं।

कार्यक्रम को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, आयुष विभाग के मंत्री दया शंकर मिश्र दयाल, प्रमख सचिव खाद्य एवं औषधि प्रशासन रोशन जैकब सहित सभी प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के 357 कनिष्ठ विश्लेषक (औषधि) तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के 252 दंत स्वास्थ्य विज्ञानियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। मुख्यमंत्री के हाथों से नियुक्ति पत्र पाकर अभ्यर्थियों के चेहरे खुशी से दमक रहे थे। चयनित अभ्यर्थियों ने पारदर्शिता से भर्ती प्रक्रिया करने के लिए योगी सरकार की सराहना की।

लोकभवन में आयोजित नियुक्त पत्र वितरण समारोह में कनिष्ठ विश्लेषक (औषधि) के पद पर चयनित औरैया के प्रतीक कुमार दीक्षित ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हुई है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि समयबद्ध तरीके से चयन प्रक्रिया पूरी होना युवाओं के लिए बड़ी राहत है। प्रतीक ने यह भी कहा कि पहले प्रयोगशालाओं की संख्या कम थी, लेकिन योगी सरकार ने लैब बढ़ाकर रोजगार के नए अवसर सृजित किए हैं। दंत स्वास्थ्य विज्ञानी (डेंटल हाइजीनिस्ट) के पद पर चयनित लखनऊ की साक्षी सिंह ने नियुक्ति पत्र पाकर कहा कि यह पूरे परिवार के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने कहा कि पूरी चयन प्रक्रिया पारदर्शी रही, जिसके कारण योग्य अभ्यर्थियों को अवसर मिला है। मुख्यमंत्री के संबोधन से उन्हें प्रेरणा मिली है और वे अपने दायित्व का पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगी।

दंत स्वास्थ्य विज्ञानी (डेंटल हाइजीनिस्ट) के पद पर चयनित कानपुर नगर की सभ्या कटियार ने कहा कि योगी सरकार में युवाओं को लगातार रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने इसे अपने जीवन का गौरवपूर्ण दिन बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के विचारों से प्रेरित होकर वे अपने पद की जिम्मेदारियों को पूरी ईमानदारी से निभाएंगी। कनिष्ठ विश्लेषक औषधि के पद पर चयनित गाजीपुर के राकेश कुमार यादव ने कहा कि नियुक्ति पत्र पाकर मुझे बहुत खुशी है। भर्ती प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हुई है। जो योग्य अभ्यर्थी हैं सिर्फ वही चयनित हुए हैं। राकेश ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने नया मुकाम हासिल करके पूरे देश में अग्रणी राज्य के रूप में स्थान बनाया है।

कनिष्ठ विश्लेषक औषधि के पद पर चयनित मुरादाबाद की प्रियंका गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार में सभी वर्गों, खासकर महिलाओं को सम्मान मिल रहा है। पहले जहां जानकारी तक नहीं मिल पाती थी, वहीं अब सरकार स्वयं बुलाकर सम्मान दे रही है। दंत स्वास्थ्य विज्ञानी (डेंटल हाइजीनिस्ट) के पद पर चयनित बस्ती के ऋषभ प्रताप सिंह और सीतापुर की पूजा वर्मा ने भी मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष रही और इससे युवाओं का भरोसा मजबूत हुआ है। कार्यक्रम के दौरान अभ्यर्थियों ने एक स्वर में कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने देश में एक नई पहचान बनाई है।

## 1.5 लाख ...

कहा, ''देश के अंदर किसी भी राज्य में सबसे अधिक नियुक्तियों की प्रक्रिया को सकुशल और पारदर्शी तरीके से संपन्न करने का यह रिकॉर्ड है... और हम अभी लगातार नियुक्तियां कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार वित्त वर्ष 2026-27 में राज्य के विभिन्न सरकारी विभागों में डेढ़ लाख से अधिक पदों पर भर्तियां करेगी। आदित्यनाथ ने कहा, '' अकेले अधीनस्थ सेवा चयन आयोग इस वर्ष 32 हजार से अधिक नियुक्तियों की प्रक्रिया संपन्न करेगा। इसके अलावा शिक्षा सेवा चयन आयोग हजारों शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया पूरी करेगा। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग लगभग 15 भर्तियां इस साल संपन्न कराएगा। इसके अलावा पुलिस में भी भर्तियों की प्रक्रिया चल रही है।

उन्होंने कहा, ''यह मानकर चलिये कि एक वर्ष के अंदर यानी 2026-27 के अंदर उत्तर प्रदेश के विभिन्न विभागों में डेढ़ लाख से अधिक पदों पर भर्तियां होनी हैं।'' आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार ने भर्ती प्रक्रिया में धांधली को रोकने के लिये सख्त कानून बनाया है जिसमें धांधली करने वालों को आजीवन कारावास और सम्पत्ति जब्त करने के सख्त प्रावधान किये गये हैं, यही वजह है कि सरकार अभी तक नौ लाख पदों पर पूरी पारदर्शिता के साथ भर्तियां कर चुकी है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने बिना किसी भेदभाव के नियुक्तियां दी हैं क्योंकि किसी भी प्रतिभावान नौजवान के साथ जाति, क्षेत्र और संप्रदाय के आधार पर भेदभाव होना अपने आप में 'महापाप' है। आदित्यनाथ ने कहा, ''अगर हमने भेदभाव किया होता तो हम उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को इन नौ वर्षों में तीन गुना नहीं बढ़ा पाते और उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय को तीन गुना करने में सफल नहीं हो पाते।''

## अखिलेश...

आने के बाद से हमें एक और गाइड और टीचर के ऊपर एक और टीचर मिल गया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि कभी-कभी सुनने को मिलता है कि जो लैपटॉप सपा सरकार में दिए थे वो आज भी चल रहे हैं और उनके माध्यम से पढ़ाई करके ही आज वे विद्यार्थी रोजगार, नौकरी आदि से जुड़ सके तो अच्छा लगता है। अखिलेश ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार झूठ बोलने और महंगाई बढ़ाने वाला जिम्मेदार बताया। उन्होंने महंगाई पर हमला बोलते हुए कहा कि बीजेपी झूठ की सोनपापड़ी है। एक झूठ की परत के ऊपर वो दूसरी झूठ की परत चढ़ा देते हैं। आम लोग जानते थे कि जैसे ही चुनाव खत्म होगा, उसके बाद महंगाई बढ़ जाएगी। डीजल, पेट्रोल और गैस के साथ महंगाई से केवल सिर्फ उन चीजों की महंगाई नहीं बढ़ती है बल्कि बड़े पैमाने पर हर चीज की महंगाई बढ़नी शुरु हो जाती है।

प्रदेश में बंद किए गए स्कूल और कम किए जा रहे शिक्षक

अखिलेश यादव ने प्रदेश में शिक्षा में कमी लाने का जिम्मेदार सरकार को बताया। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था पर भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि यूपी के 41 हजार प्राइमरी स्कूलों में एक भी बच्चे का एडमिशन नहीं हुआ। इससे ज्यादा स्कूल बंद हो गए। गोरखपुर की बात करें तो जिले में पहले कई हजार टीचर थे, अब हजारों कम हो गए। समझिए टीचरों को लेकर क्या स्थिति है।

केंद...

देश की सौर ऊर्जा क्षमता में हुई वृद्धि को भी रेखांकित किया गया। 31 मार्च तक भारत की कुल सौर क्षमता 150 गीगावाट तक पहुंच गई है, जो वर्ष 2014 में 2.82 गीगावाट थी। इस प्रकार पिछले वर्षों में सौर ऊर्जा क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

मंत्रालय ने बताया कि देश की कुल स्थापित विद्युत क्षमता का लगभग 50 प्रतिशत अब गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से आ रहा है, जो वर्ष 2030 के लक्ष्य से पहले ही हासिल कर लिया गया है।

भारत वर्तमान में नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के मामले में विश्व में तीसरे स्थान पर है। यह कार्यक्रम देश में सौर ऊर्जा के प्रसार और जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

## गुजरात...

बताया। उन्होंने कंग्रेस सांसद गेनीबेन ठाकोर के समर्थन में कहा कि वह उनके संघर्ष से परिचित हैं और इस मुद्दे पर उनके साथ खड़ी हैं। महिलाओं के सम्मान से जुड़े ऐसे मामलों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

दिल्ली ...

के बारे में फिलहाल विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है।

पुलिस के अनुसार, तड़के करीब 3:48 बजे विवेक विहार थाना को एक पीसीआर कॉल के माध्यम से आग लगने की सूचना मिली। पुलिस और दमकल विभाग के अलावा अन्य टीमें तत्काल घटनास्थल (विवेक विहार फ़ेज-1 स्थित मकान नंबर बी-13) पर पहुंचे।दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल पर ऊंची लपटें उठ रही थीं। दमकलकर्मियों और पुलिस ने संयुक्त राहत एवं बचाव अभियान चलाते हुए आग में फंसे करीब 10-15 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

आग पर नियंत्रण पाने के लिए 12 दमकल गाड़ियों को बुलाया गया। आग बुझाई जा चुकी है। दमकल विभाग के प्रवक्ता एके मलिक के अनुसार, इस हादसे में नौ लोगों की मौत हुई है।आग इमारत के छह फ्लैटों में रखे घरेलू सामान से फैली। राहत एवं बचाव अभियान के दौरान विभिन्न मंजिलों से नौ झुलसे शव बरामद किए गए।

प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि आग शॉर्ट सर्किट या अन्य तकनीकी कारणों से लगी हो सकती है। वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच की जा रही है। पुलिस भवन की फायर सेफ्टी व्यवस्था, निकास मार्ग और निर्माण मानकों की भी जांच कर रही है। हादसे के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है।

## मुख्यमंत्री ...

शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि उन्हें यह कठिन समय सहने की शक्ति प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने बताया कि स्थानीय प्रशासन, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए), दिल्ली फायर सर्विस और दिल्ली पुलिस के सभी आला अधिकारी राहत और बचाव कार्यों में पूरी तत्परता से जुटे हैं। उन्होंने कहा कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और प्रभावितों को हर संभव सहायता सुनिश्चित की जा रही है। हमारे स्थानीय विधायक और निगम पार्षद भी राहत कार्य में अपना सहयोग कर रहे हैं। दिल्ली सरकार इस कठिन समय में पीड़ित परिवारों के साथ हर परिस्थिति में मजबूती से खड़ी है।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली फायर सर्विस को रविवार तड़के करीब 3:48 बजे विवेक विहार थाना पुलिस को आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर इमारत के कई फ्लैट आग की चपेट में थे। राहत एवं बचाव अभियान के दौरान विभिन्न मंजिलों से नौ शव बरामद किए गए। पुलिस के मुताबिक दूसरी मंजिल के पीछे वाले फ्लैट से एक ही परिवार के पांच लोगों के शव मिले।

## मोदी सरकार...

है, बल्कि 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को भी स्पष्ट दिशा देती है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि यह कृति आमजन,छात्रों और शोधार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगी। साथ ही इसे जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत पर बल दिया गया,ताकि लोग देश की विकास यात्रा को समझ सकें।

उल्लेखनीय है कि पुस्तक का प्रकाशन शिल्पायन पब्लिकेशन नई दिल्ली ने किया है। समारोह में बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी,सामाजिक कार्यकर्ता और पार्टी पदाधिकारी मौजूद थे। पूरा माहौल उत्साह और गर्व से सराबोर नजर आया।

## विधानसभा ...

से पालन सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए एक-एक करके कुल 234 मतगणना पर्यवेक्षकों की नियुक्ति किया है।

मतदान केंद्रों पर रहेगी तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

उन्होंने बताा कि निर्बाध मतगणना के लिए सभी केंद्रों पर व्यापक तीन-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पहली परत के तहत बाहरी घेरा में

प्रत्येक मतगणना केंद्र के चारों ओर 100 मीटर की दूरी तक सुरक्षा घेरा बनाया गया है। इस क्षेत्र में केवल अधिकृत व्यक्तियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। पहचान पत्रों की जांच और शारीरिक तलाशी के लिए प्रवेश द्वारों पर पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। दूसरी परत में मध्य क्षेत्र) में मतगणना परिसर के प्रवेश द्वारों की सुरक्षा राज्य सशस्त्र बल तैनात रहेंगे। इस इलाके में किसी भी अनधिकृत आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी

और मोबाइल फोन और अन्य संचार उपकरणों के उपयोग की अनुमति केवल निर्धारित स्थानों पर ही होगी। इसके अलावा तीसरी परत यानी

आंतरिक क्षेत्र में मतगणना कक्षों और ईवीएम सुरक्षा कक्षों के प्रवेश द्वार पर स्थित यह सबसे महत्वपूर्ण सुरक्षा परत केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल द्वारा संभालेगी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए स्थानीय पुलिस और राज्य सशस्त्र बलों के अलावा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 65 कंपनियां मतगणना केंद्रों पर तैनात की गई हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी अर्चना पटनायक ने बताया कि मतगणना सुबह 8 बजे पहले डाक मतपत्रों की गिनती से शुरू होगी। इसके बाद सुबह 8:30 बजे ईवीएम में दर्ज वोटों की गिनती होगी। सभी विधानसभा क्षेत्रों के राउंडवार परिणाम संबंधित निर्वाचन अधिकारियों द्वारा मतगणना केंद्रों में लगे सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से घोषित किए जाएंगे।

## मप्र...

सुबह करीब 6 बजे घटना स्थल से कुछ दूर पर एक और बच्चे का शव मिला है। मृतक का नाम मयूरन है, जो कि त्रिची (तमिलनाडु) का रहने वाला था। इसके बाद सुबह 9.40 बजे कामराज आर. का शव भी बरामद कर लिया गया।

इस हादसे में कुल 13 लोगों की मौत हुई है। मृतकों में नीतू सोनी (43) निवासी कोतवाली, जबलपुर, सौभाग्यम अलागन (42) निवासी अन्नानगर, वेस्ट तारापुरम, तमिलनाडु, मधुर मैसी (62) निवासी खाजन बस्ती, नई दिल्ली, काकुलाझी (38) पत्नी कामराज निवासी वेस्ट लैंड खमरिया, जबलपुर, रेशमा सैयद (66) निवासी सिविल लाइन, भसीन आर्केड, जैक्सन होटल के पास, शमीम नकवी (68), निवासी डेरखी, भोपाल, मरीना मैसी (39) पत्नी प्रदीप मैसी निवासी दिल्ली, त्रिशान (4 वर्ष) पुत्र प्रदीप मैसी निवासी दिल्ली और ज्योति सेन, निवासी फूटाताल, घमापुर के आगे जबलपुर, श्रीतमिल (5) पुत्र कामराज निवासी जबलपुर और विराज (5) पुत्र कृष्ण सोनी, मयूरम (9 वर्ष) पुत्र परिमल निवासी त्रिची-तमिलनाडु और कामराज आर. पुत्र श्रीरामालिंगम निवासी जबलपुर शामिल हैं।

बरगी सिटी सीएसपी अंजुल अयंक मिश्रा ने बताया कि बरगी क्रूज हादसे में जान गंवाने वाले तमिलनाडु के पर्यटकों के शव उनके गृह राज्य भेजे जा रहे हैं। जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट से कार्गो विमान के जरिए शवों को त्रिची रवाना किया गया है। मृतकों के परिजन भी साथ में रवाना हुए हैं। प्रशासन की ओर से अन्य शवों को भी चरणबद्ध तरीके से उनके गृह राज्यों तक पहुंचाने की तैयारी की जा रही है।

परिजनों में भारी आक्रोश, बोले - यह हादसा नहीं मर्डर है

हादसे के बाद लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। हादसे में अपनों को खोने वाले परिजनो ने मप्र टूरिज्म विभाग को कटघरे में खड़ा किया है। परिजनों का कहना है कि यह हादसा नहीं, बल्कि मर्डर है। हमें मुआवजा नहीं, जस्टिस चाहिए। इसके लिए सारा का सारा एमपी टूरिज्म डिपार्टमेंट रिस्पॉन्सबल है। अभी तक कितने ऑफिसर अरेस्ट किए गए, कितने को सस्पेंड किया गया, बोट ऑपरेटर कहां है? उसे अरेस्ट क्यों नहीं किया गया? उन्होंने शासन-प्रशासन से मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

तमिलनाडु के एक परिवार के सात लोगों की मौत, केवल दो 2 बच्चे बचेबरगी डैम क्रूज हादसे में तमिलनाडु के एक ही परिवार 7 सदस्य डूबे थे, जिनमें से केवल 10 साल का पूवीथरन और उसकी 12 साल की कजन ही सुरक्षित बच पाए हैं, जबकि पांच लोगों की मौत हो चुकी है।

कामराज(मूल निवासी त्रिची, तमिलनाडु) जबलपुर की आयुध निर्माणी में मशीनिस्ट के पद पर थे। वे यहां पत्नी और बच्चों के साथ रहते थे। तमिलनाडु से उनके सास-ससुर, छोटे भाई, साली और अन्य परिजन आए हुए थे। इसलिए उन्होंने छुट्टी ले ली थी। गुरुवार 30 अप्रैल को सभी लोग घूमने निकले। दोपहर में वे भेड़ाघाट गए। वहां रोप-वे का आनंद लेने के बाद करीब 3:30 बजे बरगी डैम रिजॉर्ट पहुंचे।

हादसे में बचे 10 वर्षीय पूवीथरन ने उस डरावने मंजर को याद करते हुए बताया कि शुरुआत में मौसम बिलकुल साफ था। क्रूज पर एक बच्चे का जन्मदिन भी मनाया गया। वापस लौटते समय तेज हवाएं चलने लगीं और लहरें बेकाबू हो गईं। पूवीथरन के मुताबिक, क्रूज पर केवल बच्चों ने लाइफ जैकेट पहनी थी। जब क्रूज बुरी तरह हिलने लगा, तब बाकी लोगों ने जैकेट पहनना शुरू किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। क्रूज पलटने के बाद मैं लहरों से लड़ते हुए किनारे की ओर आ रहा था, तभी एक व्यक्ति ने रस्सी फेंककर उसकी जान बचाई।

# दिल्ली सरकार लाई ट्रैफिक चालान निपटारे की नई व्यवस्था

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि अब ट्रैफिक चालान निपटाने के लिए सरकार एक नई, तय समय में पूरी होने वाली और व्यवस्थित प्रक्रिया शुरू कर रही है। सड़कों पर अब लापरवाही और नियमों की अनदेखी के लिए कोई जगह नहीं बचेगी। नई व्यवस्था के तहत ट्रैफिक चालान से बचना अब संभव नहीं होगा और तय समय में उसका निपटारा करना हर नागरिक के लिए जरूरी होगा। यह कदम सड़क सुरक्षा बढ़ाने, अनुशासन लाने और डिजिटल पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा बदलाव है। नए नियमों के अनुसार चालान को चुनौती देने के लिए सीधे कोर्ट का दरवाजा नहीं खटखटाया जा सकेगा। दिल्ली सरकार ने रविवार को विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय मोटर वाहन नियम 1989 में किए गए संशोधनों को जल्द लागू करने जा रही है। अब चालान की पूरी प्रक्रिया को अधिक सख्त, पारदर्शी और डिजिटल बनाया गया है। नई व्यवस्था के तहत अब अगर कोई व्यक्ति एक वर्ष के भीतर 5 या उससे अधिक बार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करता है तो उसे गंभीर श्रेणी में माना जाएगा। संशोधित नियमों के अनुसार यदि कोई व्यक्ति एक वर्ष में पांच या उससे अधिक ट्रैफिक उल्लंघन करता है तो यह उसके ड्राइविंग लाइसेंस के निलंबन या अयोग्यता के लिए आधार बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब चालान जारी करने की प्रक्रिया पूरी तरह आधुनिक होगी। पुलिस अधिकारी या अधिकृत अधिकारी चालान को फिजिकल या इलेक्ट्रॉनिक दोनों रूपों में जारी कर सकेंगे। साथ ही, इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली यानी कैमरों और डिजिटल सिस्टम के माध्यम से चालान स्वतः भी जनरेट किए जा सकेंगे। जिनका चालान कटा है और उनका मोबाइल नंबर विभाग के पास है, उन्हें ऑनलाइन चालान तीन दिनों के भीतर और फिजिकल नोटिस 15 दिनों के भीतर संबंधित व्यक्ति तक पहुंचा दिए जाएंगे। सभी चालानों का रिकॉर्ड ऑनलाइन पोर्टल पर क्रमवार दर्ज



किया जाएगा, जिससे पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रहेगी। विभाग की सभी वाहन चालकों को सलाह है कि वे अपने लाइसेंस और आरसी पर अपना मोबाइल नंबर और घर का पता दुरस्त करवा लें, वरना उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि चालान मिलने के बाद व्यक्ति के पास 45 दिनों का समय होगा। इस अवधि में वह या तो चालान का भुगतान कर सकता है या फिर पोर्टल पर दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ शिकायत निवारण अधिकारी के सामने उसे चुनौती दे सकता है। अगर 45 दिनों के भीतर कोई कार्रवाई नहीं की जाती तो चालान स्वतः स्वीकार माना जाएगा। ऐसी स्थिति में व्यक्ति को अगले 30 दिनों के भीतर भुगतान करना अनिवार्य होगा अगर प्राधिकरण द्वारा चुनौती खारिज कर दी जाती है तो व्यक्ति के पास दो विकल्प होंगे, या तो वह 30 दिनों के भीतर चालान भर दे या फिर चालान की राशि का 50 प्रतिशत जमा कर न्यायालय में मामला ले जाए। अगर इस समय सीमा में वह कार्रवाई नहीं करता है तो चालान स्वीकार माना जाएगा और उसे 15 दिन के भीतर भुगतान करना होगा। उसके पास इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भुगतान का विकल्प होगा। नई व्यवस्था के तहत 30 दिन के भीतर शिकायत निवारण अधिकारी पोर्टल पर अपना आदेश अपलोड करेगा। यह अनिवार्य है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि इसके अलावा, समय सीमा पार होने के बाद हर दिन इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से नोटिस भेजे जाएंगे। अगर चालान का भुगतान नहीं किया जाता है तो संबंधित व्यक्ति के सरकार को वाहन संबंधी टैक्स देने के अलावा ड्राइविंग लाइसेंस या वाहन पंजीकरण से जुड़े सभी कार्य रोक दिए जाएंगे। वाहन को पोर्टल पर 'नॉट टू बी ट्रांजैक्टेड' के रूप में चिन्हित कर दिया जाएगा, जिससे वह किसी भी प्रकार की प्रक्रिया में इस्तेमाल नहीं हो सकेगा, जब तक चालान का भुगतान नहीं किया जाता। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि आवश्यक होने पर, न्यायालय के आदेश के अधीन पुलिस या अधिकृत अधिकारी नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन को जब्त भी कर सकते हैं। अब सभी चालान वाहन के रजिस्टर्ड मालिक के नाम पर जारी किए जाएंगे और इसके साथ एसएमएस, ईमेल या अन्य माध्यमों से अपराध की सूचना भी दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नई प्रणाली पूरी तरह डिजिटल, समयबद्ध और जवाबदेही तय करने वाली है। इससे न केवल ट्रैफिक नियमों का पालन सुनिश्चित होगा, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। उन्होंने दिल्लीवासियों से अपील की कि वे नियमों का पालन करें, समय पर चालान का निपटारा करें और सुरक्षित व जिम्मेदार नागरिक बनें।

# फर्जी निवेश ऐप से रिटायर्ड अफसर से 45 लाख की ठगी, बैंक अधिकारी समेत तीन गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। शेयर बाजार में मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर रिटायर्ड सरकारी अधिकारी से 45.33 लाख रुपये की ठगी करने वाले निवेश धोखाधड़ी गिरोह का दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने उत्तराखंड के उधम सिंह नगर से बैंक अधिकारी समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक कुल पांच आरोपितों की गिरफ्तारी हो चुकी है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने रविवार को बताया कि पीड़ित रिटायर्ड सरकारी अधिकारी को आरोपितों ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर एक फर्जी मोबाइल एप डाउनलोड कराया था, जिसे असली ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म जैसा दिखने के लिए तैयार किया गया था। एप के जरिये अधिक और सुनिश्चित रिटर्न का झांसा देकर उनसे 45.33 लाख रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर करा लिए गए। जांच के दौरान साइबर सेल ने तकनीकी निगरानी और बैंक ट्रांजैक्शन के विश्लेषण के आधार पर दो आरोपितों की पहचान की। पूछताछ में उनकी निशानदेही पर एक बैंक अधिकारी को भी गिरफ्तार किया गया, जो गिरोह की गतिविधियों में सक्रिय सहयोग कर रहा था। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान उधम सिंह नगर निवासी 25 वर्षीय कपिल, 26 वर्षीय मनोज शर्मा और 24 वर्षीय कमल पांडे के रूप में हुई है। कमल पांडे एक बैंक में सहायक प्रबंधक के पद पर कार्यरत है। पुलिस उपायुक्त के अनुसार पुलिस जांच में सामने आया है कि कपिल और मनोज अपने बैंक खातों को म्यूल अकाउंट के रूप में इस्तेमाल करने देते थे। ठगी की रकम इन खातों में आते ही उसी दिन चेक के माध्यम से निकाल ली जाती थी। वहीं बैंक अधिकारी कमल पांडे फर्जी खातों को खुलवाने, लेनदेन की गोपनीय जानकारी उपलब्ध कराने तथा बैंक परिसर में नकदी निकासी में मदद करता था।

# पश्चिम चंपारण से सद्भाव यात्रा की शुरुआत करेंगे निशांत कुमार, जदयू कार्यकर्ता जगह जगह करेंगे स्वागत



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। जनता दल यूनाइटेड के नेता निशांत कुमार आज से सद्भाव यात्रा की शुरुआत करेंगे। निशांत अपनी यात्रा की शुरुआत पश्चिम चंपारण से करेंगे। उनकी यात्रा को लेकर जनता दल यूनाइटेड के कार्यकर्ताओं में उत्साह है। कार्यकर्ताओं के द्वारा जगह-जगह उनके स्वागत की तैयारी की गई है। निशांत कुमार 3 और 4 मई को पश्चिम चंपरण में जनसम्पर्क करेंगे। यात्रा के लिए रविवार सुबह 11:15 बजे वह पटना से पश्चिम चंपारण के लिए प्रस्थान करेंगे। इसके बाद 11:30 बजे सोनपुर के बजरंग चौक के समीप सारण जिला के जदयू कार्यकर्ताओं के द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। दोपहर 12:15 बजे वैशाली जिला के कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत, 01:15 बजे सकरी चौक पर मुजफ्फरपुर जिला के कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया जाएगा। इसके बाद वे पूर्वी चंपारण पहुंचेंगे जहां महिषी प्रखण्ड के महेंद्र चौक मंगराही पर दोपहर 2:45 पर कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। इसके बाद 3:45 बजे पश्चिम चंपारण के जौकटिया चौक, बेतिया में कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। शाम 4 बजे वे बेतिया के हरिवाटिका चौक पहुंचेंगे और महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। 05:50 बजे बगहा अनुमंडल कार्यालय के समीप बाबा साहब भीमराव अंबेदकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। इसके बाद वे विभिन्न जगहों पर कार्यकर्ताओं से मिलते हुए 7:25 बजे गंडक बैराज स्थल का अध्ययन करेंगे। वहीं 8:15 बजे वाल्मीकिनगर के कन्वेन्शन सेंटर में पार्टी के प्रमुख नेताओं से मुलाकात करेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। दूसरे दिन 4 मई को वाल्मीकिनगर टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी का भ्रमण करंगे। इसके बाद दोपहर 1 बजे बेतिया स्थित बापू सभागार में संगठन जिला बगहा और पश्चिम चंपारण के कार्यकर्ताओं के साथ निशान संवाद कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके बाद पटना के लिए प्रस्थान करेंगे।

# डेयरी से आत्मनिर्भर बने पौड़ी के राहुल, युवाओं के लिए बने मिसाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पौड़ी गढ़वाल। पौड़ी गढ़वाल जिले के केवर्स गांव निवासी राहुल गुसाईं ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत डेयरी व्यवसाय शुरू कर सफलता हासिल की। पांच गायों से शुरुआत कर आज उनके पास 24 गायें हैं और वे प्रतिदिन 150S170 लीटर दूध उत्पादन कर रहे हैं। राहुल की सफलता ग्रामीण युवाओं के लिए स्वरोजगार की प्रेरणादायक मिसाल बन गई । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में संचालित मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना ग्रामीण युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित कर रही है। राहुल गुसाईं ने योजना के तहत 7 लाख रुपये का ऋण प्राप्त कर डेयरी व्यवसाय की शुरुआत की। प्रारंभ में उन्होंने 5 गायों से कार्य शुरू किया और धीरे-धीरे अपने व्यवसाय का विस्तार किया। किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 2 अतिरिक्त गायें खरीदीं, वहीं मुख्यमंत्री राज्य पशु मिशन योजना के तहत 4 गायों को और शामिल किया। वर्तमान में उनके पास जर्सी, साहीवाल, गिर, बद्री तथा



एचएफ (होल्स्टीन फ्रीज़ियन) नस्ल की कुल 24 गायें हैं। वर्तमान में राहुल प्रतिदिन लगभग 150 से 170 लीटर दूध का उत्पादन कर रहे हैं। इसमें से 32 से 40 लीटर दूध राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत ऌप्रयासङ्क स्वयं सहायता समूह को, लगभग 50 लीटर आंचल डेयरी को तथा शेष 70 से 80 लीटर दूध स्थानीय उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराया जाता है। गुणवत्तापूर्ण दूध और नियमित आपूर्ति के कारण उनकी मांग लगातार बढ़ रही है। राहुल ने बताया कि दूध बिक्री से प्रति माह लगभग 80 से 90 हजार रुपये की आय प्राप्त हो रही है, जिसमें 45 से 50 हजार रुपये तक शुद्ध लाभ है। इस आय से उनका परिवार आर्थिक रूप से सशक्त हुआ है और वे भविष्य में अपने व्यवसाय का और विस्तार करने की योजना बना रहे हैं। राहुल गुसाईं ने बताया कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से उन्हें डेयरी व्यवसाय शुरू करने में महत्वपूर्ण सहायता मिली। उन्होंने कहा,'इस योजना से प्राप्त आर्थिक सहयोग ने मुझे आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया। 'उन्होंने यह भी बताया कि पशुपालन विभाग से उन्हें निरंतर तकनीकी सहयोग मिल रहा है, जिसमें पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण तथा चारे संबंधी मार्गदर्शन शामिल है। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विशाल शर्मा ने बताया कि विभाग की ओर से मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के माध्यम से पशुपालन को स्वरोजगार के रूप में प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गुसाईं जैसे युवा इस बात का उदाहरण हैं कि वैज्ञानिक पद्धति और तकनीकी मार्गदर्शन से डेयरी व्यवसाय को लाभकारी बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया के निर्देशन में पशुपालकों को योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से उपलब्ध कराया जा रहा है। विभाग द्वारा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान तथा संतुलित आहार संबंधी जानकारी प्रदान की जा रही है, जिससे दुग्ध उत्पादन में निरंतर वृद्धि हो रही है।

# मत्रिमंडल विस्तार से पहले मुख्यमंत्री 06 मई को करेंगे कैबिनेट बैठक

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंत्रिपरिषद का विस्तार करने से पहले कैबिनेट की एक और बैठक बुला ली है। दिल्ली से लौटने के बाद सीएम सम्राट 6 मई को कैबिनेट की बैठक करेंगे। इस बैठक में दोनों डिप्टी सीएम भी मौजूद रहेंगे। कैबिनेट की इस बैठक में सरकार विभिन्न विभागों से जुड़े अहम प्रस्तावों पर अपनी मंजूरी दे सकती है। बीते 15 अप्रैल को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सीएम सम्राट चौधरी पूरी तरह से एक्टिव हो गए हैं और लगातार बड़े फैसले ले रहे हैं। सीएम सम्राट चौधरी ने बुधवार 6 मई को फिर से कैबिनेट की बैठक बुलाई है। शाम पांच बजे मुख्य सचिवालय स्थित कैबिनेट हॉल में यह बैठक आयोजित होगी। बैठक में विकास से जुड़े कई अहम प्रस्तावों पर कैबिनेट की मुहर लगेगी। इससे पहले 29 अप्रैल को कैबिनेट की बैठक आयोजित हुई थी, जिसमें विभिन्न विभागों से जुड़े 63 अहम प्रस्तावों पर सरकार की मंजूरी मिली थी।

# ओलावृष्टि से उत्तरकाशी में बागवानी को नुकसान, किसान चिंतित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

उत्तरकाशी। उत्तरकाशीकी यमुना घाटी में ओलावृष्टि और तेज बारिश से बागवानी फसलों को नुकसान पहुंचा है, जिससे किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। सेब और अन्य नगदी फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव की आशंका जताई जा रही है।

रविवार सुबह से काले बादलों के बीच तेज हवाओं और तूफानी बारिश के साथ कई क्षेत्रों में ओलावृष्टि हुई, जिससे जनजीवन भी प्रभावित रहा। प्रशासन ने चारधाम यात्रा मार्गों पर वाहन चालकों को सतर्क रहने की सलाह दी है, जबकि पर्वतीय क्षेत्रों में ट्रेकिंग गतिविधियों पर अस्थायी रोक के निर्देश दिए गए हैं। राष्ट्रीय



राजमार्गों और अन्य मार्गों को सुचारु बनाए रखने के लिए संबंधित विभागों को अलर्ट पर रखा गया है। राजस्व, ग्राम पंचायत और आपदा प्रबंधन टीमें स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कृषि एवं उद्यान विभाग को प्रभावित क्षेत्रों का जल्द सर्वे कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। मंत्री ने राजस्व विभाग के साथ समन्वय बनाकर संयुक्त आकलन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सर्वे प्रक्रिया में पारदर्शिता और गति बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

# फर्जी वीडियो मामला पर शिकायत दर्ज

हरिद्वार। हरिद्वार जिले के खानपुर के निर्दलीय विधायक उमेश कुमार से जुड़े फर्जी और भ्रामक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस शिकायत दर्ज कर ली है विधायक प्रतिनिधि दीपक कुमार ने कोतवाली लक्सर में तहरीर देकर आरोप लगाया कि 27 अप्रैल को एक फ़ेसबुक पेज के माध्यम से कूटरचित वीडियो और झूठी खबरें प्रसारित की गईं।तहरीर में कहा गया कि वीडियो में वर्ष 2018 के एक कथित मामले को विधायक से जोड़ते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय में लंबित होने का दावा किया गया, जबकि ऐसा कोई मामला किसी भी न्यायालय में विचाराधीन नहीं है।

# केदारनाथ धाम में बम निरोधक दस्ते से की सघन चेकिंग

देहरादून। केदारनाथ धाम यात्रा के श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा जनपद पुलिस की संयुक्त टीमों की ओर से प्रतिदिन मंदिर परिसर, प्रवेश द्वारों और श्रद्धालुओं के सामान की आधुनिक उपकरणों से सघन जांच की जा रही है। पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग के निर्देशन में यात्रा मार्ग से लेकर मुख्य मंदिर परिसर तक सुरक्षा व्यवस्थाओं को नये सिरे से पुख्ता किया गया है। रविवार को सुरक्षा तैयारियों को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से धाम के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में बम डिस्पोजल स्क्वाड ने संयुक्त रूप से एंटी-सबोटॉज विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बम डिस्पोजल स्क्वाड और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा अत्याधुनिक मेटल डिटेक्टर और अन्य सुरक्षा उपकरणों के माध्यम से मंदिर के प्रवेश द्वारों विश्राम स्थलों और श्रद्धालुओं के सामान की सघन जांच की गयी। रुद्रप्रयाग के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को केवल भौतिक चेकिंग तक ही सीमित नहीं रखा गया है बल्कि सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के माध्यम से भी भीड़भाड़ वाले इलाकों पर पैनी नजर रखी जा रही है।

# नारद जयंती पर संवाद और पत्रकारिता की भूमिका पर मंथन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

सीवान। महावीरी सरस्वती शिशु मंदिर स्थित कृष्णचंद्र गांधी मीडिया सेंटर द्वारा मीडिया जगत के आद्य पत्रकार देवर्षि नारद जी की जयंती के अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में शिक्षाविद, समाजसेवी और पत्रकार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।इस अवसर पर विद्या भारती के विभाग निरीक्षक अनिल कुमार राम ने कहा कि देशभक्ति और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को मजबूत करने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि संवाद और संचार की शक्ति ही समाज को जोड़ने का सबसे प्रभावी माध्यम है। देवर्षि नारद को सृष्टि का प्रथम संवाददाता बताते हुए उन्होंने कहा कि उनके संवाद में समाज और जनकल्याण की भावना निहित थी।कार्यक्रम में प्रो़फेसर रविन्द्र नाथ पाठक सहित अन्य वक्ताओं ने आधुनिक पत्रकारिता पर अपने विचार रखते हुए कहा कि तकनीक के विकास से भले ही पत्रकारिता की गति तेज हुई हो, लेकिन उसका मूल उद्देश्य आज भी



समाज को जोड़ना और सही जानकारी देना ही है। आज सूचना का आदान-प्रदान मिनटों में संभव है, जिससे समाज में जागरूकता बढ़ी है।प्रो. पाठक ने कहा कि समाज में बढ़ती आक्रामक प्रवृत्ति के बीच संवाद, धैर्य और सहनशीलता को अपनाना बेहद जरूरी है। उनका मानना था कि किसी भी व्यक्ति या समुदाय के विकास का सबसे महत्वपूर्ण आधार संवाद है। यदि व्यक्ति अपने व्यवहार में संयम और धैर्य अपनाता है, तो वह समाज के हित में सकारात्मक योगदान दे सकता है।वक्ताओं ने प्राचीन भारतीय परंपरा और ऋषि-मुनियों की शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सभी जीवों के कल्याण की भावना हमारी संस्कृति की मूल आत्मा है। भगवान बुद्ध के जीवन प्रसंगों में भी करुणा, त्याग और संवाद की महत्ता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि शिक्षा और मीडिया का गहरा संबंध है। समाचार पत्र, सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों के जरिए छात्र-छात्राएं ज्ञान अर्जित कर रहे हैं और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। वक्ताओं ने अपील की कि विकास की दौड़ में भारतीय संस्कृति और परंपराओं को पीछे नहीं छोड़ा जाना चाहिए, बल्कि उन्हें व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाया जाना चाहिए। इस अवसर पर ओमप्रकाश मिश्र,नीरज पाठक,जादूगर विजय, इंदल कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, अमर नाथ शर्मा , प्रो़फेसर अवधेश शर्मा , नवीन सिंह परमार, सचिन पर्वत, अखिलेश कुमार श्रीवास्तव एवं कमलेश नारायण सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### आप ने वाणिज्यिक गैस कीमतों में रिकॉर्ड बढ़ोतरी के खिलाफ किया जोरदार प्रदर्शन

**जालंधर।** आम आदमी पार्टी (आप) व्यापार प्रकोष्ठ और महिला प्रकोष्ठ जिला जालंधर ने रविवार को कंपनी बाग चौक, जालंधर में वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की अभूतपूर्व मूल्य वृद्धि के खिलाफ विशाल प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन केंद्र सरकार द्वारा एक मई, 2026 को 19 किलो के कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में रिकॉर्ड 993 की बढ़ोतरी किए जाने के फैसले के बाद किया गया। इस बढ़ोतरी के बाद कई क्षेत्रों में सिलेंडर की कीमत 3,071 से अधिक हो गई है।आप व्यापार प्रकोष्ठ और महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं स्वयंसेवक बड़ी संख्या में एकत्र हुए और मूल्य वृद्धि को तुरंत वापस लेने की मांग की।

### तेज आंधी और बारिश से होशियारपुर में कई बिजली के खंभे और पेड़ उखड़े, एक उद्योगपति घायल

**होशियारपुर।** पंजाब में रविवार तड़के आई तेज आंधी और बारिश ने होशियारपुर के कुछ हिस्सों में भारी नुकसान पहुंचाया। अधिकारियों के अनुसार, पुरहीरां स्थित इंडस्ट्रियल फोकल प्वाइंट में कई बिजली के खंभे और पेड़ उखड़ गए, और एक स्थानीय उद्योगपति घायल हो गया। सुबह करीब छह बजे तेज हवाओं ने इलाके को अपनी चपेट में लिया, जिससे कम से कम छह से सात बिजली के खंभे गिर गए और दो बड़े पेड़ जड़ से उखड़ गए।

### अमृतसर में सात अत्याधुनिक पिस्तौल बरामद , चार आरोपी गिरफ्तार

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने सीमा पार हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सात अत्याधुनिक पिस्तौल बरामद की हैं। इनमें दो ग्लॉक 9 एमएम पिस्तौल (ऑस्ट्रिया निर्मित), 4 .30 बोर पिस्तौल (चीन निर्मित) और एक अतिरिक्त .30 बोर पिस्तौल शामिल है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए पाकिस्तान आधारित तस्करों के संपर्क में थे और पंजाब में आपराधिक तत्वों के बीच आगे सप्लाई के लिए अवैध हथियारों की खेप प्राप्त कर रहे थे।

### सीवान गोलीकांड का मुख्य आरोपी मुठभेड़ में ढेर

**सीवान।** बिहार में सीवान नगर थाना क्षेत्र के आंदर ढाला के समीप 29 अप्रैल 2026 को हुए चर्चित गोलीकांड में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को मुठभेड़ में ढेर कर दिया। बड़हरिया थाना क्षेत्र के लकड़ी के पास पुलिस और अपराधी के बीच हुई भिड़ंत में 25 हजार का इनामी सोनू कुमार यादव मारा गया। मृतक सोनू यादव, हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सरेया गांव निवासी गरजू यादव का पुत्र था और इसी गोलीकांड का मुख्य शूटर बताया जा रहा था। आरोप है कि उसी ने हर्ष कुमार को गोली मारकर हत्या की थी, जबकि भाजपा नेता मनोज सिंह के बहनोई चन्दन सिंह इस हमले में गंभीर रूप से घायल हुए थे। पुलिस के अनुसार, सूचना मिली थी कि अपराधी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में बड़हरिया की ओर जा रहा है। एसपी पुरन कुमार झा के निर्देश पर एसडीपीओ अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

### ठाकुरगंज में हिंदू मिलन मंदिर के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन

**किशनगंज।** जिले के ठाकुरगंज स्थित आश्रमपाड़ा में हिंदू मिलन मंदिर के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन भव्य समारोह के बीच किया गया। भारत सेवाश्रम संघ के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में पद्मश्री स्वामी प्रदीप्तानंद जी महाराज ने विधिवत फीता काटकर मंदिर का उद्घाटन किया। उद्घाटन अवसर पर जदयू विधायक गोपाल कुमार अग्रवाल, नगर पंचायत ठाकुरगंज के अध्यक्ष कृष्ण सिंह पटेल एवं भाजपा जिला प्रवक्ता कौशल किशोर यादव सहित कई जनप्रतिनिधि, गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। अपने संबोधन में स्वामी प्रदीप्तानंद जी महाराज ने कहा कि मंदिर निर्माण केवल एक भवन का निर्माण नहीं, बल्कि समाज में प्रेम, भाईचारा और सेवा भावना को सुदृढ़ करने का माध्यम है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063